24 अप्रैल, 2025
वैशाख, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 184

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


पहलगाम आतंक की मानसिकता झारखंड में भी मौजूद : बाबूलाल




## पहलगाम हमले का जवाब : भारत का पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक स्ट्राइक

# सिंधु जल संधि रोकी, अटारी सीमा बंद, पाक नागरिकों का वीजा रद्द, राजनयिकों को भारत छोड़ने का आदेश

- प्रधानमंत्री आवास पर सीसीएस की हुई बैठक, राजनाथ सिंह, अमित शाह समेत अन्य लोग हुए शामिल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाया है। भारत ने तत्काल प्रभाव से पाकिस्तान के साथ हुए सिंधु जल समझौता पर रोक लगा दी है। यह जानकारी सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी (सीसीएस) की बैठक के बाद विदेश मंत्रालय के सचिव विक्रम मिस्री ने दी। उन्होंने कहा कि बैठक में हमले की निंदा की गयी और कई अहम फैसले लिये गये।

बताते चलें कि दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री आवास पर सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी (सीसीएस) की बुधवार को बैठक हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल सहित कई शीर्ष अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में पहलगाम हमले को लेकर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक बैठक में आतंकी हमले के पीछे की साजिश, सुरक्षात्मक उपाय और आगे की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक लगभग ढाई घंटे चली।

बैठक के बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि सीसीएस ने कड़े शब्दों में हमले की आलोचना की है। दुनिया के कई देशों ने समर्थन जताया है और कड़े शब्दों में हमले की निंदा की है। बैठक में कई फैसले लिये गये हैं। पाकिस्तानियों का वीजा रद्द किया गया है। उधर, सरकार ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलायी है।

## सीसीएस की बैठक में लिये गये पांच फैसले

- 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित रखा जायेगा, जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता।
- एकीकृत चेक पोस्ट अटारी को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया जायेगा। जो लोग वैध तरीके के साथ सीमा पार कर चुके हैं, वे 1 मई 2025 से पहले उस मार्ग से वापस जा सकते हैं।
- पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा छूट योजना के तहत भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। पाकिस्तानी नागरिकों को अतीत में जारी किये गये किसी भी एसपीइएस वीजा को रद्द माना जायेगा। एसपीइएस वीजा के तहत वर्तमान में भारत में मौजूद किसी भी पाकिस्तानी नागरिक के पास भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे हैं।
- नयी दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सलाहकारों को अवांछित व्यक्ति घोषित किया जाता है। उनके पास भारत छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय है।
- भारत इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग से अपने रक्षा, नौसेना और वायु सलाहकारों को वापस बुलायेगा। संबंधित उच्चायोगों में ये पद निरस्त माने जायेंगे।

## पहलगाम हमले के दोषियों की पहचान, दो स्थानीय और तीन पाकिस्तानी आतंकी थे शामिल

**पहलगाम।** पहलगाम के आतंकी हमले में मंगलवार को 28 पर्यटकों की जान गयी है। इसके बाद सुरक्षा और इंटेलिजेंस एजेंसियों ने हमले के संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किये हैं। इनके नाम आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबु तल्हा बताये गये हैं। इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया कि हमले का मास्टर माइंड लश्कर-ए तैयबा का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह खालिद है, जो पाकिस्तान में मौजूद है। इधर, नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआइए) भी जांच के लिए पहलगाम पहुंच गयी है। शुरुआती जांच में पता चला है कि हमले में पांच आतंकी शामिल थे। इनमें से दो स्थानीय और तीन पाकिस्तानी आतंकी थे। पुलिस ने पूछताछ के लिए कई लोगों को हिरासत में लिया है। हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के प्रॉक्सी विंग द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है।

बताते चलें कि पहलगाम में मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी हमले में 28 लोगों की मौत हो गयी। 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। हमला उस वक्त किया गया, जब बैसरन घाटी में बड़ी तादाद में पर्यटक मौजूद थे। मृतकों में उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और ओड़िशा के पर्यटक हैं।

**लश्कर का सैफुल्लाह मास्टर माइंड:** इंटेलिजेंस सूत्रों के मुताबिक पहलगाम हमले का मास्टर माइंड सैफुल्लाह खालिद है। वह पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) से ऑपरेट करता है। उसका लोकेशन रावलकोट बताया गया है। सैफुल्लाह ने एक महीने पहले हमले की चेतावनी भी दी थी। सैफुल्लाह ने कहा था कि कश्मीर का मसला ठंडा नहीं होने देना है।

**हमले के विरोध में जम्मू-कश्मीर बंद :** कश्मीर घाटी में 35 साल में पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बुधवार को बंद रहा। पहलगाम पर्यटन स्थल में हुई हत्याओं के विरोध में बंद के आह्वान का सभी क्षेत्रों के संगठनों ने समर्थन किया। घाटी में सुरक्षा बढ़ा दी गयी है, खासकर महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों पर कड़ी सुरक्षा की गयी है। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर में अधिकांश दुकानें, पेट्रोल पंप और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे।

### हमलावरों को बख्शा नहीं जायेगा: पीएम

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके कहा कि पहलगाम के हमलावरों को बख्शा नहीं जायेगा। पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हो जायें। उन्होंने कहा कि इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जायेगा। उन्हें बख्शा नहीं जायेगा! उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा।


FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा पहलगाम आतंकी हमले का मामला

**पर्यटकों की सुरक्षा की मांग को लेकर पीआइएल दाखिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट में पर्यटकों की सुरक्षा की मांग को लेकर जनहित याचिका (पीआइएल) दायर की गयी है। याचिका में कहा गया है कि गृह मंत्रालय और राज्यों को पहाड़ी स्थानों पर आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सशस्त्र बल की तैनाती के निर्देश दिये जायें।



पहलगाम की घटना के बाद पहाड़ी इलाकों में पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। अधिवक्ता विशाल तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। याचिका में केंद्रीय गृह मंत्रालय और राज्यों को पहाड़ी राज्यों और दूरदराज के स्थानों पर आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा उपाय करने और उन स्थानों पर सशस्त्र बल तैनात करने के निर्देश देने की मांग की गयी है, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। याचिका में पर्यटन स्थलों, विशेषकर दूरदराज के पहाड़ी और घाटी क्षेत्रों में उचित चिकित्सा सुविधाएं स्थापित करने के निर्देश देने की भी मांग की गयी है, ताकि आपातकालीन स्थिति में तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध करायी जा सके। याचिका में कहा गया कि पहलगाम हमले में किसी भी तरह की सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गयी है, जबकि यह एक संवेदनशील क्षेत्र है।

## भारत आतंकवाद के आगे नहीं झुकेगा : अमित शाह





**शाह ने घटना स्थल का जायजा लिया, परिजनों से मिले**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पहलगाम।** गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार शाम श्रीनगर पहुंचे। उन्होंने बुधवार को घटना स्थल का जायजा लिया, मृतकों को परिजनों से मिले और उन्हें ढाढ़स बंधाया। उन्होंने उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की और घटना की विस्तार से जानकारी ली। इस मौके पर शाह ने कहा कि देश आतंकवाद के आगे घुटने नहीं टेकेगा और जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों की हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जायेगा।

आतंकवादी हमले में मारे गये लोगों के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित करने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि भारी मन से, पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत आतंकवाद के आगे नहीं झुकेगा। इस नृशंस आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा।

## पहलगाम में आतंकी हमले के बाद मनायी खुशी!

### लिखा, थैंक्यू पाकिस्तान, बोकारो से युवक गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 28 लोगों की मौत की घटना के बाद बोकारो के बालीडीह के मिल्लत नगर के रहने वाला मोहम्मद नौशाद ने थैंक्यू पाकिस्तान लिखकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। जिस पर बोकारो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार मोहम्मद नौशाद के पिता का नाम मोहम्मद मुश्ताक है और वह मिल्लत नगर का रहने वाला है। फिलहाल बोकारो पुलिस गिरफ्तार मोहम्मद नौशाद से पूछताछ कर रही है।

इस संबंध में सिटी डीएसपी सह जिला पुलिस के प्रवक्ता आलोक रंजन ने बताया कि सोशल मीडिया पर इस तरह के पोस्ट की शिकायत मिली थी। इसके बाद एक युवक को इस मामले में पकड़कर कर पूछताछ की गयी है। उसके बाद उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस उसके सोशल मीडिया के अकाउंट खंगाल रही है। वहीं, उसके बारे में पूरी जानकारी निकाली जा रही है।

**उर्दू में किया था पोस्ट:** मोहम्मद नौशाद ने सोशल मीडिया पर उर्दू में लिखा, 'शुक्रिया पाकिस्तान, शुक्रिया लश्कर-ए-तैयबा, अल्लाह तुम्हें हमेशा खुश रखे, आमीन, आमीन। हमें ज्यादा खुशी होगी अगर आरएसएस, भाजपा, बजरंग दल और मीडिया को निशाना बनाया जाये।' इसके साथ उसने तीन स्माइली इमोजी के साथ अपनी खुशी भी जाहिर की। उसने इसके बाद भी कई ट्वीट किये, जिनमें काफी आपत्तिजनक और भड़काऊ बातें लिखी हैं।

**कौन है मोहम्मद नौशाद? :** 35 वर्षीय आरोपी मोहम्मद नौशाद ने बिहार के मदरसे में कुरान की तालीम लेकर डिग्री हासिल की है। वर्तमान में पिता के साथ बोकारो में रह रहा है। उसका एक भाई दुबई में है, जिसके नाम से आवंटित सिम कार्ड का इस्तेमाल करके नौशाद ने इंस्ट्राग्राम, एक्स (पहले ट्विटर) और फेसबुक चलाता है। मंगलवार को आतंकी हमले में मारे गये लोगों के गम में पूरा देश गम में डूबा था, जबकि मोहम्मद नौशाद रात को आतंकियों को बधाई दे रहा था।

**पूर्व विधायक ने शिकायत की थी :** नौशाद के ट्वीट के बाद लोग लगातार झारखंड पुलिस को टैग करके सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे। बोकारो से पूर्व विधायक विरंची नारायण ने बोकारो एसपी मनोज स्वर्गियारी से बातकर इस पोस्ट की जानकारी दी। एसपी ने इसके लिए टेक्निकल टीम को निर्देश दिया। उसके बाद मोहम्मद नौशाद को गिरफ्तार कर लिया गया।

## सीएम और झारखंड के प्रतिनिधि मंडल के सम्मान में बार्सिलोना में रात्रिभोज



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बार्सिलोना स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड के उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन किया। इसमें स्पेन और कैटालोनिया सरकार के अधिकारी शामिल हुए। आयोजन में स्पेन में भारत के राजदूत डीके पटनायक भी शामिल हुए। रात्रिभोज के दौरान कैटालोनिया और झारखंड प्रदेश के बीच आपसी हितों और सहयोग के क्षेत्र के बार में विचार विमर्श किया गया। इस दौरान शहरी विकास, पर्यटन, कौशल विकास, कृषि और दूसरे मुद्दों पर सहयोग के बारे में बातचीत हुई। सीएम हेमंत सोरेन ने आयोजन के दौरान स्पेन और कैटालोनिया के प्रमुख लोगों को झारखंड के पारंपरिक उपहार दिये।


BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
Admission Open 2025-26
Approved by BCI
LL.B. (3 Years) | B.A. LL.B. (Honors) (5 Years) | B.B.A. LL.B. (Honors) (5 Years)
Special Fetures - Traditional and e-Library | Highly Qualified Faulty | Legal Research Cell | Separate Hostels for Boys & Girls | 23-Year of Academic Excellence | Practical court craft & moot courts | 100 + Acre Green Campus
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
BCA | MCA | BBA | MBA
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY) Regular & Lateral
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE Regular & Lateral
Others Job Oriented Courses
MERIT BASED SCHOLARSHIP UP TO 30% ON TUITION FEE
B.D.S | B.H.M.S | B.Sc Nursing | GNM | ANM
B.Sc. (Medical) | B.Sc (MLT) | M.Sc. (MLT)
B.Ed. | D.El.Ed | M.D | M.D.S. | M.Sc. (Medical)
PARAMEDICAL | B.A. | B.Sc. | B.Com. | M.A.
M.Sc. | M.Com. | B.Sc. (Agriculture) | B.Pharm
D.Pharm | B.Lib(I.Sc.) | M.Lib(I.Sc.) | ITI
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
For More Details Visit : bdsu.ac.in email : bdsugarhwa@gmail.com

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 24 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in



# एक पैटर्न के तहत हिंदुओं को टारगेट किया जा रहा, पहले बंगाल फिर पहलगाम

- नकली आभामंडल ने चीखकर कह दिया, कश्मीर हिंदुओं के लिए सुरक्षित नहीं
- पहलगाम में इस्लामिक आतंकवादियों ने धर्म पूछ हिंदुओं के सिर में मारी गोली
- पैंट खुलवाकर चेक कर रहे थे प्राइवेट पार्ट, बोले, कलमा पढ़ो, नहीं पढ़ सके तो उड़ा दिया
- पत्नियों को कहा, जाकर मोदी को बोल दो, हमने तुम्हारे पतियों को मार दिया
- पूरी तरह फेल रहा भारत सरकार का तंत्र, बिना सुरक्षा कैसे भारी मात्रा में पर्यटकों को एक स्थान पर जाने दिया
- एलओसी से 400 किलोमीटर दूर कैसे जंगलों के रास्ते अंदर घुस आये आतंकवादी, किसने की मदद
- बिना स्थानीय लोगों की मदद से यह हमला संभव नहीं, कौन दे रहा था पनाह
- कड़ी निंदा नहीं आतंकवादियों और उनके आकाओं को करारा जवाब देने का वक्त आ गया है

**आजाद सिपाही विशेष**

धरती का स्वर्ग कहे जानेवाले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में इस्लामी आतंकियों ने बर्बर नरसंहार को अंजाम दिया है। सीमा पार से समर्थन पा रहे इन आतंकियों ने छुट्टियां मनाने पहलगाम आये 28 पर्यटकों को गोलियों से उड़ा दिया। पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर हमले के बाद यह दूसरा सबसे बड़ा हमला है और इसने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि चाहे जम्मू-कश्मीर हो या बंगाल या फिर कोई अन्य राज्य, एक पैटर्न के तहत हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। पहलगाम हमले ने यह भी साबित किया है कि तमाम दावों के बावजूद जम्मू-कश्मीर हिंदुओं के लिए अब भी महफूज नहीं है और वहां पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद अपनी उपस्थिति बार-बार दर्ज करवा रहा है। पहलगाम की घटना ने भारत की आतंकवाद विरोधी नीति की असलियत सामने ला दी है और खुफिया तंत्र की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। कुल मिला कर यह हमला भारत की एकता, उसकी प्रतिष्ठा और उसकी मजबूती पर किया गया वार है, जिसका जवाब दिया जाना बहुत जरूरी है। इसके साथ अब भारत को आतंकवाद विरोधी अपनी नीतियों पर भी दोबारा विचार करना होगा, ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। पहलगाम नरसंहार कांड की पृष्ठभूमि में जम्मू कश्मीर की स्थिति, सरकार की नीतियों की कमजोरियां और आतंकवाद के बढ़ते हौसले को उजागर कर रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार दोपहर इस्लामिक आतंकवादियों द्वारा 28 पर्यटकों की गोली मार हत्या कर दी गयी। वहीं 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। कइयों की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है। लेकिन यहां समझने वाली बात यह है कि यह हमला उस वक्त किया गया, जब बैसरन घाटी में बड़ी तादाद में पर्यटक मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शियों के हिसाब से वहां पर दो हजार से अधिक पर्यटक मौजूद थे। जम्मू-कश्मीर में यह आतंकी हमला तब हुआ है, जब अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस भारत के दौरे पर हैं। यह हमला उस वक्त भी हुआ, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब के दो दिवसीय दौरे पर थे। यह हमला ऐसे समय में हुआ, जब केंद्र सरकार राज्य में आतंकवाद के खात्मा का दावा कर रही थी। बीते वर्षों में लगातार यह कहा जाता रहा कि आतंकियों की संख्या घट गयी है, स्थानीय युवाओं की भर्ती में भारी गिरावट आयी है और आतंकी नेटवर्क लगभग समाप्ति की ओर है। लेकिन जम्मू-कश्मीर के सुंदरतम पर्यटन स्थलों में से एक पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया कि केंद्र सरकार द्वारा घाटी में शांति और सामान्य स्थिति लौटने के दावों में अब भी गहरे सुराख हैं। अमरनाथ यात्रा की तैयारियों के बीच घाटी में पर्यटकों की आमद तेज हो रही थी और प्रशासन इसे 'नया कश्मीर' के रूप में प्रस्तुत कर रहा था, तभी इस आतंकी हमले ने वहां की सच्चाई उजागर कर दी। पहलगाम में हिंदुओं पर हमला न केवल खौफनाक था, बल्कि सुरक्षा तंत्र की कमजोर परतों को भी उजागर करता है। इस आतंकी हमले ने कई सवालों को खड़ा किया है। एक कैसे बिना सुरक्षा के हजारों पर्यटकों को पहलगाम के उस पर्यटन क्षेत्र में जाने दिया गया। आखिर यह चूक कैसे हुई। कोई एक ही दिन इतनी संख्या में तो पर्यटक नहीं आये। रोज ही आते होंगे। जब पता था कि जिस इलाके में पर्यटक इतनी भारी संख्या में आ रहे हैं, तो सुरक्षा व्यवस्था कौन करेगा। क्या वहां पर सेना की कमी है। अगर कमी है तो क्यों कमी है। ऐसे कई सवाल खड़े किये जा रहे, जिसका जवाब शायद नहीं मिलेगा। लेकिन अब घटना तो हो चुकी है। मोदी सरकार भी एक्टिव हो गयी है। वह क्या कदम उठाती है, इसका इंतजार तो पूरा देश कर रहा है। भारत मोदी के साथ है। उनकी क्षमता पर किसी को शक भी नहीं होना चाहिए। लेकिन क्या मोदी सरकार कश्मीर को लेकर दुबारा हिंदुओं का भरोसा जीत पायेगी। मुश्किल है। वैसे मुर्शिदाबाद में भी हिंदुओं को टारगेट किया गया था। सैकड़ों हिंदुओं को पलायन तक करना पड़ा था, लेकिन वहां भी केंद्र सरकार की चुप्पी ही रही। नरेंद्र मोदी को बताना पड़ेगा कि भारत कमजोर नहीं। भारत जवाब देना जनता है। इस बार कड़ी निंदा नहीं आतंकवादियों और उनके आकाओं को करारा जवाब देने का वक्त आ गया है।


## सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे

जहां हमला हुआ, वहां पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। आतंकियों ने इसी का फायदा उठाया। वे सैन्य वर्दी में आये और पर्यटकों से परिचय-पत्र मांगना शुरू कर दिया। उनका नाम पूछा गया। इसके बाद जो भी पर्यटक हिंदू थे, उन्हें आतंकियों ने गोलियां मारनी शुरू कर दीं। यहां तक कि लोगों के पैंट उतारकर देखे और प्राइवेट पार्ट चेक करके गोली मार दी। कइयों को कलमा पढ़ने को कहा। जिसने नहीं पढ़ा उसे भी मारा। आतंकवादियों ने हनीमून मनाने गये कई जोड़ों से पहले युवक का नाम पूछा। इसके बाद उन्हें गोली मार दी। आतंकवादियों ने यहां तक कहा कि जाओ मोदी को बोल दो, हमने तुम्हारे पतियों को मार दिया। हमले की सूचना मिलने और मौके पर पहुंचने में सुरक्षा बलों को 30 मिनट का समय लगा। आतंकी इस दौरान पहाड़ियों की तरफ भाग गये। इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के विंग द रेजिस्टेंस फ्रंट यानी टीआरएफ ने ली है। मरने वालों में एक इटली और एक इजराइल का पर्यटक भी है, जबकि दो स्थानीय नागरिक शामिल हैं। बाकी पर्यटक उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और ओड़िशा के हैं।














## कोई हनीमून, तो कोई सालगिरह मनाने पहलगाम पहुंचा था

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने हरियाणा के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल और कानपुर के शुभम को पत्नी के सामने गोली मार दी। दोनों की हाल ही में शादी हुई थी। वे हनीमून और घूमने के लिए पहलगाम आये थे। हमले में इंदौर के कारोबारी सुशील नथानियल, रायपुर के स्टील कारोबारी दिनेश मिरानिया, बिहार के आइबी अफसर मनीष रंजन और गुजरात के भी तीन लोग मारे गये। दिनेश अपनी सालगिरह मनाने गये थे।

## लेफ्टिनेंट की हत्या, पत्नी बोली आतंकियों ने नाम पूछकर गोली मारी, सात दिन पहले शादी हुई थी

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने हरियाणा में करनाल के रहने वाले नौसेना लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की गोली मारकर हत्या कर दी। लेफ्टिनेंट विनय की सात दिन पहले ही गुरुग्राम की हिमांशी नरवाल से शादी हुई थी। वे दोनों 21 अप्रैल को हनीमून मनाने के लिए पहलगाम गये थे। अगले ही दिन, 22 अप्रैल को विनय की हत्या कर दी गयी। हिमांशी ने ही खुलासा किया था कि आतंकियों ने नाम पूछकर गोली मारी। हिमांशी का वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें हिमांशी ने कहा था कि मैं अपने पति के साथ भेलपुरी खा रही थी। एक आदमी आया और कहा ये मुस्लिम नहीं है, फिर गोली मार दी। हिमांशी ने आगे कहा था कि मंगलवार को जब वे बैसरन घाटी में घूम रहे थे, उसी दौरान आतंकियों ने विनय पर फायरिंग कर दी, जिसमें उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। हमले में मारे गये लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को उनकी पत्नी हिमांशी ने बुधवार को अंतिम विदाई दी। जिस ताबूत में उनका शव रखा था, हिमांशी उससे लिपटकर रोती रहीं।

## जवानों को देख महिलाएं और बच्चे हाथ जोड़कर रोने लगे

पहलगाम हमले के बाद जब भारतीय सेना के जवान बैसरन घाटी पहुंचे, तो वहां मौजूद पर्यटकों ने उन्हें आतंकवादी समझ लिया। ऐसा इसलिए, क्योंकि जिन आतंकवादियों ने फायरिंग की, वो भी वर्दी में थे। जवानों को देख महिलाएं और बच्चे हाथ जोड़ कर रोने लगे। इसके बाद जवानों ने कहा कि हम इंडियन आर्मी से हैं। उन्होंने पर्यटकों को सुरक्षा का भरोसा दिया। इस घटना का वीडियो सामने आया है।

## सवालों के घेरे में सुरक्षा व्यवस्था

सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों की इतनी मौजूदगी के बावजूद हमले की पूर्व सूचना का न मिलना, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान न कर पाना और हमलावरों का आसानी से भाग निकलना यह दर्शाता है कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था अब भी सतही सफलता से ऊपर नहीं उठ सकी है। जब सरकार यह कहती है कि आतंकवाद अपने अंतिम दौर में है, तो क्या इसका मतलब यह है कि हम पहले से अधिक ढिलाई बरतने लगे हैं? क्या यह आत्ममुग्धता नहीं है कि हम केवल आंकड़ों और बयानों के सहारे अपनी पीठ थपथपा रहे हैं, जबकि जमीन पर आतंक अब भी जिंदा है।

## आतंकी हमले के बाद ही सक्रिय होते हैं

हमारी सबसे बड़ी विफलता यही है कि हम हर आतंकी हमले के बाद ही सक्रिय होते हैं। पहले हम चुप रहते हैं, फिर हमला होता है, उसके बाद मुठभेड़, समीक्षा बैठकें, हाइलेवल इंटेलिजेंस रिपोर्ट्स और फिर वही ढर्रा। अगर हम इन घटनाओं को केवल एक्सेप्शन मानकर चलते रहेंगे, तो फिर यह एक्सेप्शन ही नया नॉर्म बन जायेगा। सुरक्षा को केवल सेना और पुलिस की जिम्मेदारी मान लेना भी एक बड़ी भूल है। इसके लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा, जिसमें खुफिया प्रणाली की जवाबदेही, स्थानीय नागरिकों की भागीदारी, राजनीतिक संवाद और डिजिटल निगरानी तंत्र की मजबूती शामिल हो।

## राजनीतिक दल अपनी-अपनी सुविधा के हिसाब से हिंदुओं को बांट देते हैं

जब चुनाव आता है, तो राजनीतिक दल अपनी-अपनी सुविधा के हिसाब से हिंदुओं को बांट देते हैं। कोई जाति में बांटता है, कोई भाषा के नाम पर बांटता है, तो कोई हिंदुत्व का मुद्दा उठा धर्म के नाम पर वोट झपटने की कोशिश करता है।

लेकिन जब आतंकवादी गोली मारता है, तो वह न जाति पूछता है, न भाषा जानने की कोशिश करता है, बस नाम पूछता है, धर्म पूछता है, पैंट खोल प्राइवेट पार्ट चेक कर गोली मार देता है। तब यही राजनीतिक दलों में चुप्पी दिखायी पड़ती है, यानी बांटने तो सब आ जाते हैं, लेकिन जब हिंदू अस्तित्व की बात होती है, तो सभी पीठ दिखा देते हैं। हिंदू जब तक राजनीतिक दलों पर निर्भर रहेगा, उसका शोषण होता रहेगा। अगर समाज में निर्भीक तरीके से रहना है, तो एकजुट रहिये। किसी के झांसे में मत आइये। नहीं तो गोली मारते वक्त सिर्फ धर्म पूछा जा रहा है, जाति नहीं।

## टूरिस्ट नहीं लौटे तो बर्बाद हो जायेंगे

जम्मू-कश्मीर में सैकड़ों आतंकी हमले हुए, लेकिन टूरिस्ट कभी टारगेट नहीं रहे। इसकी वजह थी कि कश्मीर घूमने आने वालों से ही कश्मीरियों के घर चलते हैं। और आतंकी भी ये बात जानते हैं।

टूरिस्ट अब कश्मीर छोड़ रहे हैं। बुकिंग कैंसिल करवा रहे हैं। टूरिज्म इंडस्ट्री से जुड़े लोग यही सोच रहे हैं कि मुश्किल से पटरी पर आ रहा उनका कारोबार इस झटके से कैसे उबरेगा। हालांकि उनका कहना था कि हमें पता था ऐसी घटना के बाद यह होगा। आतंकियों की हरकत से हमें भी शर्मिंदगी हो रही है। लेकिन यहां सवाल यह उठता है कि क्या अब भरोसा किया जा सकता है। बिना स्थानीय मदद के आतंकी पैर पसार नहीं सकता। भारत सरकार की जम्मू-कश्मीर को लेकर कई ऐसी नीतियां हैं जिसमें परिवर्तन की आवश्यकता है। कुछ ठोस कदम उठाने ही पड़ेंगे। जनता को भी समझना पड़ेगा कि जान देकर पर्यटन तो नहीं ही किया जा सकता।

## अमित शाह भावुक

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गये 26 लोगों के परिजनों और हमले में बचे लोगों से मुलाकात की। इस दौरान वे भावुक नजर आये। इसके साथ ही उन्होंने आतंकियों को चेतावनी भी दी।

उन्होंने कहा कि भारत आतंक के आगे नहीं झुकेगा। भारी मन से पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। इस नृशंस आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 38.8 °C | 23.8 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.13 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.21 बजे |



# पहलगाम आतंक की मानसिकता झारखंड में भी मौजूद : बाबूलाल

**बाबूलाल मरांडी बोले- भाजपा दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ**

**सरकारी खुफिया विभाग की विफलता से किया इनकार**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को पहलगाम में घटी आतंकवादी घटना में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि झारखंड भाजपा इस दुख की बेला में उनके साथ खड़ी है। मरांडी ने कहा कि इस घटना के खिलाफ भाजपा के कार्यकर्ता आंदोलन करेंगे। प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मरांडी ने कहा कि ये पहली आतंकवादी घटना है, जिसमें आतंकवादियों ने धर्म पूछकर, कपड़े उतरवा कर और कलमा पढ़ने के लिए मजबूर कर निर्दोष और निहत्थे लोगों की हत्या की है। मोदी सरकार में ऐसे आतंकवादी छोड़े नहीं जायेंगे। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज झारखंड में भी ऐसी मानसिकता के लोग मौजूद हैं। झारखंड सरकार में शामिल मंत्री ही संविधान से ऊपर शरिया को मानते हैं। मरांडी ने कहा कि मुसलमान कब्र में नहीं है, सब्र कर रहा है। सड़क पर उतरेगा तो मार-काट होगी, ऐसी भाषा बोलने वाले लोग सत्ता में हैं। उन्होंने कहा कि इनके पास हथियार नहीं है, इसलिए बयानों से वार कर रहे, लेकिन मानसिकता में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर मुद्दों की लड़ाई लड़नी है, तो लोकतंत्र में कई रास्ते हैं, लेकिन हिंसा की भाषा लोकतंत्र में स्वीकार्य नहीं। ऐसी मानसिकता जो संविधान से ऊपर शरिया को माने, उसे तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस घटना में शामिल आतंकवादी क्षमा करने के लायक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ा षड्यंत्र है, ताकि देश में अस्थिरता का माहौल पैदा हो। उन्होंने कहा कि ऐसी मानसिकता रखने वाले लोगों को सरकार सजा तो देगी, लेकिन उन्हें प्रश्रय देनेवाले पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग संविधान को नहीं मानते और इस तरह की घटना को अंजाम देते हैं। बाबूलाल मरांडी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी घटना में सरकारी खुफिया विभाग की विफलता से इनकार करते हुए कहा कि झारखंड में भी लोग घूमने के लिए आते हैं, ऐसे में हर एक व्यक्ति और ग्रुप के साथ पुलिस लगाना संभव नहीं है। इस तरह के तत्व कहीं भी गोली चला सकते हैं, इसलिए ऐसी मानसिकता वाले लोगों को चिह्नित कर बड़ी कार्रवाई करने की आवश्यकता है। इस मौके पर प्रवक्ता रमाकांत महतो, विजय चौरसिया, मिसफिका हसन और योगेंद्र प्रताप सिंह मौजूद थे।

पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में भाजपा ने निकाला मशाल जुलूस

# यह मासूम नागरिकों पर नहीं, भारत की आत्मा पर हमला है : भाजपा

**केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की मांग की**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 पर्यटकों की निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य वारदात के विरोध में भारतीय जनता पार्टी, बर्फानी ग्रुप, राष्ट्रीय युवा शक्ति और कई सामाजिक संगठनों ने बुधवार को रांची में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही विरोध में मशाल जुलूस निकाला।

जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से शुरू हुआ यह मशाल जुलूस कचहरी चौक होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक पर समाप्त हुआ। प्रदर्शनकारियों के हाथों में जलती हुई मशालें थीं और देशद्रोहियों के खिलाफ नारे गूंज रहे थे। पूरे माहौल में गुस्सा और आक्रोश साफ झलक रहा था।

प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक एवं कठोर कार्रवाई की मांग की।

इस विरोध कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, हटिया विधायक नवीन जयसवाल और राज्य मंत्री संजय सेठ समेत कई वरिष्ठ भाजपा नेता शामिल हुए। नेताओं ने कहा कि यह हमला केवल मासूम नागरिकों पर नहीं, बल्कि भारत की आत्मा पर हमला है और ऐसी घटनाएं अब देश किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगा। कार्यकताओं ने कहा कि अब समय आ गया है, जब देश के भीतर और बाहर मौजूद आतंकी ताकतों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में निर्दोष पर्यटकों की हत्या ने पूरे देश को आक्रोशित और एकजुट कर दिया है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** – आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **वृष** – समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** – आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** – काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** – कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** – बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** – कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** – चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** – आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड़यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** – नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** – रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** – किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

2029 तक प्रतिदिन 10 लाख लीटर दुग्ध उत्पादन के लक्ष्य को हासिल करें

# रीजनल सोसाइटी का गठन और इको सिस्टम मजबूत करना जरूरी : शिल्पी नेहा तिर्की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के मुताबिक राज्य सरकार लगातार किसान हित में हर जरूरी कदम उठा रही है। अब चूंकि एनडीडीबी का झारखंड की डेयरी के साथ 2029 तक ही समझौता बना रहना है। इसके बाद वह कहीं भी हमारे बीच नहीं रहेगा। ऐसे में आगे चुनौती किसानों और सरकार के लिए बढ़ने वाली है। यह देखने वाली बात होगी कि क्या एनडीडीबी के जाने के बाद हम सब मिलकर अभी की स्थिति या इससे बेहतर स्थिति रख पायेंगे या नहीं। होटवार में मेधा डेयरी परिसर में बुधवार को आयोजित रीजनल मिल्क यूनियन के गठन हेतु जागरूकता एवं क्षमता उन्नयन कार्यशाला को संबोधित करते शिल्पी ने कहा कि गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र जैसे राज्य तो इस मामले में अच्छा कर रहे हैं। गुजरात का आणंद का अमूल मॉडल तो उदाहरण है। उसका 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक का टर्न ओवर है। यहां के किसान मेहनती और अच्छे बुरे का फर्क समझते हैं, उन्हें बस सही राह दिखाने की जरूरत है। किसानों के हित के लिए हर साल सरकार लगातार निवेश कर रही। मिल्क प्लांट लगाने के अलावा आधारभूत संरचना तैयार की जा रही। अब आप सबों के सहयोग से रीजनल सोसाइटी का गठन होगा। इसके लिए सरकार झारखंड मिल्क फेडरेशन के साथ काम कर रही है। आप सब पशुपालकों, किसान के बीच से जवाबदेह लोग भी इसके लिए आगे आयें। किसान कैसे सशक्त हो, यह देखा जाये। एक इको सिस्टम भी मजबूत करना होगा। झारखंड जैसे पिछड़े राज्य में यहां की सरकार प्रति लीटर दूध पर 5/- बोनस दे रही है। इससे बिचौलिए की भूमिका कमजोर हुई है और किसान मजबूत। पहले 40,000 लीटर प्रतिदिन दूध का उत्पादन था जो 2 लाख लीटर हो गया है। 2029 तक इसे 10 लाख लीटर तक ले जाना है। मौके पर मंत्री ने तीन सहकारी समितियों को उल्लेखनीय प्रयास के लिए पुरस्कृत भी किया। मौके पर विधायक सुरेश बैठा, एनडीडीबी की अनंदिता वैद्य, पशुपालन विभाग के सचिव अबु बक्कर सिद्दीक, पशुपालन (डेयरी, झारखंड) विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ मनोज कुमार तिवारी, सहकारिता विभाग के डिप्टी रजिस्ट्रार राकेश कुमार सिंह, मेधा डेयरी के प्रबंध निदेशक जयदेव विश्वास और महाप्रबंधक पीके मारवाह भी उपस्थित थे।

### हरियाणा के किसानों की अनदेखीः सुरेश

सुरेश बैठा ने मौके पर कहा कि केंद्र सरकार हरियाणा, पंजाब के किसानों को कृषि कानून के जरिए दबाती रही है। यहां सरकार और विभागीय मंत्री लगातार किसानों को मजबूत कर रहे हैं। राहुल गांधी किसान, मजदूरों के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं, इसे भी आप सबों को जानने की जरूरत है। पशुपालन सचिव ने हर परिवार से गोपालन और सहकारिता से जुड़ने की अपील की।

पहलगाम आतंकी हमले की स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने की भर्त्सना

# पाकिस्तान पर एक्शन लें पीएम मोदी : इरफान अंसारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले की निंदा करते हुए बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप, विधायक सुरेश बैठा ने संवाददाता सम्मेलन कर पहलगाम की घटना को दिल दहला देने वाली घटना बताते हुए कहा कि यह इंसानियत को शर्मसार करने वाली है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि जब-जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश की यात्रा पर जाते हैं, तब-तब ऐसी वारदातें देश में घटती हैं। उन्होंने कहा कि पूरी कांग्रेस पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कठोर कार्रवाई की मांग करती है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह घटना क्यों घटी, मोदी जी क्या कर रहे थे, 56 इंच का सीना क्या कर रहा था। उन्होंने कहा कि जिसने भी इस घटना को अंजाम दिया उसको सबक सिखाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे आयें, कांग्रेस आपके साथ है।

### सभी पार्टियों से करें विचार-विमर्श

डॉ इरफान अंसारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की कि सभी पार्टियों के नेताओं को एक मंच पर लाइये, राहुल गांधी से विचार विमर्श कीजिये, राय लीजिये और एक्शन लिजिये पाकिस्तान पर। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की जान गयी है। जिसकी शहादत हुई है, उनकी शहादत बेकार नहीं जायेगी।

### आतंकी की कोई जाति, धर्म नहीं होता : इरफान अंसारी

कांग्रेस नेता और स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि अपराधी और आतंकी का कोई जाति धर्म नहीं होता। जब गोलियां चलती हैं तो वह किसी की धर्म या जाति नहीं देखतीं। उन्होंने पूरी घटना को गृह मंत्रालय का फेल्योर भी करार दिया।

# सभी जिलों को 7 मई तक योजना मद की राशि आवंटित करें : राधाकृष्ण किशोर

वाणिज्य कर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य 26 हजार करोड़ के विरुद्ध 22292.25 करोड़ का किया राजस्व संग्रह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** वित्त सह वाणिज्य कर मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य में बेहतर शिक्षा और रोजगार के अवसरों के लिए कुशल प्रबंधन की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों के चलते राजस्व संग्रहण प्रभावित हुआ, फिर भी प्रयास संतोषजनक रहे हैं। मंत्री ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में 1,06,999.57 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें से 92,189.10 करोड़ रुपये की वसूली हुई, जो कि 86.16% है। वहीं, गैर-कर प्राप्तियों सहित कुल 1,03,469.82 करोड़ रुपये यानी बजट एस्टीमेट का 80.27% प्राप्त हुए हैं। वह बुधवार को सूचना भवन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। वित्त मंत्री के साथ वाणिज्य विभाग के सचिव अमिताव कौशल और वाणिज्य कर आयुक्त अमीत कुमार भी मौजूद थे।

वित्त मंत्री ने कहा कि एफआरबीएम अधिनियम के तहत वर्ष 2025-26 में सभी विभागों को तीन महीने में एक बार राजस्व संग्रहण की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है, और वे स्वयं छह महीने में एक बार इसकी समीक्षा करेंगे। राज्य के सभी प्रमंडलों का दौरा कर अधिकारियों को निर्देश दिये जायेंगे, वहीं जो प्रमंडल पीछे होंगे, उन्हें विशेष निर्देश और सहायता दी जायेगी। पीएल अकाउंट में राशि का विवरण सभी विभागों से मंगवाया गया है। पीएल अकाउंट में राशि जो 2010 से पार्क की गयी है वह गलत है। इसपर हम पूरी संवेदनशीलता के साथ समीक्षा कर रहे हैं

श्री किशोर ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना की राशि सरकार द्वारा सुनिश्चित की गयी है। वहीं, राजस्व व्यय की जानकारी देते हुए बताया गया कि 1,31,234.42 करोड़ रुपये आवंटित किये गये थे, जिनमें से 1,18,279.69 करोड़ रुपये खर्च किये जा चुके हैं। वित्त मंत्री ने भरोसा दिलाया कि राज्य के आर्थिक ढांचे को और मजबूत बनाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश होगी की हमारी सरकार का वित्तीय प्रबंधन पारदर्शी हो। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के सचिवों को निर्देश दिया गया है कि अप्रैल के अंत तक या फिर 7 मई तक योजनाओं के विरुद्ध जिलों को राशि आवंटित कर दी जाये ताकि विकास का काम बाधित ना हो।

वित्त सह वाणिज्य कर मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा की झारखंड सरकार के वाणिज्य कर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य 26 हजार करोड़ रुपये के विरुद्ध 22292.25 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रहण प्राप्त कर लिये हैं जो वार्षिक लक्ष्य का 85.74 फीसदी राजस्व संग्रहण है। जबकि वित्तीय वर्ष 2019-20 में 14286.27 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई थी। इस प्रकार विगत पांच वर्षों में प्राप्त राजस्व संग्रह में कुल 56.04 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल राजस्व संग्रह 26,500 करोड़ रुपया का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त जानकारी श्री किशोर ने बुधवार को सूचना भवन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं।

### एसजीएसटी में 14210.10 करोड़ रुपये का किया राजस्व संग्रह

मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में एसजीएसटी के लिए राजस्व संग्रहण के निर्धारित लक्ष्य 15375 करोड़ के विरुद्ध 14210.10 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रहण प्राप्त किया है जो वार्षिक लक्ष्य का 92.42 प्रतिशत है। जबकि 2019-20 में एसजीएसटी से 9949.51 करोड़ का राजस्व संग्रहण किया गया था इस प्रकार देखा जाये तो विगत पांच वर्षों में एसजीएसटी से प्राप्त राजस्व में कुल 42.82 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। श्री किशोर ने कहा कि वर्तमान में माल एव सेवा कर अधिनियम के अधीन निबंधित कर-दाताओं की कुल संख्या 2,11,498 है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 15500 करोड़ रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### वैट के माध्यम से वाणिज्य कर विभाग ने 6618.51 करोड़ रुपये जुटाये

मंत्री श्री किशोर ने कहा कि वैट के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राजस्व सग्रहण का निर्धारित लक्ष्य 9124 करोड़ रुपये के विरूद्ध कुल 6618.51 करोड़ रुपये का राजस्व संगरहण किया गया है जो वार्षिक लक्ष्य का 72.54 है। वर्तमान में मूल्यवर्द्धित कर अधिनियम क अधीन निबंधित व्यवसायियों की कुल संख्या 4149 है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 9310 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

सुदेश महतो ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की, कहा-

# दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने बुधवार को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है। इस हमले में निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया गया, जो मानवता के मूल्यों के खिलाफ है। सुदेश महतो ने कहा कि यह हमला कायरतापूर्ण है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ संवेदनाएं व्यक्त की और कहा कि आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना मानवता को शर्मसार करती है। उन्होंने मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायल लोगों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

### गर्मी बढ़ी , पलामू में 44 डिग्री पहुंचा तापमान

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में मौसम इन दिनों आग उगल रहा है। पलामू जिले में तापमान 44 डिग्री पहुंच गया है, जबकि जमशेदपुर और चाइबासा में भी तापमान 43 डिग्री हो गया है। राज्य में पड़ रही प्रचंड गर्मी की वजह से आमजन जीवन प्रभावित हो रहा है। लोग कड़ी धूप में निकलने से बच रहे हैं। वहीं बाजार में पंखा, एसी और कूलर की बंपर बिक्री हो रही है। हालांकि मौसम विभाग ने 26 अप्रैल से राज्य के कुछ जगहों पर हल्की बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। प्रचंड गर्मी के कारण पलामू, गढ़वा, धनबाद समेत कई इलाकों में लू चल रही है। लोग लू की चपेट में आकर बीमार पड़ रहे हैं। रांची में बुधवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री, जमशेदपुर में 43 डिग्री, डालटेनगंज 44, बोकारो में 40.1 और चाइबासा में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 24 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in



# मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को मिलेगी एक साथ तीन माह की राशि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची जिले के मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए खुशखबरी है। जिन लोगों के खाते में मार्च माह की राशि नहीं गयी है, उनके खाते में तीन माह की राशि एक साथ जल्द भेज दी जायेगी। रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने इसे लेकर निर्देश दे दिये हैं। दरअसल उपायुक्त जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने मंईयां सम्मान योजना की स्थिति का जायजा लिया।




## रांची डीसी का क्या है निर्देश

रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री के अधिकारियों ने बताया कि मार्च माह की राशि सभी लाभुकों के खाते में जा चुकी है, जिनके खाते में राशि नहीं गयी है, उनका त्रुटि सुधार किया जा रहा है। साथ ही उनका आधार कार्ड से खाता लिंकेज कराया जा रहा है। इस पर डीसी ने संबंधित अधिकारी को एक्शन प्लान बनाते हुए जल्द से जल्द राशियों का भुगतान करने कहा। साथ ही ऐसे लाभुकों की सूची बैंकवार/पंचायतवार बनाने को कहा।

## अधिकतर महिलाओं के खाते में जा चुकी है मंईयां सम्मान की राशि

गौरतलब है कि हेमंत सोरेन सरकार ने मंईयां सम्मान योजना की राशि सभी लाभुकों के खाते में भेजने का निर्देश दिया था। हालांकि 31 मार्च तक अपने बैंक खाता से अपने आधार को लिंक नहीं कराने वाले महिलाओं को इस योजना से वंचित कर दिया जायेगा। तकरीबन 20 लाख से अधिक महिलाओं ने अपने खाते को आधार से लिंक नहीं कराया था। हालांकि इनमें से अधिकतर के खाते में मंईयां सम्मान योजना की राशि भेज दी गयी है। इन योजनाओं के लाभुकों का सत्यापन कार्य अभी भी जारी है।



राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने बुधवार को नयी दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) से संबंधित कार्यों को लेकर जनजातीय मामलों पर चर्चा भी की।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज एनसीसी और एनएसएस ने निकाला कैंडल मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 1/3 कॉय एनसीसी सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची ने एनएसएस के सहयोग से 22 अप्रैल को पहलगाम हमले में जान गंवाने वाले नागरिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए कैंडल मार्च का आयोजन किया। यह कैंडल मार्च नागरिकों और पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने और आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए आयोजित किया गया था। पहलगाम हमला राष्ट्रीय सुरक्षा की कीमत और आतंकवाद के खिलाफ चल रहे संघर्ष की एक दर्दनाक याद दिलाता है। यह सुनिश्चित करने के लिए भारत के संकल्प को भी मजबूत करता है कि ऐसी त्रासदियां दोबारा न हों। कैंडल मार्च में कुल 250 लोगों ने हिस्सा लिया, जिसमें 150 एनसीसी कैडेट और 100 एनएसएस कैडेट शामिल थे। इस भागीदारी ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के लिए सभी नागरिकों, खासकर युवाओं की एकता को दर्शाया। अंत में एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. प्रिया श्रीवास्तव ने संबोधित किया और इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी, जिसने सभी कैडेटों को प्रेरित किया।



# डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने पौधरोपण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बुधवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के यूजी छात्रावास संख्या 1 के विद्यार्थियों के द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्रावास के लगभग 250 विद्यार्थियों की मौजूदगी में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने पांच कल्पतरु वृक्षों को छात्रावास के साथ-साथ विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार और परिसर में रोपित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पृथ्वी को हरा-भरा बनाये रखने के लिए हम सभी को अपनी तरफ से योगदान देना चाहिए। पर्यावरण को सुरक्षित रखकर ही आने वाली पीढ़ी को खुशहाल जीवन दिया जा सकता है। इस बार पृथ्वी दिवस पर हम सभी को इसके लिए प्रण लेना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अर्थ डे यानी पृथ्वी दिवस हर साल 22 अप्रैल को मनाया जाता है। इस वर्ष 2025 में पृथ्वी दिवस हमारी शक्ति, हमारा ग्रह थीम के साथ मनाया जायेगा। यह थीम रिन्यूबल एनर्जी की ओर ग्लोबल बदलाव लाने और क्लाइमेट चेंज से मुकाबला करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर देती है। इस वर्ष का मुख्य लक्ष्य 2030 तक वैश्विक स्तर पर स्वच्छ बिजली उत्पादन को तीन गुना करना है। उन्होंने छात्रावास के विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि कल्पवृक्ष हमें सकारात्मक ऊर्जा की शक्ति के साथ शांति और आध्यात्मिक चिंतन की ओर प्रेरित करता है। मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य के साथ प्रॉक्टर सह छात्रावास अधीक्षक डॉ राजेश कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।




# उषा मार्टिन विश्वविद्यालय को नैक से 'ए' ग्रेड बिहार और झारखंड में अब तक का सर्वाधिक स्कोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उषा मार्टिन विश्वविद्यालय ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक ) से 'ए' ग्रेड प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय ने 3.17 का प्रभावशाली स्कोर प्राप्त किया है, जो बिहार और झारखंड राज्य के किसी भी विश्वविद्यालय द्वारा अब तक प्राप्त सबसे उच्च स्कोर है। इस उपलब्धि पर बुधवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उषा मार्टिन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रभात कुमार ने कहा कि हमें अपनी इस उपलब्धि पर गर्व है और हमें विश्वास है कि यह हमें आगे भी उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रेरित करेगी। विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर प्रो. एससी गर्ग ने कहा कि हम भविष्य को लेकर उत्साहित हैं और आने वाले वर्षों में और भी ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उषा मार्टिन विश्वविद्यालय 30 से अधिक पाठ्यक्रम प्रदान करता है, जिनमें प्रबंधन, फार्मेसी, कृषि, फिजियोथेरेपी, पैरामेडिकल साइंसेज, नर्सिंग, इंजीनियरिंग, विधि अध्ययन और अन्य शामिल हैं। विश्वविद्यालय की संकाय टीम ने 70 पेटेंट फाइल किये हैं, जिनमें से 20 स्वीकृत हो चुके हैं। इसके अलावा, फैकल्टी द्वारा 874 शोध पत्र और 809 पुस्तकें और अध्याय प्रकाशित किये गये हैं। वहीं कुलपति, मधुलिका कौशिक ने कहा कि हमारा विश्वविद्यालय उन सभी छात्रों की पहली पसंद बनेगा, जो गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा को किफायती लागत पर प्राप्त करना चाहते हैं, विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट रिकॉर्ड सराहनीय रहा है, जिसमें छात्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठित कंपनियों में चयनित हुए हैं। विश्वविद्यालय में एक समर्पित इनक्यूबेशन सेंटर, आधुनिक प्रयोगशालाएं, सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर, समृद्ध केंद्रीय पुस्तकालय और अन्य सुविधाएं हैं। उषा मार्टिन विश्वविद्यालय आगे भी उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विश्वविद्यालय की योजना नये पाठ्यक्रम शुरू करने और अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने की है।



## मैरी हेलो किड्ज स्कूल में पृथ्वी दिवस पर गूंजे पर्यावरण बचाओ के नारे



रांची (आजाद सिपाही)। मैरी हेलो किड्ज स्कूल, कांके में सोमवार को पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। नन्हें-मुन्नों ने न केवल रंग-बिरंगे पोस्टर और नारे तैयार किये, बल्कि उन्होंने अपने कार्यों से यह संदेश भी दिया कि हमारी धरती, हमारी ज़िम्मेदारी। कार्यक्रम की शुरूआत पौधरोपण के साथ हुई, जहां बच्चों ने अपने नन्हें हाथों से पौधे लगाये और उन्हें रोज पानी देने का संकल्प लिया। स्कूल परिसर में 'ग्रीन मार्च' निकाला गया, जिसमें बच्चों ने पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ, प्लास्टिक हटाओ, धरती बचाओ जैसे नारों से पूरे इलाके को गूंजा दिया। प्रधानाचार्या बिमला सिन्हा ने इस अवसर पर कहा, आज के बच्चे ही कल के संरक्षक हैं। हमें उन्हें प्रकृति से जुड़ने का अवसर देना होगा, तभी वे पर्यावरण के महत्व को समझ पायेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि स्कूल द्वारा पूरे सप्ताह ग्रीन एक्टिविटी वीक मनाया जा रहा है, जिसमें हर दिन पर्यावरण से जुड़ी अलग-अलग गतिविधियां करायी जायेंगी।

# सीएमएआइ के साथ हुआ एमओयू, देश का नया टेक्सटाइल हब बनेगा छत्तीसगढ़

# टेक्सटाइल के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की नयी पॉलिसी देश में सबसे बेहतर : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुंबई में आयोजित सीएमएआइ फैब शो 2025 में हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को मुंबई के बांबे एग्जिबिशन सेंटर में आयोजित सीएमएआइ फैब शो 2025 में भाग लेकर राज्य में वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर जोर दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने निवेशकों और टेक्सटाइल क्षेत्र से जुड़े उद्योगपतियों से संवाद कर छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा हमने वस्त्र उद्योग क्षेत्र में निवेश के नये द्वार खोले हैं। इस मौके पर छत्तीसगढ़ सरकार ने सीएमएआइ (क्लोदिंग मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन ऑफ इंडिया) के साथ एमओयू भी साइन किया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ ने वस्त्र, गारमेंट और हैंडलूम सेक्टर में एक उभरता हुआ केंद्र बनने की दिशा में कदम बढ़ाया है।




इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि हाल ही में हमने कैबिनेट में नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फैशन डिजाइन के संस्थान को नवा रायपुर में खोलने की मंजूरी दी है। 271 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाले इस संस्थान से छत्तीसगढ़ में टैक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में चांपा की कोसा साड़ियां अपने शिल्प में बेमिसाल हैं। सीएमएआइ से एमओयू और निफ्ट की स्थापना से चांपा के कोसा जैसे वस्त्रों की ब्रांडिंग, प्रमोशन में बड़ी मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कपड़ा उद्योग प्रत्यक्ष रूप से ग्रामीण स्वरोजगार, तकनीक और कौशल विकास से जुड़ा है। नयी औद्योगिक नीति में हमने इन सभी सुविधाओं का ख्याल रखते हुए, टैक्सटाइल सेक्टर से जुडे. एमएसएमइ को बढ़ावा देने का प्रयास किया है। हम 1000 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार देने वाले उद्यमों को विशेष अनुदान दे रहे हैं। 100 करोड़ के इन्वेस्टमेंट में 252 करोड़ की प्रतिपूर्ति हमारी सरकार द्वारा किया जा रहा है। टेक्सटाइल के क्षेत्र में देश में इतनी अच्छी पॉलिसी किसी भी राज्य में नहीं है। इसका लाभ कपड़ा उद्योग से जुड़े छोटे और मझोले उद्यमों को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में उद्यम शुरू करने पर विशेष रियायतें दी गयी हैं।

उन्होंने कहा सिंगल विंडो सिस्टम, इज आफ डूइंग बिजनेस और स्पीड आफ डूइंग बिजनेस की नीतियों के चलते बहुत तेजी से निवेश प्रस्तावों को स्वीकृति दी जा रही है। हमने 350 से अधिक रिफार्म्स किये हैं और निवेश का वातावरण बेहद सहज कर दिया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ के स्टॉल का अवलोकन भी किया और जानकारी ली।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सचिव राहुल भगत, उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार, संचालक प्रभात मलिक, सीएसआइडीसी के प्रबंध संचालक अभिषेक अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### सेंट्रल इंडिया की लोकेशन, बेहतर कनेक्टिविटी

मुख्यमंत्री ने बताया सेंट्रल इंडिया की हमारी लोकेशन आपको देश भर में सबसे अच्छी कनेक्टिविटी उपलब्ध कराती है। इसी साल से रायपुर एयरपोर्ट में कार्गो की सुविधा आरंभ हो गयी है। हमारे यहां 48 हजार करोड़ रुपये की कई महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं पर काम चल रहा है। रेलवे नेटवर्क के विस्तार का सबसे अधिक लाभ उद्योग जगत को मिलेगा। रायपुर से विशाखापट्नम तक एक्सप्रेस वे का निर्माण तेजी से हो रहा है। विशाखापट्नम जैसे पोर्ट से हमारी सीधी कनेक्टिविटी रायपुर में बिजनेस को बहुत विस्तार देगी।

### टैक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए प्रशिक्षित युवा हो रहे तैयार

मुख्यमंत्री ने कहा टैक्सटाइल इंडस्ट्री को स्किल्ड मैनपावर भी चाहिए। प्रदेश के आइटीआइ में टेक्नालॉजी और इनोवेशन पर आधारित एडवांस कोर्स उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इससे टैक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए भी प्रशिक्षित युवा तैयार हो रहे हैं। हमारे यहां आइआइटी, आइआइएम, ट्रिपल आइटी तथा नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जैसे संस्थान हैं जिससे दक्ष मानव संसाधन इंडस्ट्री के लिए उपलब्ध हैं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में मनाया गया पृथ्वी दिवस



रांची (आजाद सिपाही)। कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत 'आओ धरती को स्वर्ग बनायें धरती हमारी माता है। 'शीर्षक गीत से हुई। छात्रा लेख्या गुरुमूर्ति ने नीले ग्रह की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। बच्चों ने पृथ्वी की स्वच्छता, सुंदरता और संरक्षण पर आधारित पोस्टर और स्लोगन प्रस्तुत किया। शिक्षिका इमराना शाहीन ने 'पृथ्वी क्विज' का संचालन किया। मौके पर प्राचार्या प्रेमलता कुमारी ने कहा कि पृथ्वी न सिर्फ मानव जाति बल्कि संपूर्ण जीव जगत का आश्रय स्थल है, इसे सुंदर और स्वच्छ बनाये रखना हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और सुखद भविष्य के लिए हमें पृथ्वी के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी शिद्दत के साथ करना चाहिए। कार्यक्रमों का संयोजन एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर डॉ. मोनिका कुमारी जबकि संचालन जारा फातिमा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक सतीश मिश्रा एवं विभा कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### गांधीनगर अस्पताल में हृदय रोग संबंधी नि:शुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन 26 को




रांची (आजाद सिपाही)। सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर रांची में शनिवार, 26 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से नि:शुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में मैक्स अस्पताल, नयी दिल्ली के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ राजीव राठी (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जांच करेंगे एवं चिकित्सीय सलाह देंगे। हृदय रोग से ग्रसित सभी मरीज इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने इलाज की रिपोर्ट/जांच के पेपर हों तो उसे अवश्य अपने साथ लायें। सीएमडी, सीसीएल, निलेंदु कुमार सिंह के मार्गनिर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मियों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके लिए सीसीएल द्वारा नियमित तौर पर देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों को आमंत्रित कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर का उद्देश्य है कि जरूरतमंद परिवारों को गंभीर बीमारी के अत्याधुनिक इलाज की सुविधा उनके घर के निकट ही प्राप्त हो सके।

### वाइबीएन विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया



रांची (आजाद सिपाही)। वाइबीएन विश्वविद्यालय में बुधवार को एमएसएमइ क्लब सहयोग और इन्क्यूबेशन उत्कृष्टता के माध्यम से स्टार्ट-अप्स को सशक्त बनाना विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य छात्रों और शुरूआती स्तर के उद्यमियों के लिए एक ऐसा मंच प्रदान करना था, जहां वे अपने नवोन्मेषी विचारों को प्रस्तुत कर सकें और एक सहायक अकादमिक वातावरण में बढ़ सकें। इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों और विशेषज्ञों ने शिरकत की, जिनमें इंदरजीत यादव, संयुक्त निदेशक, एमएसएमइ, डीएफओ रांची; प्रोफेसर देबाशीष मुखर्जी, वाणिज्य विभाग, जमिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, दिल्ली, प्रोफेसर दीपशिखा दत्ता, निदेशक, अनुसंधान, ब्रेनवेयर विश्वविद्यालय, कोलकाता और डॉ नितीश भाटिया, वक्ता, केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड, रांची शामिल थे। कार्यक्रम का आयोजन वाइबीएन विश्वविद्यालय की निदेशक (इन्क्यूबेशन) डॉ अनुराधा पाल्टा और आइक्यूएसी निदेशक द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अध्यक्ष रामजी यादव, कुलपति सत्य देव पोद्दार, प्रो-वाइस चांसलर एसपी यादव और विभिन्न डीनों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गौरवमयी बना दिया। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य शुरूआती स्तर के स्टार्ट-अप्स को एमएसएमइ सेक्टर के सहयोग से सशक्त बनाना और इन्क्यूबेशन की उत्कृष्टता को बढ़ावा देना था।

### आतंकवाद के विरुद्ध सरकार की नीति स्पष्ट और अडिग है: अजय राय



रांची (आजाद सिपाही)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 पर्यटकों की निर्मम हत्या ने पूरे देश को गहरे शोक और क्षोभ में डुबो दिया है। आतंकवादियों द्वारा धर्म के आधार पर की गयी यह क्रूर हत्या न केवल अत्यंत घृणित और कायरतापूर्ण है, बल्कि यह मानवता, सहिष्णुता और भारत की सांस्कृतिक एकता पर सीधा आघात है। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी, झारखंड के मीडिया संपर्क विभाग के संयोजक एवं प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अजय राय ने इस वीभत्स घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि यह हमला केवल निर्दोष पर्यटकों पर नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक सहिष्णुता पर एक सुनियोजित हमला है। इस प्रकार के आतंकी कृत्य एक विकृत और अमानवीय मानसिकता को दर्शाते हैं, जिसे किसी भी रूप में सहन नहीं किया जा सकता। केंद्र सरकार इस पूरे मामले को अत्यंत गंभीरता से ले रही है, और दोषियों को कठोरतम सजा दिलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह का कश्मीर दौरा इस बात का प्रमाण है कि आतंकवाद के विरुद्ध सरकार की नीति स्पष्ट और अडिग है। उन्होंने कहा कि यह समय है जब पूरा देश आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट होकर खड़ा हो। हम सबको मिलकर यह संदेश देना होगा कि आतंक के विरुद्ध हमारी राष्ट्रीय एकजुटता को कोई शक्ति नहीं तोड़ सकती।






## पहलगाम आतंकी हमला : कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च

# निर्दोषों की हत्या बर्दाश्त नहीं : आलोक दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में 28 निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। यह हमला न केवल मानवीय मूल्यों के खिलाफ है, बल्कि देश की राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था पर भी गहरी चोट है। इस त्रासदी के खिलाफ बुधवार को डोरंडा स्थित अंबेडकर चौक पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मौन कैंडल मार्च निकाला और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर डॉ इरफान अंसारी, स्वास्थ्य मंत्री, झारखंड सरकार, आलोक कुमार दुबे, महासचिव, प्रदेश कांग्रेस, लाल किशोर नाथ शाहदेव, मुख्य प्रवक्ता, प्रदेश कांग्रेस, अजय नाथ शाहदेव, महासचिव, प्रदेश कांग्रेस, सुरेन राम, फिरोज रिजवी मुन्ना सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि आतंक का कोई धर्म नहीं होता, हमें उनका सिर चाहिए। उन्होंने कहा कि यह समय बयानबाजी का नहीं, बल्कि आतंक के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का है। आलोक कुमार दुबे ने कहा कि सरकार को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए और आतंकवाद के खिलाफ सख्त कानून बनाने चाहिए। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि यह हमला इंसानियत के खिलाफ घिनौना अपराध है और इसके खिलाफ पूरे समाज को एकजुट होकर खड़ा होना होगा। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी और यह संकल्प लिया कि आतंक के खिलाफ यह लड़ाई सिर्फ सरकार की नहीं, पूरे देश की है। कांग्रेस परिवार हर निर्दोष नागरिक की सुरक्षा, सम्मान और स्मृति के लिए हमेशा तत्पर रहेगा।

## पर्यटकों की निर्मम हत्या की घटना अत्यंत दुखद : राजेश गुप्ता



रांची (आजाद सिपाही)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में आतंकवादियों द्वारा 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या की घटना अत्यंत दुखद और निंदनीय है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा इस हमले की कड़ी निंदा करता है और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता है और घायलों को स्वस्थ होने की कामना करता है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि इस हमले ने न केवल जम्मू कश्मीर के लोगों को प्रभावित किया है, बल्कि पूरे देश को भी झकझोर दिया है। हमें एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ने और देश की सुरक्षा और अखंडता को बनाये रखने की आवश्यकता है। हमें उम्मीद है कि सरकार इस हमले के पीछे के मास्टरमाइंड को पकड़ने और उन्हें सजा दिलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठायेगी।

# एबीवीपी ने पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला दहन किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** जम्मू एवं कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) रांची महानगर इकाई ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने न्यूक्लियस मॉल चौराहे पर पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला दहन किया। महानगर मंत्री तुषार दुबे ने कहा कि भारत की सहनशीलता को कमजोरी न समझा जाये। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। एबीवीपी ने केंद्र सरकार से हमले के दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही सीमापार से होने वाली आतंकी गतिविधियों पर रोक लगाने को कहा। नगर सह मंत्री रौशनी मुंडा ने कहा कि यह अगस्त 2019 के बाद से जम्मू कश्मीर के अंदर ये सबसे बडी और भयावह घटना है। एबीवीपी सरकार से मांग करती है कि आतंकवाद को उनके घर में घुस कर मार गिराना चाहिए। एबीवीपी राष्ट्र की सुरक्षा और अखंडता के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। संगठन देशविरोधी ताकतों का विरोध करता रहेगा। प्रदर्शन में प्रदेश मीडिया संयोजक गुड्डू राय, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शारदा कुमारी एवं सत्यम, महानगर सह मंत्री शिवम लोहरा, हर्ष भगत, खेलो भारत के संयोजक गोपाल चौहान, सुधांशु, नीरज, लव, बादल सहित कई छात्र मौजूद थे।

# मुस्तफा ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव मुस्तफा ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा है कि यह घटना केंद्रीय सरकार की नाकामियों को प्रदर्शित करती है। उन्होंने कहा कि जब भी ऐसी घटनाएं घटती हैं, तो गृह मंत्री और रक्षा मंत्री बयान देते हैं कि हम इस हमले को व्यर्थ नहीं जाने देंगे, लेकिन यह सिर्फ एक जुमला साबित होता है। मुस्तफा ने कहा कि पुलवामा हमले के समय भी इसी तरह की बयान आया था, लेकिन कार्रवाई क्या हुई, देश की जनता देख रही है। इतनी बड़ी घटना बार-बार घट रही है, तो देश की सुरक्षा एजेंसी क्या कर रही हैं? केंद्र सरकार को झारखंड सरकार से शिक्षा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने झारखंड सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि दो दिन पूर्व झारखंड के बोकारो में नक्सलियों के मंसूबा को नाकाम कर करारा जवाब देते हुए आठ नक्सलियों को मार गिराया गया, जिसे झारखंड की जनता ने राहत महसूस की। झारखंड सरकार कहती नहीं है, बल्कि करके दिखाती है। केंद्र सरकार को भी झारखंड सरकार के तर्ज पर काम करने की आवश्यकता है।

मुस्तफा ने कहा कि केंद्र सरकार को अपनी नीतियों और रणनीतियों पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है और देश की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। हम देश की जनता के साथ खड़े हैं और इस मुश्किल समय में उनके साथ हैं।

## सुखदेवनगर के कारोबारी पर बाराचट्टी में फायरिंग

रांची (आजाद सिपाही)। गया के बाराचट्टी में जीटी रोड पर अपराधियों ने व्यवसायी ससुर-दामाद पर अंधाधुंध फायरिंग की। अपराधियों के हमले में ससुर को तीन गोलियां लगीं। फायरिंग करने के बाद अपराधी जंगल की ओर भाग गये। मंगलवार देर रात रांची के व्यवसायी विजय प्रसाद और उनके दामाद लहसुन व्यवसायी मितेश कुमार गुप्ता पर तीन की संख्या में आये अपराधी अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। विजय प्रसाद को हमले में तीन गोली लगी और मितेश कुमार के कनपट्टी के पास से गोली गुजर गयी। मितेश इस हमले में बाल-बाल बच गये। अपराधी मितेश का मोबाइल लूटकर जंगल की ओर भाग गये।

# सहायक आचार्य के अंतिम रिजल्ट का प्रकाशन सितंबर के दूसरे सप्ताह तक

## जेएसएससी ने हाइकोर्ट को टाइमलाइन दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जेएसएससी ने सहायक आचार्य रिजल्ट के प्रकाशन के संबंध में शपथ पत्र के माध्यम से एक टाइम लाइन झारखंड हाइकोर्ट को दिया है। जिसमें सितंबर माह के द्वितीय सप्ताह में सहायक आचार्य के अंतिम रिजल्ट का प्रकाशन कर दिया जायेगा। जेएसएससी द्वारा बताया गया है कि सहायक आचार्य के ग्रेजुएट लेवल ट्रेंड टीचर (कक्षा 6 से 8) के मैथ एवं साइंस टीचर के लिए जुलाई के प्रथम सप्ताह में रिजल्ट प्रकाशित कर दिया जायेगा। वहीं सोशल साइंस के टीचर के लिए जुलाई के तृतीय सप्ताह में रिजल्ट प्रकाशित होगा और लैंग्वेज टीचर के लिए अगस्त के प्रथम सप्ताह में रिजल्ट प्रकाशित होगा। इंटरमीडिएट ट्रेंड टीचर (कक्षा 1 से 5) के शिक्षकों के लिए सितंबर के द्वितीय सप्ताह में रिजल्ट प्रकाशित कर दिया जायेगा। जेएसएससी के इस टाइमलाइन को स्वीकार कर लिया। जेएसएससी की ओर से वरीय अधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने पैरवी की।

दरअसल, झारखंड के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर पर 26,001 सहायक आचार्य की नियुक्ति होनी है। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने झारखंड के स्कूलों में सहायक आचार्य की नियुक्ति की प्रक्रिया में देरी पर नाराजगी जतायी थी। खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के लिए प्रस्तावित समय-सीमा को जनवरी 2026 को कम करें और सुनिश्चित करें कि शिक्षकों की नियुक्ति दो या तीन महीने के भीतर हो जाये।

दरअसल, 8 अप्रैल 2025 को राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा विभाग ने कोर्ट को बताया था कि राज्य में 26,000 सहायक आचार्य की नियुक्ति जल्द कर ली जायेगी। मामले में शपथ पत्र के माध्यम से झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने के संदर्भ में समय-सीमा प्रस्तुत किया था। प्रस्तावित समय-सीमा के अनुसार, शिक्षकों की नियुक्ति में जनवरी 2026 तक का समय लगने की बात कही गयी थी। जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जतायी थी और समय सीमा को कम करने को कहा था।

दरअसल, प्रार्थी ने याचिका में झारखंड के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी बताते हुए जल्द शिक्षकों की नियुक्ति करने का आग्रह किया है। याचिका में इस संबंध में शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के अनुपालन की मांग की गयी है।




# मुंबई इंडियंस ने हैदराबाद को सात विकेट से हराया

## मुंबई इंडियंस ने टॉप-4 में मारी एंट्री, रोहित ने 70 रन बनाये

आजाद सिपाही संवाददाता



**हैदराबाद।** आइपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस जिनका शुरूआती कुछ मुकाबलों में प्रदर्शन बेहतर देखने को नहीं मिला था अब उन्होंने शानदार वापसी करने के साथ अपने पिछले चार मैचों को जीतने के साथ प्वाइंट्स टेबल में टॉप-4 में एंट्री कर ली है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, जिसमें पहले बॉलर्स ने हैदराबाद को 143 रनों के स्कोर पर रोक दिया तो वहीं बल्लेबाजों ने इस टारगेट को सिर्फ 15.4 ओवर्स में हासिल करने के साथ टीम को 7 विकेट से शानदार जीत दिला दी। मुंबई इंडियंस के लिए इस मैच में सबसे बड़े हीरो तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट रहे, जिन्होंने कुल 4 विकेट हासिल किये।

**रोहित ने खेली अर्धशतकीय पारी, टीम को दिलायी आसान जीत :** मुंबई इंडियंस की टीम को इस मैच में 144 रनों का टारगेट मिला था, जिसका पीछा करने के लिए रोहित शर्मा और रेयान रिकल्टन की ओपनिंग जोड़ी को मैदान पर भेजा गया। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए सिर्फ 13 रनों की साझेदारी देखने को मिली, जिसमें रिकल्टन सिर्फ 11 रन बनाकर आउट हो गये। मुंबई इंडियंस की टीम को इस मैच में दूसरा झटका 77 के स्कोर पर उस समय लगा, जब विल जैक्स को 22 के निजी स्कोर पर जीशान अंसारी ने पवेलियन का रास्ता दिखाया। उसके बाद रोहित और सूर्या की जोड़ी ने टीम को जीत तक पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की। जिसमें रोहित ने 70 रनों की पारी खेली, तो वहीं सूर्या के बल्ले से 40 रन देखने को मिले। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए गेंदबाजी में जयदेव उनादकट, जीशान अंसारी और ईशान मलिंगा ने 1-1 विकेट हासिल किया। मुंबई इंडियंस की टीम अब प्वाइंट्स टेबल में 9 मैचों में 5 जीत और 4 हार के बाद 10 अंकों के साथ सीधे तीसरे नंबर पर पहुंच गयी है।

**बोल्ट और चाहर के झटकों से उबर नहीं पायी हैदराबाद की टीम :** सनराइजर्स हैदराबाद टीम की इस मैच में बल्लेबाजी प्रदर्शन को लेकर बात की जाये तो वह बेहद ही निराशाजनक देखने को मिली, जिसमें हैदराबाद की टीम ने अपने शुरूआती 4 विकेट सिर्फ 13 रनों के स्कोर पर गंवा दिये। इसके बाद उन्होंने अपना 5वां विकेट 35 के स्कोर पर गंवा दिया। यहां से हेनरिक क्लासेन और अभिनव मनोहर की जोड़ी ने हैदराबाद की पारी को संभाला और दोनों के बीच हुई छठे विकेट के लिए 99 रनों की साझेदारी ने टीम को इस मैच में सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। हेनरिक क्लासेन के बल्ले से 71 रन देखने को मिले, तो वहीं अभिनव मनोहर ने 43 रनों की पारी खेली। मुंबई इंडियंस के लिए गेंदबाजी में ट्रेंट बोल्ट ने 4 विकेट हासिल किये, इसके अलावा दीपक चाहर ने 2 जबकि हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह ने 1-1 विकेट लिया।

# झारखंड के 50 हजार प्राथमिक शिक्षकों की बल्ले-बल्ले

## हाइकोर्ट ने समान काम के बदले समान वेतन का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड के प्राथमिक शिक्षकों के लिए हाइकोर्ट से बुधवार को अच्छी खबर आयी। झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस संजय प्रसाद ने राज्य में समान काम करने वाले प्राथमिक शिक्षकों को समान वेतन देने का निर्देश दिया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि विभाग आठ सप्ताह में इस पर निर्णय लेते हुए इनका भी वेतन वर्ष 2015 में नियुक्ति हुए शिक्षकों के समान दिया जाये। उक्त समय से ही इन शिक्षकों को वेतन का लाभ दिया जाना है।

अदालत ने विभाग से उम्मीद जतायी है कि विभाग की ओर से इस पर जल्द से निर्णय लिया जायेगा, ताकि शिक्षकों को कोई कष्ट नहीं हो और उन्हें बेवजह कोर्ट कचहरी का चक्कर नहीं लगाना पड़े। अदालत ने उक्त निर्देश के साथ याचिका को निष्पादित कर दिया है। कोर्ट के आदेश से लगभग 50 हजार शिक्षकों को लाभ मिलेगा। इस संबंध में दिलीप पांडेय सहित अन्य की ओर से हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की गयी थी।

प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने अदालत को बताया था कि वर्ष 2002-03 में जेपीएससी ने शिक्षकों की नियुक्ति की थी। इस दौरान कक्षा एक से आठ तक की शिक्षकों की नियुक्ति एक साथ हुई थी, जिनका ग्रेड पे 4200 था। वर्ष 2009 में आरटीइ एक्ट आने के बाद वर्ष 2012 में सरकार ने शिक्षक नियुक्ति नियमावली बनायी। जिसमें कक्षा एक से पांच और छह से आठ तक के शिक्षकों की बहाली अलग-अलग कर दी। इनका ग्रेड पे 4600 किया गया।

इसके बाद पूर्व में नियुक्ति हुए शिक्षकों ने हाइकोर्ट में समान काम के बदले समान वेतन देने की मांग करते हुए हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। कोर्ट को बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने कई मामलों में निर्देश दिया है कि समान के बदले समान वेतन दिया जाना चाहिए। पूर्व में बहस पूरी होने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# केंद्र सरकार और खुफिया तंत्र की घोर लापरवाही: विजय नायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने पहलगाम, जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है, जिसमें 26 पर्यटकों और दो स्थानीय लोगों की निर्मम हत्या हुई है। नायक ने कहा कि यह हमला केंद्र सरकार और खुफिया एजेंसियों की घोर लापरवाही और विफलता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह द्वारा जम्मू और कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के मात्र दो सप्ताह बाद यह हमला हुआ है, जो खुफिया एजेंसियों की अक्षमता को दर्शाता है। नायक ने कहा कि पहलगाम जैसे लोकप्रिय पर्यटक स्थल में सुरक्षा व्यवस्था इतनी कमजोर थी कि 2-3 आतंकियों ने बिना किसी रुकावट के हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि चप्पे-चप्पे पर सैनिक और अर्धसैनिक बलों की तैनाती के दावे खोखले साबित हुए।

खुफिया एजेंसियों के उन अधिकारियों को दंडित किया जाये जिनकी लापरवाही के कारण यह हमला संभव हुआ। मृतकों के परिजनों को तत्काल मुआवजा पांच करोड़ रुपये और पुनर्वास सहायता दी जाये। घायलों के इलाज के लिए सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये।

## कोर्ट नोटिस

**न्यायालय,**
**श्रीमान सिविल जुनियर डिवीजन (मंसिफ)**
**मूल वाद सं.- 20/2023**
बैजनाथ यादव ............... वादी
बनाम्
प्रियंका देवी वगैरह ....... प्रतिवादीगण
**नोटिस**

बनाम्
1. दशईया महतो 2. पनु महतो 3. धनु महतो, तीनो पिता- स्व० जयमंगल महतो तीनो ग्राम- सेरेगड़ा, पो०- सेरेगड़ा, थाना- बालुमाथ, जिला- लातेहार 4. मुटुआ देवी पति- भुखल यादव, ग्राम- कुइलोंगा, पो०- सराडु, थाना- टण्डवा, जिला- चतरा 5. दुखनी देवी पति- मंगल यादव, ग्राम- हेमपुर, थाना- बालुमाथ जिला- लातेहार, 6. संजय यादव 7. कामेश्वर यादव, दोनो पिता- स्व0 कमल यादव, ग्राम- भगेया, थाना-बालुमाथ, जिला- लातेहार। चूँ वजरिये इस नोटिस के माध्यम से आपको आगाह किया जाता है कि वादी ने आपके विरूद्ध मूल वाद संख्या- 20/2023 दाखिल किया है। आप सभी को मेरे न्यायालय द्वारा रजिस्ट्री एवं नजारत के द्वारा नोटिस भेजा गया था। लेकिन आप लोग मेरे न्यायालय में उपस्थित नही हो सके। अतः आप दिनांक 07/05/2025 को समय 10:30 बजे मेरे न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आप सभी के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की जाएगी। आज दिनांक 11/4/2025 को मेरे न्यायालय के मुहर एवं हस्ताक्षर के द्वारा निर्गत किया गया।

हस्ताक्षर
सिविल जज जुनियर डिवीजन (मुंसिफ)
लातेहार।


## दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से कार्य करते हुए उप. मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता/कार्य/मुख्यालय/गार्डन रीच, कोलकाता-700043 आमंत्रित करते हैं: **क्रमांकः** (1), **निविदा संख्याः** एसटी_पी_एसईआर_2025 पीएसएस_ एमआईएससी_05 **दिनांक 21.04.2025; कार्य का विवरणः** दक्षिण पूर्व रेलवे के सभी मंडलों में 24 महीने की अवधि के लिए मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना/दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र के तहत विभिन्न परियोजना स्थलों पर विभिन्न सिग्नल एवं दूरसंचार कार्यों के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएं प्रदान करने हेतु प्राधिकरण अभियंता की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव का अनुरोध (आरएफपी); **कार्य की अनुमानित लागतः** 17,76,15,390.00; **बयाना राशिः** 10,38,100.00; **अंतिम तिथि और समयः** 21.05.2025 को 15:00; बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां केवल अंतिम तिथि और समय तक ही जमा कर सकेंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है, और प्राप्त किसी भी ऐसे मैनुअल प्रस्ताव को अनदेखा कर दिया जाएगा। उपरोक्त निविदा के लिए निविदा सूचना का विस्तृत विवरण पहले ही वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया जा चुका है। (PR 74)

## पूर्व तट रेलवे

निविदा सूचना सं.: ST-OT-REPAIRING-CARDS-466, दिनांक: 16.04.2025

**कार्य का नाम :** खोरधा रोड मण्डल के विभिन्न कार्ड (Card) एवं उपकरणों की दूरसंचार मरम्मत कार्य।

**निविदा मूल्य :** ₹ 61,02,136.95, EMD : ₹ 1,22,100/-

बिड प्रारंभ होने की तिथि : दिनांक 24.04.2025

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** 08.05.2025 को 1100 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें।

मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता, खोरधा रोड
PR-62/Q/25-26

## पूर्व मध्य रेल

### ई–निविदा सूचना

ई–निविदा सूचना सं० एस०जी०/डी०एस०ई०/ओ०टी०/07/25 वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है।
**1. कार्य का नाम एवं स्थान :** अल्टरेशन ईन सिमेन्स मेक ईआई (इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग) सिस्टम एट 02 स्टेशन्स ईन कनेक्शन बिथ करेक्शन ईन यार्ड लेआउट वर्क एट (i) यार्ड रिमॉडलिंग एट सैयदराजा फॉर इनक्रिजिंग द सीएसएल ऑफ अप लूप लाईन एंड प्रोविजन ऑफ ओभररन लाईन ईन डाउन लूप लाईन एंड (ii) प्रोविजन ऑफ ओभररन लाईन ईन अप लूप लाईन एट गंजख्वाजा स्टेशन। **2. कार्य का अनुमानित मूल्य :** ₹ 2,56,99,717.75/– (दो करोड़ छप्पन लाख निनान्वे हजार सात सौ सतरह रूपये एवं पचहत्तर पैसे मात्र)। **3. धरोहर राशि :** ₹ 2,78,500.00/– (दो लाख अठहत्तर हजार पाँच सौ रूपये मात्र)। **4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 13/05/2025 को 12:30 तक। **5. वेबसाइट का पता जहाँ से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है :** www.ireps.gov.in

मं०सं० एवं दू०सं० अभि०
पूर्व मध्य रेल, डी.डी.यू.
पीआर/0136/डीडीयू/एस&टी/टी/25–26/32

# दोनों देशों को हो फायदा

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का दौरा भारत के लिए एक बड़ा मौका है। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत की रूपरेखा तय कर ली है। भारत में अमेरिका अपनी कंपनियों के लिए पूरी तरह मुक्त बाजार चाहता है। लेकिन नयी दिल्ली को अमेरिका के साथ व्यापारिक रिश्ते को आगे बढ़ाते हुए यह भी ख्याल रखना होगा कि उसका अपना हित प्रभावित न हो।

**सकारात्मक माहौल:** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने में भारत को भले न बख्शा हो, लेकिन चीन, वियतनाम, बांग्लादेश जैसे देशों की तुलना में नरमी जरूर दिखायी। चीन के 245% के मुकाबले ट्रंप ने भारत पर 26% टैरिफ लगाया और इसे भी 90 दिनों के लिए रोक दिया है। टैरिफ के इसी अंतर को कई विशेषज्ञ भारत के लिए बड़ा मौका बता रहे हैं। इसी सप्ताह वाशिंगटन में व्यापार समझौते को लेकर दोनों देशों के वार्ताकार आमने-सामने बैठेंगे। इससे पहले वेंस की यात्रा बातचीत के लिए सकारात्मक माहौल बनाने में मदद करेगी।

**भारत की चिंता:** ट्रंप अपने 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' कैंपेन को लेकर बहुत आक्रामक हैं। उनके प्रशासन का कहना है कि व्यापार समझौते के जरिये अमेरिका व्यापार में संतुलन कायम करना चाहता है। लेकिन इस संतुलन की एवज में जो मांगें की जा रही हैं, उन्हें भारत पूरी तरह स्वीकार नहीं कर सकता, मसलन - अमेरिकी इ-कॉमर्स कंपनियों के लिए बाजार खोल देना।

**उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। अमेरिका अपनी कंपनियों के लिए मुक्त बाजार चाहता है, लेकिन भारत को अपने हितों की रक्षा करनी होगी।**

**छोटे दुकानदारों का हित:** देश के उपभोक्ताओं, दुकानदारों-व्यापारियों से जुड़ी कुछ चिंताएं हैं, जिन्हें भारत को अमेरिका के सामने रखना होगा। भारत में बड़ी संख्या में छोटी दुकानों से लोगों को रोजगार मिला हुआ है। इसलिए परंपरागत रूप से ये लोग दिग्गज अमेरिकी इ-कॉमर्स कंपनियों के विरोधी रहे हैं। इन दुकानदारों के हितों को सुरक्षित रखने के लिए केंद्र सरकार ने इ-कॉमर्स से संबंधित नियमों में पहले बदलाव भी किये थे।

**सीधी बात:** इसके साथ अमेरिका अगर कृषि उत्पादों, मांस उत्पादों को लेकर भारत पर दबाव बनाता है, तो भारतीय हितों को संरक्षित रखना होगा। भारत में कृषि क्षेत्र राजनीतिक रूप से भी बहुत संवेदनशील है। इस तरह के मामलों में भारत को अपना रुख समझाना होगा।

**दोस्त की जरूरत:** आज ट्रंप टैरिफ को लेकर भले ही चीन-भारत समेत दुनिया पर दबाव बना रहे हैं, लेकिन उन्हें दोस्त की भी जरूरत है। उनके लिए भारत, चीन का विकल्प हो सकता है। भारत और अमेरिका ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। द्विपक्षीय समझौते से इसकी जमीन तैयार की जा सकती है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**दुर्भाग्य से ऐसा प्रतीत होता है कि ममता बनर्जी मृतकों और घायलों से मिलने और उनके आंसू पोंछने की बजाय लगभग एक वर्ष के बाद होने वाले बंगाल चुनाव की गोटियां बिछाने में लगी हैं। जाहिर है कि यदि ऐसा नहीं होता, तो वह कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम पहुंच कर इमामों से मिलने की बजाय मुर्शिदाबाद हिंसा कांड के पीड़ित-प्रताड़ित, खौफजदा, बेबस और लाचार भुक्तभोगी परिवारों से मिलने, उनको मदद पहुंचाने और उनका दुख-दर्द बांटने जातीं।**

# मुर्शिदाबाद हिंसा कांड पर कुछ अनुत्तरित सवाल

**आलोक चेतन**



**पश्चिम** बंगाल के हिंसाग्रस्त मुर्शिदाबाद के धुलियान कस्बे में वैसे तो वक्फ कानून का विरोध आठ अप्रैल से चल रहा था, लेकिन शुक्रवार 11 अप्रैल को जुमे की नमाज के बाद इलाके में माहौल अचानक तब बिगड़ गया, जब लगभग 150 लोगों ने मोहल्ले के निहत्थे और मासूम निवासियों पर जोरदार हमला कर दिया। जब 51 साल की बेबस और लाचार महिला जानकी मंडल ने फूट-फूट कर रोते हुए अपनी आंखों के सामने घटी घटना का टीवी पर वर्णन किया, तो सचमुच बहुत दुख हुआ। वह बता रही थीं कि बेकाबू भीड़ ने हिंदुओं के घरों और दुकानों में आग लगा दी। पुरुषों को मारा-पीटा और सबकी आंखों के सामने ही उनकी बेटी-बहुओं और माताओं का मान लूटने की कोशिश की। उग्र भीड़ में शामिल आततायियों ने मोहल्ले वालों को धमकी दी कि भाग जाओ, वरना मारे जाओगे और लाचार मोहल्ले वाले चुपचाप यह सब देखते-सुनते रहे। फिलहाल, अपने ही देश में मालदा के वैष्णव नगर स्थित एक स्कूल में शरणार्थी बनकर रह रहीं जानकी मंडल ने यह भी बताया कि कैसे वह अपनी इज्जत और जान बचा कर बच्चों के साथ वहां से भागी थीं। बता दें कि यह पीड़ा केवल जानकी मंडल की नहीं, बल्कि वैष्णव नगर के स्कूल में शरणार्थी बनकर रह रहे लगभग चार दर्जन हिंदू परिवारों की भी है, लेकिन ऐसा सोचना मूर्खता होगी कि मुर्शिदाबाद हिंसा कांड के सबसे अधिक पीड़ित और दुखी धुलियान कस्बे के लोग ही हैं।

**उन्हें लगता है कि यदि बीएसएफ हटा, तो फिर से स्थितियां खराब हो सकती हैं।**

और ऐसा सोचने की भूल तो कदापि नहीं करनी चाहिए कि इस भयावह पीड़ा और संत्रास वाली निर्मम घटनाओं की चौहद्दी धुलियान कस्बे तक ही सीमित है, बल्कि सच तो यह है कि मुर्शिदाबाद के विभिन्न इलाकों से आने वाली इस पीड़ा और संत्रास की आर्त चीखें दूर-दूर तक किसी भी संवेदनशील व्यक्ति के लिए हृदय विदारक रही हैं। जाहिर है कि दुख-दर्द, निराशा, हताशा, बेबसी, लाचारी और आक्रोश से भरी बिल्कुल धुलियान के लोगों जैसी ही कहानियां कई अन्य इलाकों की भी हैं। टीवी चैनलों की भीड़ में एक चैनल पर शमशेरगंज इलाके के प्रसेनजीत दास ने भी रोते-कलपते हुए अपनी आपबीती तथा आंखों देखी घटनाएं टीवी पर बतायी। गौरतलब है कि मुर्शिदाबाद हिंसा के मृतकों में से दो लोग प्रसेनजीत दास के परिवार से ही थे। मृतकों में एक उनका चचेरा भाई हरगोविंद दास और दूसरा भतीजा चंदन था। प्रसेनजीत ने जैसा टीवी पर बताया कि 10 अप्रैल की रात में लगभग 400 लोगों की भीड़ तलवार और छुरियां लहराते हुए मोहल्ले में घुसी। भीड़ में शामिल आततायियों ने 25 से 30 घरों, होटलों, दुकानों आदि में तोड़-फोड़ की और उन्हें आग के हवाले कर दिया। आंखों में भय भर कर प्रसेनजीत ने बताया कि भीड़ बहुत उग्र थी, इसलिए हमलोग उनसे भिड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पाये और जो कुछ वे करते रहे, हमलोग चुपचाप देखते रहे।

**और ऐसा सोचने की भूल तो कदापि नहीं करनी चाहिए कि इस भयावह पीड़ा और संत्रास वाली निर्मम घटनाओं की चौहद्दी धुलियान कस्बे तक ही सीमित है, बल्कि सच तो यह है कि मुर्शिदाबाद के विभिन्न इलाकों से आने वाली इस पीड़ा और संत्रास की आर्त चीखें दूर-दूर तक किसी भी संवेदनशील व्यक्ति के लिए हृदय विदारक रही हैं।**

उक्त घटना के संबंध में एक अन्य बेहद खौफजदां व्यक्ति ने बताया कि भीड़ की उग्रता और आतंक इतना था कि कोई कुछ भी करने में असमर्थ महसूस कर रहा था। इसलिए सभी अपनी-अपनी जान बचाकर भागने में ही लगे रहे। जाहिर है कि ये सभी आपबीती तथा आंखों देखी पीड़ा-व्यथाएं बिल्कुल सच्ची हैं। इनके अलावा एक और सच, जिसे अब पूरी दुनिया जान और समझ चुकी है, वह यह कि इतनी बड़ी घटना घट जाने के बाद भी बंगाल सरकार की मुखिया ममता बनर्जी की 'ममता' अब तक नहीं जाग पायी है। जरा सोचिए कि बंगाल के मुर्शिदाबाद के सुती, धुलियान, शमशेरगंज और जंगीपुर इलाकों में हुई हिंसा में कम से कम तीन लोगों की जान चली गयी, 15 पुलिसकर्मी घायल हुए और सैकड़ों लोग बेघर हो गये। हालांकि इस मामले में अब तक तीन सौ से भी ज्यादा लोग गिरफ्तार किये गये हैं। वहीं कोलकाता हाइकोर्ट के आदेश के बाद हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय सुरक्षा बलों के 16 सौ जवान भी तैनात किये जा चुके हैं। हिंसा प्रभावित शमशेरगंज के एक निवासी हबीबउर रहमान ने बताया कि बीएसएफ और सीआरपीएफ की तैनाती के बाद इलाके में माहौल शांत है। वैसे खबरें यह भी आ रही हैं कि प्रशासन ने लोगों से दुकानें खोलने और अनुशासन बनाये रखने की बात कही है। वहीं पीड़ित हिंदू परिवारों ने बीएसएफ की स्थायी तैनाती की मांग की है। उनके भीतर उस उग्र भीड़ का ऐसा खौफ समाया है कि उन्हें लगता है कि यदि बीएसएफ हटा, तो फिर से स्थितियां खराब हो सकती हैं।

लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा प्रतीत होता है कि ममता बनर्जी मृतकों और घायलों से मिलने और उनके आंसू पोंछने की बजाय लगभग एक वर्ष के बाद होने वाले बंगाल चुनाव की गोटियां बिछाने में लगी हैं। जाहिर है कि यदि ऐसा नहीं होता, तो वह कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम पहुंच कर इमामों से मिलने की बजाय मुर्शिदाबाद हिंसा कांड के पीड़ित-प्रताड़ित, खौफजदा, बेबस और लाचार भुक्तभोगी परिवारों से मिलने, उनको मदद पहुंचाने और उनका दुख-दर्द बांटने जातीं। यदि यह भी मान लें कि उनकी कोई राजनीतिक मजबूरी रही होगी, तो कम-से-कम पीड़ितों को सांत्वना देने और ढाढ़स बंधाने के लिए वह अपना एक प्रतिनिधि ही भेज देतीं, लेकिन अब तक उन्होंने ऐसा भी नहीं किया है। हां, मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा उन्होंने अवश्य की है। बहरहाल, उक्त घटना के गर्भ से कुछ बेहद गंभीर सवाल उठे हैं, जो सरकारों और सुरक्षा एजेंसियों को कठघरे में खड़ा करने की ताकत रखते हैं। जरा सोचिए कि कहां तो हम बांग्लादेश के हिंदुओं की चिंता करते नहीं अघाते थे, लेकिन हम तो अपने ही घर बंगाल के हिंदुओं की रक्षा कर पाने में असमर्थ साबित होने लगे हैं। और तो और, अब जांच एजेंसियां बता रही हैं कि मुर्शिदाबाद हिंसा की योजना तुर्की में बनाया गया था, जिसे बांग्लादेश के रास्ते बंगाल तक पहुंचाया गया। यह भी कि इसके लिए बाकायदा दो महीने पहले ही ट्रेनिंग दी गयी थी, जिसमें पुलिस से बचकर दंगा भड़काने और स्थानीय मदरसों से मदद लेने की भी बातें शामिल हैं।

इस पर दो बेहद गंभीर सवाल बनते हैं। पहला यह कि हम हिंदुओं को प्रताड़ित करने के लिए किस मुंह से यूनुस को दोष दें। उनसे कैसे कहें कि बांग्लादेश में हिंदू असुरक्षित और पीड़ित हैं, जबकि सच तो यह है कि हिंदू बंगाल में भी सुरक्षित नहीं हैं। दूसरा सवाल यह कि राज्य और केंद्र की हमारी सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां क्या कर रही थीं कि तुर्की में बनी और बांग्लादेश के रास्ते मुर्शिदाबाद तक पहुंची योजना को हम विफल नहीं कर पाये। जब हिंसा के दौरान बांग्लादेश से भारत में 71 से 150 कॉल किये गये, तब हमने उन्हें इंटरसेप्ट क्यों नहीं किया। वास्तव में ये कुछ सवाल हैं, जिनके उत्तर मिलना अभी शेष हैं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

## पहलगाम आतंकी हमला अत्यंत दु:खद और घोर निंदनीय : मंगल कालिंदी



**जुगसलाई (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे कायरतापूर्ण, अत्यंत दु:खद और घोर निंदनीय बताया है। उन्होंने कहा निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाना मानवता पर हमला है और इसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। विधायक श्री कालिंदी ने कहा पूरा देश इस दुख की घड़ी में एकजुट है और आतंकवाद के खिलाफ हमारी एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यह हमला हमारी राष्ट्रीय अखंडता को कमजोर नहीं कर सकता।उन्होंने परमात्मा से दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवारों को इस विकट घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। साथ ही हमले में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी प्रार्थना की। श्री कालिंदी ने केंद्र और जम्मू-कश्मीर प्रशासन से इस हमले में शामिल दोषियों को जल्द से जल्द कठोरतम सजा देने की मांग की। ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके और इसके लिए सख्त कदम उठाया जाये।

## पहलगाम हमला कायरता की चरम सीमा, देश एकजुट होकर देगा जवाब : संजीव सरदार



**पोटका (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का पोटका विधायक संजीव सरदार ने कड़े शब्दों में निंदा की। विधायक ने इस हमले को देश की एकता और शांति पर हमला बताया। विधायक श्री सरदार ने कहा यह हमला कायरता की चरम सीमा है। ऐसे हमलों से देश की एकता को कमजोर नहीं किया जा सकता। पूरा देश एकजुट है और एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है। भारत कभी झुका नहीं है और न कभी झुकेगा। आतंक के खिलाफ हमारी लड़ाई निर्णायक होगी। उन्होंने केंद्र सरकार से आतंकियों और उनके मददगारों के खिलाफ कठोर और निर्णायक कार्रवाई की मांग की। ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। विधायक ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए कामना की। श्री सरदार ने भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के साहस और समर्पण को सलाम करते हुए कहा ह्लदेश को अपने सुरक्षाबलों पर गर्व है। हमें इन कठिन परिस्थितियों में एकता और सहयोग का परिचय देना चाहिए और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना चाहिए।

## आदर्श चौधरी को जेइइ मेन में 98.18 प्रतिशत अंक मिले

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** कोलाबेरा निवासी आदर्श चौधरी ने जेईई मेन परीक्षा में 98.18 प्रतिशत अंक हासिल कर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे इलाके का नाम रोशन किया है। उसकी इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। आदर्श चौधरी के इस शानदार प्रदर्शन पर उनके दादा अनिल चौधरी, पिता अमित चौधरी और माता प्रतिभा चौधरी अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। परिवारजनों का कहना है कि आदर्श शुरू से ही पढ़ाई में रुचि रखने वाला और अनुशासित छात्र रहा है।

## भाजपा ने पहलगाम हमले पर जताया आक्रोश




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 27 निर्दोष पर्यटकों की हत्या के खिलाफ बुधवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे। महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में साकची से जुबिली पार्क तक आतंकवाद के खिलाफ पैदल मार्च निकाला गया और आतंकवाद व पाकिस्तान का पुतला दहन कर विरोध जताया गया। कार्यकताओं ने आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब और पाकिस्तान पर कठोर सैन्य कार्रवाई की मांग की। साथ ही दिवंगतों के लिए दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई।ओझा ने कहा कि यह भारत की अस्मिता पर हमला है, अब वक्त निर्णायक कार्रवाई का है।मौके पर मनोज कुमार सिंह, जटाशंकर पांडेय, डॉ राजीव, कुसुम पूर्ति, बबुआ सिंह, संजीव सिंह, मिली दास, संजीव कुमार, रमेश हांसदा, प्रेम झा, अखिल सिंह, संजीत चौरसिया, बिनोद सिंह, ज्ञान प्रकाश, उज्ज्वल सिंह, अमित सिंह, सागर राय, मंजीत सिंह, रमेश बास्के, प्रदीप मुखर्जी, अमिताभ सेनापति, चिंटू सिंह, बिनोद राय, पप्पू उपाध्याय, प्रशांत पोद्दार, आनंद कुमार, रबिन्द्र सिसोदिया, जीवन लाल, अमित मिश्रा, अप्पा राव, दीपक झा, अरुण मिश्रा, मारुति नंदन पांडेय, लक्ष्मण श्रीवास्तव, मुकेश कुमार, राकेश दुबे संजना साहू समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और आमजन मौजूद रहे।

## हिंदू विरोधी नरसंहार राष्ट्र के सम्मान और स्वाभिमान पर सीधा हमला : काले



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले का भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने कड़ी निंदा करते हुए इसे एक सुनियोजित, अमानवीय और घृणित मानसिकता से प्रेरित धार्मिक नरसंहार करार दिया है। उन्होंने कहा यह हमला केवल निर्दोष श्रद्धालुओं पर नहीं था, यह हमारे राष्ट्र की आत्मा, हमारी एकता और सांस्कृतिक गरिमा पर किया गया सीधा प्रहार है। आतंकवादियों ने यात्रियों की पहचान कर नाम और धर्म पूछकर उन्हें उनके परिजनों के समक्ष गोलियों से भून दिया। यह क्रूरता मानवता को शर्मसार करने वाली है।

## दक्षिणी छोटा नागपुर रेंज के आइजी अखिलेश झा सरायकेला पहुंचे



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** दक्षिणी छोटा नागपुर रेंज के आईजी अखिलेश झा बुधवार को सरायकेला पहुंचे। जहां उन्होंने जिला पुलिस मुख्यालय के कार्यप्रणाली की समीक्षा की एवं जरूरी दिशा- निर्देश दिए। इस दौरान आईजी ने जिले के पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा भी की। वहीं जिले में अपराध एवं अपराधियों के गतिविधियों की रोकथाम को लेकर किया जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए हर हाल में अपराध पर नकेल कसने का निर्देश दिया। इससे पूर्व एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। आईजी ने करीब छ: घंटे तक फाइलों का बारीकी से अध्ययन किया।

## विदेशी शराब के साथ दो गिरफ्तार, तीन फरार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सहायक आयुक्त उत्पाद को मिली गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने एमजीएम थाना अंतर्गत तुरियाबेड़ा-सिमुलडांगा मार्ग पर छापेमारी की। बुधवार को छापेमारी के दौरान विभाग ने लगभग दस लाख की अवैध विदेशी शराब जब्त करते हुए घटना में शामिल दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि घटना में शामिल अन्य लोग मौके से फरार हो गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानी पर 180 पेटी विदेशी अवैध शराब जप्त किया गया।कार्रवाई के दौरान एक छोटे मालवाहक से चालक मौके से भागने में सफल रहा,लेकिन दोनों ऑटोरिक्शा चालकों को जवानों ने धर दबोचा। प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार चालकों ने खुलासा किया यह खेप कुख्यात शराब माफिया नीरज गुप्ता के सहयोगी मनोज वर्मा उर्फ चिकना के निर्देश पर शहर में सप्लाई की जा रही थी। जानकारी मिली जब्त शराब रांची से नीरज गुप्ता एवं निखिल सिंह उर्फ सोनू सिंह द्वारा मंगायी गयी थी। फिलहाल छापामारी के दौरान गिरफ्तार आरोपियों में आदर्श नगर मानगो निवासी बबलू केशरी, डिमना बस्ती निवासी संजय मल्लिक शामिल है। वही फरार अभियुक्त में सहारा सिटी आजाद बस्ती मानगो निवासी निखिल कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह, सीतारामडेरा निवासी नीरज गुप्ता, पोस्ट ऑफिस रोड मानगो निवासी मनोज वर्मा उर्फ चिकना के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज कर फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## एनटीटीएफ आरडीटाटा तकनीकी संस्थान में अलविदा समारोह आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** एनटीटीएफ आरडी टाटा तकनीकी संस्थान में 2022-25 बैच के छात्रों के लिए अलविदा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान की प्राचार्य प्रीता जॉन एवं उप प्राचार्य रमेश राय द्वारा दीप प्रज्जलित कर की गयी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के शिक्षकगण, स्टाफ व सभी विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मौके पर संस्थान ने अंतिम वर्ष के छात्रों को समर्पित उनके नये जीवन यात्रा के लिए शुभकामनाओं के साथ विदाई दी। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। इलेक्ट्रॉनिक्स डिपार्टमेंट द्वारा प्रस्तुत नृत्य से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके बाद दृशा और ग्रुप ने मधुर गायन प्रस्तुत कर समां बांध दिया। तनीषा ग्रुप, सत्या ग्रुप, आकाश के गीत और मोहिंद्र के नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रभावशाली विदाई भाषण प्रस्तुत की गयी। अनिकेत (मेकाट्रॉनिक्स), अनुज (टूल एंड डाई), प्रियांशु एवं श्रेया (कंप्यूटर), ऋषिका (इलेक्ट्रॉनिक्स) ने अपनी भावनाओं को शब्दों में पिरोते हुए सभी शिक्षकों और साथियों के प्रति आभार व्यक्त की। संस्थान के उप प्राचार्य रमेश राय ने फेयरवेल भाषण में समारोह को भावुक कर दिया। वहीं लालजी द्वारा बांसुरी की मधुर धुन ने माहौल को संगीतमय बना दिया।प्राचार्य श्रीमती प्रीता जॉन ने प्रेरणादायक संबोधन में छात्रों को जीवन मे तकनीकी शिक्षा को मार्गदर्शक बनाकर आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों विभिन्न तकनीकी कंपनियों में अपनी जगह सुनिश्चित कर संस्थान को गौरवान्वित किया है। धन्यवाद ज्ञापन पल्लवी चौधरी द्वारा की गयी। मौके पर जगदीश महतो, ज्योति कुमारी, श्री ठाकुर, शर्मिष्ठा, पल्लवी चौधरी, स्मृति, रोहित कुमार सिंह, हरीश कुमार हिरेश, विवेक, नकुल कुमार, सुमन कुमार, राजीव रंजन, शिवा प्रसाद आचार्य, निरंजन कुमार, पंकज घोष, प्रीति, मिथिला, लक्ष्मण सोरेन, मंजुला, वीणा, इतिश्री, शर्मिष्ठा सहित अन्य शिक्षकगण शामिल रहे।

# पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में गढ़वा में आक्रोश प्रदर्शन




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ टाऊन हॉल मैदान से रंका मोड़ तक मशाल जुलूस आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम किया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने किया।

मौके पर संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि पाकिस्तान ने साजिश कर भारत पर कायराना हमला किया है। धर्म संप्रदाय पुछकर हिन्दुओं पर हमला किया गया है, लेकिन केंद्र में बैठी मोदी सरकार ऐसे आतंकी को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है। पाकिस्तान शायद यह भुल रहा है कि भारत में नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री बैठा है जो दुश्मनों को घर में घुस कर मारता है। गृहमंत्री अमित शाह राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल जैसे लोग सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय चौबे ने कहा कि हमला करने वाले दुनिया के किसी कोने में होंगे उनका नेस्तनाबूद होना तय है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हमेशा से भारत के पीठ पर वार किया है लेकिन अब वह खेल नहीं चलेगा। जिस तरह से निहत्थे पब्लिक के ऊपर आतंकवादियों ने हमला किया यह कायरता की पराकाष्ठा है। धर्म के आधार पर गोलीबारी किया गया है जो अत्यंत ही निंदनीय कृत्य है।

उन्होंने कहा कि भारत शक्तिशाली देशों में शामिल हो चुका है भारत पर हमला करने वाले आतंकवादी विश्व के किसी भी जगह छुपे होंगे वह बच नहीं पायेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी भाजपा नेता ब्रजेश उपाध्याय जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप जयंत पांडेय शुभम गुप्ता पार्वती सिंह रितेश दुबे टिंकू गुप्ता प्रवीण पाल, कंचन पांडेय, मनोज महतो, अंकित तिवारी, लक्ष्मीकांत पांडेय, अरविंद पटवा, अमर गुप्ता, करण चंद्रवंशी सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आरकेपीएस में शोक सभा आयोजित कर आतंकी हमले में मारे गये निर्दोष पर्यटकों को दी गयी श्रद्धांजलि



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद देशभर में शोक और आक्रोश का माहौल है। इस हमले में लगभग 26 निर्दोष नागरिकों की जान चली गयी, जिनमें विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं। इसी क्रम में आरके पब्लिक स्कूल में शोक सभा आयोजित कर आतंकी हमले में मारे गये निर्दोष पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने कहा कि पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला अत्यंत दुखद, निंदनीय और मानवता के विरुद्ध एक कायरता पूर्ण कृत्य है। उन्होंने इस आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह मानवता को शर्मशार करने वाली घटना है। हमें पूर्ण विश्वास है कि सरकार और सेना इस कायरता का जवाब जल्द देगी। भगवान से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर उनके परिजनों को दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

## रोजगार सेवक को घूस लेते एसीबी ने पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर प्रखंड के कोरवाडीह पंचायत में पदस्थापित रोजगार सेवक गुलजार अंसारी को बुधवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी गुलजार अंसारी को 5,000 रुपये की रिश्वत लेते समय पकड़ा गया। मामला मनरेगा के तहत कोरवाडीह गांव में संचालित डोभा निर्माण योजना से जुड़ा है, जिसके लाभार्थी अखिलेश चौधरी हैं। अखिलेश जब अपने बकाया भुगतान और मास्टर रोल पर हस्ताक्षर कराने के लिए रोजगार सेवक से मिले, तो गुलजार अंसारी ने 5,000 रुपये की रिश्वत मांगी। इस संबंध में अखिलेश ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, मेदिनीनगर को शिकायत दी। जांच में शिकायत सही पायी गयी, जिसके बाद एसीबी ने बुधवार दोपहर एक बजे योजनाबद्ध कार्रवाई करते हुए दंडाधिकारी और दो स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में गुलजार अंसारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तार गुलजार अंसारी (उम्र 53 वर्ष) कंचनपुर गांव का रहने वाला है और वर्तमान में कोरवाडीह पंचायत में रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत था।



## कांडी की खुशबू ने यूपीएससी परीक्षा में प्राप्त किया 977वां रैंक, घर में खुशी का माहौल

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी/गढ़वा।** यूपीएससी की परीक्षा में गढ़वा जिले से दो बेटियों ने बाजी मारी, जिसमें एक जिले के मेराल प्रखंड के अकलवानी की छाया कुमारी और दूसरी कांडी प्रखंड अंतर्गत चटनीया पंचायत के पिपरडीह गांव की बेटी खुशबू लक्ष्मी ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 977वीं रैंक प्राप्त कर प्रखंड, जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। उनके इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष और गौरव की लहर दौड़ गयी है।

खुशबू लक्ष्मी के पिता कृष्ण मुरारी पांडेय एक साधारण किसान हैं, जो स्टेट रेंडिंग (डिपो) का कुछ दिनों तक कार्य किए उसके पश्चात सहारा के एजेंट के रूप में मेहनत कर अपने चार बच्चों को शिक्षित कर रहे हैं। उनकी माता का नाम किरण पांडेय है। खुशबू तीन बहनों में सबसे छोटी बहन हैं उसके बाद एक छोटा भाई है।



खुशबू की प्रारंभिक शिक्षा पश्चिमी सिंहभूम के गोइलकेरा में हुई, हाई स्कूल ज्ञान निकेतन, गढ़वा और इंटरमीडिएट गोपीनाथ महिला कॉलेज, गढ़वा से पूरी की। इसके बाद उन्होंने मणिपाल यूनिवर्सिटी से बीसीए और राउरकेला से एमसीए की पढ़ाई पूरी की। 2019 से वे दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रही थीं और पहले ही प्रयास में सफलता हासिल कर ली।

खुशबू की सफलता पर न केवल उनके परिवार में बल्कि पिपरडीह, गोइलकेरा और पूरे गढ़वा जिले में खुशी का माहौल है। लोग उनके घर पहुंचकर उन्हें बधाइयां दे रहे हैं और सोशल मीडिया पर भी उनके लिए शुभकामनाओं का तांता लगा हुआ है। खुशबू लक्ष्मी की यह सफलता न केवल उनके माता-पिता के संघर्षों को सलाम करती है बल्कि जिले की बेटियों के लिए प्रेरणा बनकर सामने आई है। उनके पिता भावुक होते हुए कहते हैं, आज मेरी बेटी ने पूरे परिवार का मान बढ़ाया है, अब मेरा सिर गर्व से ऊंचा हो गया है। गढ़वा की धरती ने एक और सितारा दिया है, जो आने वाली पीढ़ियों को रास्ता दिखायेगा और साबित करेगा कि संकल्प और मेहनत से कोई भी सपना हकीकत बन सकता है।

## बीडीएसयू में वीर कुंवर सिंह जयंती कार्यक्रम का आयोजन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। बुधवार को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में वीर कुंवर सिंह जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) एमके सिंह एवं कुलसचिव प्रो (डॉ) अजय भूषण प्रसाद तथा परीक्षा नियंत्रक डॉ ललन कुमार के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कुलपति महोदय ने कहा कि वीर कुंवर सिंह हमारे राष्ट्र के गौरव है और उनके योगदान को हमारा राष्ट्र कभी भूल नहीं सकता। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों प्राचार्य, शिक्षक और छात्र-छात्रा उपस्थित रहें, जिसमें डॉ सुनीता गुप्ता, दिव्या तिरु, डॉ पीडी तिवारी, शशिकांत सिंह यादव, प्रवीण सिंह, राकेश सिंह, आनंद कुमार चौबे, सतीश, रेखा, मनोज, दीप्ति, उमा, अश्विनी यादव आदि उपस्थित रहे।

## देवकी महावीर होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय में पोषण पखवाड़ा का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। देवकी महावीर होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं रिसर्च अस्पताल गढ़वा के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा के उपलक्ष्य में बिमला निकेतन पब्लिक स्कूल फरटिया गढ़वा में बच्चों के स्वास्थ्य संवर्धन हेतु कार्यशाला एवं 70 बच्चो का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। यह कार्यक्रम डॉ रूपा तिवारी और डॉ बृजेश यादव के निर्देशन में संपन्न हुआ और उनके साथ बीएचएमएस चतुर्थ वर्ष के छात्र - छात्राएं प्रशांत, तस्लीमुल, सुरभी, अंकित, लक्ष्मी, गौसिया, अनुराधा उपस्थित रहे।

## नदी में डूबने से बारह वर्षीय बच्ची की मौत

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। खरौंधी थाना क्षेत्र के बैतरी गांव में बुधवार की दोपहर में नदी में डूबने से बारह वर्षीय बच्ची की मौत हो गयी। मृतका की बैतरी गांव निवासी कुलदीप राम की पुत्री सुषमा कुमारी बतायी जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही खरौंधी पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर घटना की जानकारी लेते हुए शव का पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## झारोटेफ के सदस्यों ने झारखंड सरकार के नाम बीडीओ को आठ सूत्री मांग पत्र सौंपा

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड इंप्लॉई फेडरेशन प्रखंड इकाई भवनाथपुर के द्वारा आठ सूत्री मांगों को लेकर बुधवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के अपर सचिव और मुख्य सचिव झारखंड सरकार के नाम हस्ताक्षरयुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम को मांग पत्र का ज्ञापन सौंपा। झारोटेफ के भवनाथपुर प्रखंड अध्यक्ष वरुण सिंह ने कहा कि हमारी आठ सूत्री मांगों में प्रमुख मांग राज्य के अन्य कर्मियों की भांति शिक्षक संवर्ग को एमएसीपी का लाभ दिया जाये, सेवानिवृत्ति अवधि बासठ साल करने, राज्य कर्मियों के एनपीएस में जमा राशि को वापस लाने हेतु कदम उठाई जाये, 300 दिनों से अधिक अवकाश उपार्जित होने वाले अवकाश के उपभोग की स्वीकृति प्रदान की जाये, केंद्रीय कर्मियों की भांति राज्य कर्मियों को भी शिशु शिक्षण भत्ता दिये जाने सहित अन्य प्रमुख मांग शामिल है। कहा कि उनकी मांगों पर सरकार शीघ्र सकारात्मक पहल करें। इस मौके पर झारोटेफ के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार, प्रखंड सचिव प्रिया कुमारी, शिक्षक दिलीप उपाध्याय, मनोज, रामाश्रय पाल, विजय कुमार रवि, राकेश, सुनील, सत्यप्रकाश, अनिल सहित अन्य उपस्थित थे।

## एसडीएम ने तीन सरकारी चापानलों में लगे निजी मोटर खुलवाये

**सार्वजनिक हैंडपंपों को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु पेयजल विभाग और बीडीओ को दिया निर्देश**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से प्राप्त शिकायत के आलोक में मेराल के बाना गांव में तीन सरकारी चापाकलों से निजी मोटर के कनेक्शन खुलवाए। साथ ही हिदायत दी कि यदि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति हुई तो सबमर्सिबल मोटर की जब्ती के साथ-साथ उन पर प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक हैंडपंप हर किसी के उपयोग के लिए है न कि निजी मोटर डालकर खेती-बाड़ी और सिंचाई करने के लिए। उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता और सभी बीडीओ को भी पत्र लिखकर कहा जा रहा है कि उनके द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत लगाये गये हैंडपंप सरकारी संपत्ति हैं, इसलिए अपनी इन संपत्तियों का अपने स्तर से सर्वेक्षण करवा लें, जहां पर उन्हें इन चापाकलों पर अतिक्रमण या निजी कब्जा दिखे तो वे या तो स्वयं अपने स्तर से अतिक्रमण हटवाना सुनिश्चित करें या अंचल अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर इन्हें कब्जा मुक्त करवाए या फिर वे अनुमंडल कार्यालय को इस बात की सूचना दें। स्थानीय ग्रामीणों ने निजी उपयोग में लाये जा रहे सरकारी हैंडपंपों से मोटर हटाये जाने पर हर्ष व्यक्त किया और एसडीओ की त्वरित कार्रवाई पर धन्यवाद दिया।

## सड़क जाम करने का साक्ष्य मिलने पर होगी प्राथमिकी दर्ज : सीओ

**सड़क जाम करने नहीं, उड़ रही धूल से परेशान लोग उतरे थे सड़क पर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** अंचलाधिकारी यशवंत नायक ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर 'सड़क निर्माण के दौरान उड़ रही धूल से परेशान लोगों ने किया सड़क जाम'। उक्त के आलोक में मंगलवार की सुबह लगभग 8.30 बजे दूरभाष के माध्यम से सूचना प्राप्त हुआ था कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेराल, पिलर संख्या-5 के समीप कुछ ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर जमा हुए हैं। सूचना पाकर अविलंब थाना प्रभारी के साथ पहुंचे। लोगों का मांग था कि सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा नियमित रूप से पानी का छिडकाव नहीं किये जाने से लोगों को परेशानी हो रही है। लोग निर्माण कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर को बुलाना चाह रहे थे। कंपनी के प्रतिनिधि के रूप में जूनियर इंजीनियर उपस्थित हुए और उनके लिखित आश्वासन पर मामला शांत हुआ। जिस समय हमलोग वहां पहुंचे उस समय सडक जाम नहीं था कुछ उपस्थित लोगों से भी बात की गयी, बताया गया कि सड़क जाम नहीं किया गया है। वहां सड़क के एक तरफ निर्माण कार्य जारी रहने के कारण जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो गयी थी, जिसे थोड़ी देर में यातायात नियमित करा दिया गया। इस घटनाक्रम को मेराल थाना के स्टेशन डायरी में अंकित करा दिया गया है। भविष्य में सड़क जाम किये जाने सम्बन्धी साक्ष्य उपलब्ध होने पर संबंधित पर सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने इसकी प्रतिलिपि सभी समाचार पत्रों के साथ जिला जनसंपर्क पदाधिकारी गढ़वा तथा अनुमंडल पदाधिकारी, गढ़वा को सूचनार्थ प्रेषित किया गया है।

## श्री बंशीधर नगर से लापता बच्चे कानपुर से बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर थाने की पुलिस ने श्री बंशीधर नगर से लापता तीनों बच्चों को उत्तर प्रदेश के कानपुर से सकुशल बरामद कर लिया है। सभी बच्चे सीडब्लूसी के यहां से लाये गये हैं। इसकी जानकारी देते हुये नगर ऊंटारी थाने के अनि जितेंद्र कुमार ने बताया कि गत 18 अप्रैल को नगर ऊंटारी से तीन नाबालिग बच्चे बर्थडे पार्टी के बाद लापता हो गये थे। बच्चों के लापता होने के बाद बच्चों के परिजनों के द्वारा इस संबंध में थाने में सूचना दर्ज करायी गयी थी। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान बरामद किये गये बच्चों ने बताया कि वे लोग 18 अप्रैल को अहिपुरवा में अपने दोस्त के यहां बर्थडे पार्टी में गये थे। पार्टी में देर रात होने के कारण परिजनों के डर से वे लोग घर न जाकर नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन पहुंच गये तथा नाना नानी के घर गया पटना जाने की बात कहकर टाटा जम्मूतवी एक्सप्रेस पर सवार हो गये। कानपुर में बच्चों की नींद खुलने के बाद रौशन नामक बच्चा ने कहा कि मेरी बुआ दिल्ली में रहती है चलो हमलोग दिल्ली में लालकिला घूम कर आ जायेंगे। दिल्ली पहुंचने के बाद बच्चों ने पुनः दिल्ली से वापस आने के लिये ट्रेन पकड़ लिया। ट्रेन में ही बच्चों ने अपने परिजनों से संपर्क कर पूरी बात बतायी। परिजनों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी।

आरपीएफ ने तीनों बच्चों से पूछताछ करने के बाद बच्चों को सीडब्लूसी के हवाले कर दिया। नगर ऊंटारी पुलिस कानपुर पहुंच कर सीडब्लूसी से बच्चों को हैंडओवर लेकर बुधवार की सुबह थाना पहुंची। पुलिस ने बच्चों का मेडिकल कराने के पश्चात सीडब्लूसी को सौंप दिया। बाद में पूरी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद सीडब्लूसी ने तीनों बच्चों को उनके परिजनों को सौंप दिया।

## लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक ने भीताबांध का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव के पहल पर लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता डेविड तिर्की और कनीय अभियंता अनिल कुमार बुधवार को भीताबांध के जीर्णोद्धार हेतु बांध का स्थल निरीक्षण करने पहुंचे। लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता डेविड तिर्की ने कहा कि भीता बांध के ध्वस्त होने से स्थानीय किसानों को परेशानी हो रही है। लेकिन आज हम लोगों ने बांध तथा यहां के निकलने वाली कैनाल का निरीक्षण किया है। अब इसके हिसाब से नये सिरे से इसका डिजाइन और डीपीआर तैयार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विभाग जल्द से जल्द अग्रतर कार्रवाई के लिए इसका प्रपोजल आगे की तरफ भेजने की तैयारी में है, ताकि किसानों को ससमय सिंचाई का समुचित लाभ मिल सके। जानते चलें कि कई दशक पुरानी बनी उक्त भीता बांध 22 बीघा में फैली है। भीता बांध टूटने से प्रखंड के करीब आधा दर्जन पंचायत के लगभग 5000 एकड़ फसलयुक्त भूमि सिंचाई से वंचित हो रही है। इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, दीपक वर्मा, बिनोद सिंह, सूर्यदेव राउत, मनोज यादव, शैलेंद्र यादव, गोपाल उरांव आदि मौजूद थे।

### 'कॉफी विद एसडीएम': एसडीएम ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ कॉफी पर किया संवाद

## पंचायत प्रतिनिधियों की सकारात्मक भूमिका अपेक्षित : एसडीएम

**प्रखंड प्रमुख, मुखिया, बीडीसी सदस्यों ने खुल कर रखे विचार**

**खराब हैंडपंप और जल मीनारों को दुरुस्त रखने के लिए संबंधित मुखिया करें अपने स्तर से पहल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में अनुमंडल क्षेत्र की पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ अपने यहां कॉफी पर अनौपचारिक संवाद किया। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित 'कॉफी विद एसडीएम' में पंचायती राज संस्थाओं के अध्यक्षों व सदस्यों को आमंत्रित किया गया था। उनके आमंत्रण पर गढ़वा सदर, डंडा, मझिआंव, मेराल आदि प्रखंडों के प्रमुख,उप प्रमुख, बीडीसी सदस्य, मुखिया आदि ने इस संवाद कार्यक्रम में सहभागिता निभायी। इस 1 घंटे के अनौपचारिक संवाद में पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र से जुड़ी जन समस्याओं को सुना गया, साथ ही उनसे सकारात्मक सुझाव भी लिये गये।

**कॉफी पर संवाद की सराहना की :** विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से आये जन प्रतिनिधियों ने कॉफी विद एसडीएम कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन और पंचायती राज प्रतिनिधियों के बीच यह बैठक उन सबका मनोबल बढ़ाने वाली है। मेराल प्रखंड के उप प्रमुख निजामुद्दीन खान ने कहा कि उनके लंबे राजनीतिक और सामाजिक जीवन में उन्होंने इतनी प्रशासनिक संवेदनशीलता के साथ कभी सरकारी संवाद नहीं देखा जैसा कि कॉफी विद एसडीएम में देखने को मिल रहा है।

**प्रखंड के अधिकारियों एवं कर्मियों के व्यवहार की शिकायत :** मझिआंव प्रखंड की प्रमुख आरती दुबे ने संवाद के दौरान बताया कि मझिआंव प्रखंड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का व्यवहार जनप्रतिनिधियों के प्रति सम्मानजनक न होकर उपेक्षा जनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीडीओ, सीओ और बीपीओ आदि की शैली स्वेच्छाचारी है। इस पर संजय कुमार ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे अपने स्तर से जांच कर वरीय पदाधिकारियों को संसूचित करेंगे।

एसडीएम संजय कुमार ने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने सहयोगी प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करें, किसी भी परिस्थिति में परस्पर संवादहीनता और प्रतिद्वंद्विता से बचेंगे। फिर भी यदि कहीं किसी प्रकार की समन्वयात्मक परेशानी आती है तो वे उन्हें या जिले के वरीय पदाधिकारियों को सूचित करेंगे। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं सरकारी अधिकारियों के सामूहिक प्रयास से ही 'समृद्ध गढ़वा और सुंदर गढ़वा' की परिकल्पना पूरी होगी।

**कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार।**

**अतिअल्पकालिन कोटेशन आंमत्रण सूचना सं 0 01/2025-26**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में अवस्थित 07 अदद पानी टैकंर की मरम्मति एवं Inside Rubber Paint कराया जाना है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म/संवेदक नगर पंचायत लातेहार में अवस्थित सभी पानी टैकंरों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए मरम्मति एवं Inside Rubber Paint हेतु अपना भावपत्र (कोटेशन) नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में दिनांक 05.05.2025 को अपराहन् 2.30 बजे तक पूर्ण विवरणी एवं सभी कर सहित जमा कर सकते हैं। कोटेशनदाता से प्राप्त कोटेशन को उसी दिन अपराहन् 3.30 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। मरम्मति किये गये संयत्रों के एक वर्ष तक वारंटी की जिम्मेवारी संबंधित व्यक्ति/फर्म/संवेदक की होगी।

सभी कोटेशनदाता को कोटेशन के साथ अध्यतन आयकर एकनॉलेजमेन्ट, पैन कार्ड एवं GST प्रमाण पत्र 3B Return एवं 07 अदद मरम्मति योग्य टैकंरों के पूर्ण विवरणी के साथ अलग–अलग भावपत्र सभी कर सहीत Verification Report के साथ देना अनिवार्य होगा। साथ ही विपत्र के भुगतान के समय भुगतान की जाने वाली राशि से नियुमानुसार कर (Tax) एवं सुरक्षीत जमा राशि की कटौती की जायेगी। कोटेशनदाता से दर प्राप्त होने के उपरांत न्युनतम दरदाता की स्वीकृति प्रदान करते हुये कार्यादेश निर्गत की जायेगी। कार्यादेश निर्गत की तिथि से 30 दिनों के अन्दर उपरोक्त संयत्रों के सभी कार्य को पूर्ण करते हुए नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय को उपलब्ध करना आवश्यक होगा। इसके लिए कोई भी अतिरिक्त राशि का भुगतान नही किया जायेगा। इस संबंध में विशेष जानकारी कार्यालय के कार्य दिवस में जय प्रकाश रंजन, कनीय अभियंता, नगर पंचायत लातेहार से प्राप्त की जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR 350917 (Urban Development) 25-26 (D)

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 24 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in
08

# अर्जुन मुंडा कपिल महतो के घर पहुंचे, शोक जताया



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू के भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता कपिल महतो के सुपुत्र मुकेश कुमार का विगत दिनों असामयिक निधन हो गया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा कपिल महतो के पैतृक निवास सुमानडीह स्थित उनके घर पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक पिता के लिए अपने बेटे को खोना असहनीय पीड़ा होती है। ऐसी वेदना जिसे शब्दों में ब्याह कर पाना संभव नहीं है। इश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिवार को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करें।

## वीर कुंवर सिंह की जयंती मनायी गयी



**राहे (आजाद सिपाही)।** क्षत्रिय समाज के तत्वाधान में मंगलवार को राहे में वीर कुंवर सिंह की जयंती समारोह के अवसर पर विजय उत्सव मनाया गया। राहे ऊपरटोली में स्थित वीर कुंवर सिंह के प्रतिमा पर लोगों ने माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। इस दौरान मौन रखकर लोगों ने श्रद्धांजलि भी दिया। समारोह में वक्ताओं ने वीर कुंवर सिंह के जीवनी पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि देश सेवा के लिए उम्र और समय की जरूरत नहीं होती है। किसी भी उम्र में देश की सेवा करने का प्रेरणा हमें वीर कुंवर सिंह से लेने की जरूरत है। समारोह में लोगों ने कहा जाति धर्म से ऊपर स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह समाज के लिये प्रेणास्त्रोत है। मौके पर बलराम सिंह, अशोक बैठा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## तपकारा में महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तपकारा थाना क्षेत्र के बाजारटोंड निवासी सूरज महतो की 22 वर्षीय पत्नी काजल कुमारी ने मंगलवार की देर रात अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना पाकर तपकारा थाना प्रभारी नितेश कुमार गुप्ता वहां पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया। मृतका के पिता ने लगाया हत्या का आरोप।घटना की जानकारी पाकर महिला के मायके के लोग तपकारा पहुंचे। उन्होंने महिला के ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया। इस संबन्ध में मृतका काजल कुमारी के पिता शिशुपाल कुम्हार ने तपकारा थाने में लिखित आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि 2023 में काजल की शादी सूरज महतो के साथ हुई थी। काजल के ससुराल वाले पांच लाख रुपये की मांग कर रहे थे। रकम नहीं देने पर काजल की हत्या कर दी गयी। उन्होंने काजल के पति सूरज महतो सहित सास, ससुर और दो ननद पर आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन सौंपा है। इधर, काजल के ससुराल वालों का कहना है कि काजल ने स्वयं ही दुपट्टे से फांसी गाकर आत्महत्या कर ली है। उसकी हत्या का आरोप गलत है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## पूर्व वार्ड पार्षद सरोज भेंगरा का निधन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी नगर पंचायत की पूर्व वार्ड पार्षद सरोज भेंगरा का बुधवार को उनके कदमा अमृतपुर स्थित आवास पर हो गयी। 54 वषीर्या सरोज भेंगरा ने वार्ड नंबर 16 से नगर पंचायत का चुनाव जीता थी। वे पिछले कई दिनों से बीमार थी। सरोज के निधन सुनकर पूर्व वार्ड पार्षद अपर्णा हंस, निवर्तमान नगर अध्यक्ष अर्जुन पाहन, राखी कश्यप, स्नेहलता गुड़िया, अनूप साहू, बीणा टुटी, प्रीति डाहंगा सहित कई लोग उनके आवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। अपर्णा हंस ने कहा कि सरोज भेंगरा बहुत ही मिलनसार और हंसमुख स्वभाव की थी। उन्होंने कहा कि हमने एक अच्छा जनप्रतिनिधि खो दिया है।

## वक्फ कानून को वापस ले केंद्र सरकार: सयूम अंसारी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिला मोमिन कांफ्रेंस के जिला अध्यक्ष सह कांग्रेस के जिला महासचिव सयूम अंसारी ने केंद्र सरकार से वक्फ कानून को वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वक्फ एक्ट 1995 में बिना मुस्लिम समुदाय के जानकारों से सलाह विचार किये बिना और जेपीएस को दिये गये सुझाव को शामिल किए बिना केंद्र सरकार द्वारा तानाशाही रवैया अपनाते हुए और असंवैधानिक तरीकें से वक्फ एक्ट 2025 बना दिया गया, जो भारतीय मुसलमानो की धार्मिक स्वायत्तता और मौलिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने कहा कि कि देश और झारखंड में जो वक्फ की संपत्ति है, उनमें अधिकतर मस्जिद, मदरसे, ईदगाह, कब्रिस्तान, मजार, खानकाह, मकबरा, मुसाफिरखाना के अलावा दुकान, मकान आदि बनाये गये हैं। यह जमीन हमारे पूर्वज द्वारा अपनी निजी संपत्ति को इस्लामी परंपरा के अनुसार वक़्फ (दान) कर स्थापित किया गया है।

## डकरा में वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव मनाया गया



**खलारी (आजाद सिपाही)।** बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव मनायी गयी। एनके एरिया क्षत्रिय एकता मंच की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खलारी इंस्पेक्टर थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो, सीओ प्रणव अंबाष्ठ, विशिष्ठ अतिथि विस्थापित नेता विगन सिंह भोगता, रंथु उरांव, राजा सिंह राजा, विनय सिंह, शैलेश कुमार आदि शामिल हुए। इस अवसर पर अतिथियो एवं प्रबुद्ध लोगों के अलावे मंच से जुड़े लोगों ने वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ताओं ने कहा कि बाबू कुंवर सिंह सन 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सिपाही और महानायक थे। कार्यक्रम के पूर्व कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए सैलानियों एवं बीते दिनो झारखंड प्रदेश करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या पर दो मिनट मौन रहकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन अमरभूषण सिंह ने किया।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में निकाला आक्रोश जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गये 27 लोगों के शोक में बुंडू में जय हो सेवा संस्था, विश्व हिंदू परिषद और भागवत संगठन के द्वारा आक्रोश जुलूस निकाला गया। धुर्वा मोड चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थल पर हमले में शहीद हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखा गया। जुलूस में पाकिस्तान मुदार्बाद देश के गद्दारों को गोली मारो, हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो सहित कई तरह के नारे लगाये जा रहे थे। रैली का नेतृत्व राजकिशोर कुशवाहा और राजीव झा ने किया। इस अवसर पर आतंकी संगठनों का पुतला दहन किया गया। मौके पर मनोज चौरसिया पवन महतो, मनोज पाठक, राम पाठक, राधेश्याम महतो, सुख सारण महतो, लक्ष्मण महतो, अमित उपाध्याय, आकाश बिद, शिवनाथ तिवारी सहित कई लोग उपस्थित हुए।

# पहलगाम हमले के खिलाफ खूंटी में निकला मशाल जुलूस, आज खूंटी बंद का आह्वान



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी में बुधवार देर शाम मशाल के साथ आक्रोश मार्च निकाल कर लोगों ने आतंकवादियों की इस बर्बरतापूर्ण कृत्य खिलाफ रोष व्यक्त किया। हिंदू समाज के आह्वान पर खूंटी क्लब परिसर से देर शाम निकाला गया आक्रोश मार्च नेताजी चौक होता हुआ भगत सिंह चौक तक गया और वहां से वापस नेताजी चौक पहुंचकर समाप्त हुआ। आक्रोश मार्च में विहिप, बजरंग दल, भाजपा आरएसएस समेत अन्य हिंदूवादी संगठनों से जुड़े लोगों के साथ ही बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए। आक्रोश मार्च में शामिल लोग पाकिस्तान और इस्लामी जिहादी आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे थे। आक्रोश मार्च में पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, विहिप के जिला अध्यक्ष विनोद जायसवाल, प्रियांक भगत, मुकेश जायसवाल, केंद्रीय रामनवमी समिति के अध्यक्ष अनूप साहू, महामंत्री जितेंद्र कश्यप, सुभाष मिश्रा, रितेश जायसवाल समेत अन्य लोग बड़ी संख्या में शामिल थे। इस्लामी आतंकवादियों की इस घृणित कार्रवाई के खिलाफ लोगों ने गुरुवार को खूंटी बंद का आह्वान किया है। आक्रोश मार्च के दौरान लोगों से खूंटी बंद की घोषणा भी की जा रही थी।

## हमले के विरोध में तोरपा में निकाला आक्रोश मार्च




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष सैलानियों पर हुए आतंकी हमले के विरोध में बुधवार की शाम को तोरपा में आक्रोश मार्च निकाला गया। आक्रोश मार्च नगर भवन से शुरू होकर मेंन रोड, खसुआटोली, कर्रा रोड होते हुए ब्लॉक गेट तक पहुंची। मौके पर पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि इस हमले की जितनी भी निंदा की जाये, वह काम है। उन्होंने कहा कि अब पहले वाला भारत नहीं है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आतंकवाद के खिलाफ लगातार संघर्ष कर रहा है। कोचें मुंडा ने कहा कि केंद्र सरकार को भी इस हमले के खिलाफ ऐसा सख्त कदम उठाना चाहिए, ताकि भारत की ओर मुंह करने के बारे में भी आतंकवादियों को सोचना पड़ेगा। आक्रोश रैली में पूर्व विधायक कोचे मुंडा, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संतोष जायसवाल, विनोद भगत, कृपा सिंधु बेहरा, दीपक तिग्गा, मुकेश गुप्ता, सुबोध गुप्ता, रामानंद साहू, विनय जायसवाल सहित काफी संख्या में तोरपा के नागरिक शामिल थे।

# मधुकान प्रोजेक्ट में मजदूरों के शोषण के खिलाफ धरना 26 अप्रैल को



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ कांग्रेस (इंटक) के बैनर तले असंगठित मजदूर आगामी 26 अप्रैल को एनके एरिया महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना देंगे। धरना की तैयारी को लेकर बुधवार शाम असंगठित मजदूरों की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने बताया कि एनके एरिया अंतर्गत केडीएच परियोजना में मधुकान प्रोजेक्ट लिमिटेड कोल हैंडलिंग प्लांट का निर्माण कर रही है। कंपनी द्वारा यहां काम करने वाले मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। मधुकान प्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा मजदूरों के शोषण और श्रम कानूनों के उलंघन के खिलाफ 26 अप्रैल को धरना दिया जायेगा। एनके एरिया महाप्रबंधक को इस प्रस्तावित धरने की लिखित जानकारी दे दी गई है। मजदूरों की ओर से मांग रखी गई है कि कंपनी में काम कर रहे ड्राइवर, सुपरवाइजर, वेल्डर, फिटर को कोल इंडिया के नियम के तहत वेतन दिया जाय। कंपनी में काम कर रहे सभी मजदूरों को साप्ताहिक रेस्ट दिया जाय। मजदूरों को आठ घंटा काम कराया जाय। अंसारी ने कहा कि इन सभी मांगों पर मधुकान कंपनी आज तक सिर्फ टाल मटोल करती रही है। कहा कि अभी इन सभी मांगो को लेकर धरना दिया जायेगा। धरना के बाद भी मजदूरों की मांग नहीं मानी गयी तो मजदूर हड़ताल पर जायेंगे। बैठक में अशोक सिंह, अमजद अंसारी, कृष्णा सिंह, मुमताज अंसारी, राजराम डोम, सूरज चौहान आदि शामिल थे।

## पूर्व विधायकों सहित कई लोगों ने की पहलगाम हमले की निंदा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** राज्य कें पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा, तोरपा कें पूर्व विधायक कोचे मुंडा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जयसवाल, भाजपा कें पूर्प जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो सहित कई नेताओं ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे आतंकियों की कायराना हरकत बताया। इन नेताओं ने आतंकी हमले पर गहरी संवेदना और नारागजी जताते हुए नीलकंठ सिंह मुंडा और कोचे मुंडा ने कहा कि यह मानवता पर सीधा हमला है। नीलकंठ सिंह मुडा ने कहा कि केंद्र सरकार को गंभीरता से लेना चाहिए। पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि आतंकवादियों को यह जान लेना चाहिए कि यह नया भारत है, जो हर हमले के बाद मजबूत होकर उभरता है।

# ड्रॉपआउट बच्चों को विद्यालय से जोड़ें: डीइओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झारखंड शिक्षा परियोजना, खूंटी द्वारा बुधवार को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, खूंटी के सभागार में जिला स्तरीय स्कूल रुआर 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कल्याण पदाधिकारी प्रोमद राम, जिला शिक्षा पदाधिकारी आपरूपा चौधरी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुमन सिंह, अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी अमित कुमार आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्कूल रुआर 2025 कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने और ड्रॉपआउट बच्चों को विद्यालयों से जोड़ने की दिशा में स्कूल रुआर 2025 कार्यक्रम की भूमिका को रेखांकित किया।

स्कूल रुआर 2025 अभियान के तहत यह प्रयास बच्चों को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्कूल रुआर 2025 कार्यक्रम के माध्यम से स्कूल छोड़ चुके बच्चों की पहचान और पुनः नामांकन, बच्चों की उपस्थिति में सुधार, माता-पिता और समुदाय की भागीदारी को बढ़ावा, शिक्षा को रोचक और आकर्षक बनाकर बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रखंड प्रमुख, मुखिया और उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किये।

## बैठक में खेल और पर्यटन के विकास को लेकर विचार विमर्श



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले में खेल और पर्यटन क्षेत्र के विकास को लेकर उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला खेल और पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित की गयी। बैठक में संबंधित अधिकारियों के साथ जिले में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी औरा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि मंत्री, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग के निदेशार्नुसार जिले में मिनी स्टेडियम निर्माण के लिए कार्यकारी एजेंसी एनआरइपी द्वारा प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। पिछले दिनों तेज बारिश, ओलावृष्टि और आंधी-तूफान के कारण क्षतिग्रस्त बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम के गैलरी शेड की मरम्मत के लिए भी एनआरईपी द्वारा प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, बिरसा मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम के क्षतिग्रस्त एस्ट्रोटर्फ मैदान की मरम्मत के लिए विभाग को पत्र भेजा गया है।

## कपाली और माकुलाकोचा में अखंड हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुईं विधायक सविता महतो



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिला के चांडिल प्रखंड क्षेत्र के कपाली और माकुलाकोचा में चल रहे अखंड हरिनाम संकीर्तन में बुधवार को विधायक सविता महतो शामिल हुए। इस दौरान विधायक नें हरिमंडप में माथा टेक क्षेत्र का मंगलकामना किया। इस दौरान विधायक नें हरिनाम श्रवण कर कहा गांव में इस प्रकार के आयोजन से गांव में सुख समृद्धि बरकरार रहती है। उन्होंने युवाओं से इस प्रकार के धार्मिक आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का अपील किया। इस अवसर पर झामुमो नेता दिलीप महतो, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो समेत काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## बालू लदे हाइवा ने कार को मारी टक्कर, एक घायल



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिला के चौका थाना क्षेत्र के एनएच 33 चौका ओवरब्रिज में तेज रफ्तार बालू लदे हाइवा ने कार को टक्कर मार दिया। जिसमें कार क्षतिग्रस्त हो गया है और हाइवा पलटी हो गया है। कार सवार एक बच्चा को चोट लगा है। घटना बुधवार सुबह करीब चार बजे की है। सूचना पर पुलिस पहुंचे और घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा तथा दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** सोनाहातू थाना क्षेत्र के रंगामाटी आनंद नगर गोड़ेया मोड़ के पास एक बेकाबू कार ने बाइक सवार युवक और महिला को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक मकान की दीवार तोड़ते हुए अंदर घुस गयी। स्थानीय लोगों के अनुसार, कार चालक नशे में था। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार की डिक्की से शराब की बोतल बरामद की है। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में वीर कुंवर सिंह की जयंती मनायी गयी



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा विद्यालय में वीर कुंवर सिंह की जयंती मनायी गयी। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य गौरी शंकर कामिला ने वीर कुंवर सिंह के तस्वीर पुष्पार्थन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। वीर कुंवर सिंह के बारे में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने विचार प्रस्तुत किया। गोविंद्र कुमार चौहान ने बताया कि वीर कुंवर सिंह को बुढ़ा शेर कहा जाता है और बताया गूंज रहा है दुनिया में जीत का नगाड़ा है। आचार्य पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने उनके बारे में विचार प्रस्तुत करते हुए बताया अस्सी वर्ष की हड्डी में जागा जोश पुराना था, सब कहते हैं कुंवर सिंह भी बड़ा वीर मदार्ना था। अंत में प्रभारी प्रधानाचार्य सभी को धन्यवाद दिये। इस कार्यक्रम में पूनम पाठक, सूरज कुमार, नुतन सिंह, बसंती कुमारी, अश्विनी सिंह, विक्रम कुमार पांडेय, दीलिप कुमार शर्मा, उमेश कुमार, संजीन कुमार सिंह उपस्थित थे।

## झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन जोनल कमेटी की बैठक में शामिल हुए पिपरवार के लोग



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की जोनल कमेटी की बैठक मांडु के हेसागढा संपन्न हुई। इस बैठक में झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन पिपरवार क्षेत्रीय समिति के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल हुए। यूनियन के पिपरवार क्षेत्रीय सचिव इकबाल हुसैन ने बताया कि बैठक मे संगठन की मजबूती,सदस्यता अभियान चलाने, 20 मई को प्रस्तावित हड़ताल को सफल बनाने, यूनियन की होने वाले अधिवेशन की तैयारी में लग जाने सहित विस्थापितों और मजदूरों की समस्याओं का समाधान करने के लिए संघर्ष तेज करने, कोयला उत्पादन डिस्पैच,संगठित और असंगठित मजदूरों के कल्याणकारी कार्य जैसे कई अहम मुद्दों पर गहन चिंतन मंथन किया गया। बैठक में मजदूरों की समस्याओं का समाधान नहीं होने पर यूनियन के द्वारा उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी गयी। बैठक मे एनके एरिया, पिपरवार, आम्रपाली चंद्रगुप्त, मगध संघमित्रा, कुजू, अरगडडा, कथारा, सहित सभी एरिया के अध्यक्ष और सचिव शामिल हुए। बैठक मे मुख्य रूप से युनियन के जोनल अध्यक्ष फागु बेसरा,जोनल सचिव जयनारायन महतो, गुरदयाल साव सहित कई लोग शामिल हुए।

## कृषि विकास से ही होगी गांवो की उन्नति: सुदीप गुड़िया



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा कें विधायक सुदीप गुड़िया ने बुधवार कों रनिया प्रखंड के कोड़ाकेल को दौरा कर वहां के ग्रामीणों से सीधी बातचीत की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इसकें पूर्व गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने पारंपरिक ढंग से उनका स्वागत किया। गांव वालों से भी विधायक के समक्ष खुलकर अपनी समस्याओं को रखा। इस पर विधायक ने कहा कि गांव वालो की समस्याओं को दूर करना उनकी पहली प्राथमिकता है। विधायक ने कहा कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र कृषि प्रधान है। अधिकतर लोग कृषि पर ही आश्रित हैं। इसलिए जब इस क्षेत्र में कृषि का विकास होगा, तभी गांवों कें विकास होगा। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों में कोल्ड स्टोरेज की स्थापना हो। सुदीप गुड़िया ने कहा कि क्षेत्र की जनता के लिए उनका दरवाजा हर समय खुला है। कभी भी कोई व्यक्ति अपनी समस्याओ को लेकर उनकें पास आ सकता है। मौके पर कोड़ाकेल के ग्राम प्रधान लोरेंस कंडुलना, ग्राम सभा अध्यक्ष अन्नावालेतुस कंडुलना, सचिव फिलिप कंडुलना, पाहन चुडू कंडुलना, कल्याण कंडुलना, परिबल नाग, झामुमो पंचायत सचिव निकोलस कंडुलना सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# रातू-नामकुम में अलग-अलग हादसे में चार लोगों की हुई मौत

## मुआवजे की मांग को लेकर लोगों ने घंटों सड़क जाम की

आजाद सिपाही टीम

**रातू/नामकुम।** रातू और नामकुम के तुपुदाना थाना क्षेत्रों में बुधवार को हुए अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कुल चार लोगों की मौत हो गयी। उनकी पहचान लातेहार जिले के चंदवा निवासी मोनिका उरांइन, टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के आरागेट साखे टोली निवासी रवि मिंज (42) और सीधा टोली निवासी पार्वती कच्छप (40) के रूप में हुई है। जबकि एक ही पहचान नहीं हो सकी है। इसी हादसे में एक अन्य व्यक्ति घायल भी हो गया है। जिसका इलाज चल रहा है।





मृतक रवि मिंज की फाइल फोटो। रातू में सड़क हादसे के बाद हंगामा करते लोगों को समझाती पुलिस।

जानकारी के मुताबिक पहली घटना बुधवार की दोपहर 2.30 बजे रातू थाना क्षेत्र के रांची-कटहल मोड़ के पास घटित हुई। जहां सिमलिया में हाईवा ने बाइक सवार को अपने चपेट में ले लिया। इस हादसे में बाइक सवार लातेहार के चंदवा निवासी मोनिका उरांइन की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि बाइक सवार युवक ओरमांझी निवासी बबलू उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। वह फिलहाल सिमलिया के बगलता में रहता है। पता चला है कि मृतका रेजा का काम करती थी। जबकि बबलू उरांव राज मिस्त्री का काम करता है। इस दिन महिला चंदवा से रांची आ रही थी। कटहल मोड़ में बस से उतरने के बाद राजमिस्त्री बबलू ने उसे बाइक पर बैठा कर काम के लिए रांची की ओर ले जा रहा था। तभी हाईवा जने बाइक को अपने चपेट में ले लिया। जिससे महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। उधर, घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर रांची-गुमला मार्ग को करीब तीन घंटे तक जाम कर दिया। इसकी सूचना पाकर रातू थानेदार राम नारायण सिंह मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझा कर जाम हटवाया। साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। वहीं, रातू थाना क्षेत्र के रातू चट्टी में ही बोलोरो के धक्के से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। जबकि हादसे के बाद चालक बोलोरो लेकर रांची की ओर फरार हो गया। मृतक पैदल ही रातू ट्टी की ओर जा रहा था। घटना शाम 7.30 बजे की बताई जा रही है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। दूसरी ओर, तुपुदाना थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में युवक-युवती की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी पहचान टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के आरागेट साखे टोली निवासी रवि मिंज (42) और सीधा टोली निवासी पार्वती कच्छप (40) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों किसी कार्य से कार में सवार होकर जा रहे थे। तभी तुपुदाना ब्रिज पर उनकी गाड़ी एक खड़ी हाइवा से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना मिलते ही तुपुदाना ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत रांची रिम्स अस्पताल ले गयी। जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इधर, स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तुपुदाना ब्रिज पर खड़ी भारी वाहनों पर रोक लगाई जाए, ताकि ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति ना हो।

## बीसा जसपुरिया बीएड कॉलेज में 'समय प्रबंधन' पर कार्यशाला का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** बीसा के जसपुरिया बीएड कॉलेज में बुधवार को 'समय प्रबंधन' विषय पर प्रभावशाली कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसका उद्देश्य शिक्षकों और शिक्षण-प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों में समय के कुशल प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और व्यावहारिक उपायों से उन्हें लाभांवित करना था। कार्यशाला का मंच संचालन पल्लवी कुमारी ने किया। जबकि इसकी शुरुआत संस्थान के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने किया। कार्यशाला की समन्वयक प्राध्यापिका विभा कुमारी ने विषय प्रवेश कराते हुए समय प्रबंधन की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे एक संगठित और अनुशासित दिनचर्या हमारे व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में संतुलन स्थापित करने में सहायक हो सकती है। वहीं, मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित लोहरदगा के उर्सलाइन महिला टीचर ट्रेनिंग कॉलेज एमएड विभाग के प्रवक्ता डॉ जय आनंद ने प्रतिभागियों को प्रभावशाली एवं प्रेरक व्याख्यान प्रदान किया। उन्होंने समय के प्रभावी उपयोग, प्राथमिकताओं के निर्धारण, योजनाबद्ध अध्ययन एवं कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से चर्चा की। डॉ आनंद ने बताया कि सीमित समय में बिना तनाव के अधिक कार्य कैसे किया जा सकता है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्राध्यापिका नीलिमा तिर्की द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रवीण सिंह कुशवाहा, सजीब कुमार, डॉ प्रियंका शर्मा, प्रभा हेनरी, नीलिमा तिर्की एवं पीके रवि आदि उपस्थित रहे।

## गुलशन डुंगडुंग बने बीसा मिनी मैराथन दौड़ के विजेता



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अमर बलिदानी जीतराम बेदिया के 169वें बलिदान दिवस पर बुधवार को बीसा में पांच किमी का मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, जो गेतलसूद चौक से बीसा स्थित जीतराम चौक तक हुई। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। मिनी मैराथन के विजेता रांची के गुलशन डुंगडुंग रहे। इन्होंने 14.17 मिनट में अपनी दौड़ पूरी की। दूसरे स्थान पर रामगढ् के छोटेलाल महतो और तीसरे स्थान पर चतरा के सतीश कुमार महतो रहे। दौड़ के टाप 20 धावकों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विजेता को पांच हजार, उपविजेता को 3100 और तीसरे स्थान के प्रतिभागी को 2100 रुपया नकद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। पिछले तीन सालों से जयराम स्पोर्टस क्लब बीसा मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन कर रहा है। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार ने पुरस्कार वितरण किया। वहीं, अतिथि के रूप में नवागढ़ मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, बीसा मुखिया मंजोती देवी, पंसस मानेश्वर मुंडा, समाजसेवी सत्येन्द्र मुंडा, गंधिया करमाली थे। वहीं, जैलेंद्र कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन की तैयारी प्रतिभागी सालभर करते है। कहा कि अपने लक्ष्य को पाने के लिए स्वस्थ शरीर होना पहली शर्त है। वहीं, विजेता गुलशन डुंगडुंग ने बताया कि प्रतिदिन सुबह में दो घंटा दौड़ का अभ्यास करते आये है। सालोंभर की मेहनत का नतीजा ही आज का परिणाम है। पहली बार दौड़ में भाग लेने पहुंचे है। वहीं, आयोजन को सफल बनाने में जयराम स्पोर्टस क्लब बीसा के अध्यक्ष जयराम बेदिया, रामदेव बेदिया, सोनाराम बेदिया, रोहित बेदिया, पिकेश्वर बेदिया, संतोष बेदिया, सोहित बेदिया, जुकेशवर बेदिया, दीपक बेदिया, प्रेम बेदिया, धीरज लोहरा, सुमित मुण्डा, अनिल बेदिया, गोविंद बेदिया, बालकिशोर बेदिया, दिलबर बेदिया, सहीराम बेदिया, विभीषण बेदिया आदि का योगदान रहा।

## ओरमांझी बाजार में सुलभ शौचालय का शुभारंभ, लगेगा शुल्क

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** सप्ताह में शुक्रवार और मंगलवार को लगने वाले बाजार में सब्जी क्रेता और विक्रेता खासकर महिलाओं को शौचालय के बिना काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। मुखिया दीपक बड़ाइक ने लोगों की समस्याओं को देखते हुए काफी प्रयास के बाद ओरमांझी बाजार में 15वें वित्त आयोग से सुलभ शौचालय का निर्माण कराया। मुखिया दीपक बड़ाइक ने बताया कि सुलभ शौचालय की सुविधा के लिए लोगों से शुल्क भी लिया जायेगा। मुत्र विसर्जन के लिए पांच रुपये और शौच के लिए 10 रुपये शुल्क लिया जाएगा। शौचालय के देख रेख की जिम्मेदारी किशोरी राम को दी गई है। वहीं, शौचालय निर्माण में मुखिया दीपक बड़ाइक, उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता, दीनदयाल लोहरा, वार्ड सदस्य मीणा देवी आदि का योगदान रहा।

## स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीत राम बेदिया का मनाया गया 167वां शहादत दिवस



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया केंद्रीय स्मारक कमेटी रांची झारखंड के तात्वाधान में बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया का 167वां शहादत दिवस सह सम्मान समारोह ओरमांझी प्रखंड के ग्राम गगारी के शहीद स्थल घोड़ागाढ़ा के समीप शहीद के वंशजों द्वारा मनाया गया। इस दौरान शहीद जीतराम बेदिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, संजीव बेदिया, बीडीओ कामेश्वर बेदिया, सरस्वती देवी, जिला परिषद सदस्य जीतनाथ बेदिया, कुमार हर्ष, आरती कुजूर, रामफल बेदिया, जीतनाथ बेदिया आदि ने वीर योद्धा शहीद जीतराम बेदिया के बताए गए मार्ग पर समाज को अंगीकृत करने की बात की। साथ ही बच्चों द्वारा प्रतियोगिता में भागी एवं तीरंदाजी प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों के बीच नगद पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया केन्द्रीय स्मारक कमेटी के अध्यक्ष जीतनाथ बेदिया, सचिव ब्रजकिशोर बेदिया, कोषाध्यक्ष सह मुखिया धनराज बेदिया, बृजलाल बेदिया, धनेश्वर बेदिया, रामदयाल बेदिया, बिनोद बेदिया, जितेंद्र बेदिया, गोपाल राम बेदिया, छत्रपति बेदिया, भूपनाथ बेदिया और रमेश बेदिया आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# पहलगाम में हुए आतंकी हमले के प्रतिवाद में अनगड़ा नगड़ी, रातू, बेड़ो और पिठोरिया में निकला कैंडल मार्च





आजाद सिपाही टीम

**अनगड़ा/नगड़ी/बोड़ो/रातू/पिठोरिया।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों को धर्म पूछकर गोली मारकर उनकी हत्या करने के विरोध में बुधवार की शाम अनगड़ा के गोंदलीपोखर में भाजपा रांची ज़िला ग्रामीण के जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज की अगुवाई में मशाल जुलूस निकाला गया। विनय महतो धीरज ने कहा कि आतंक का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन इस प्रकार के योजनाबद्ध हमले देश को तोड़ने की साजिश हैं। ऐसे कायराना हमलों का जवाब एकजुटता और राष्ट्रभक्ति से दिया जाएगा। यह हमला केवल पर्यटकों पर नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता और सहिष्णु परंपरा पर हमला है। जब तक देश में एक भी देशद्रोही सांस ले रहा है, तब तक भाजपा का हर कार्यकर्ता मशाल बनकर खड़ा रहेगा। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, मनोज कुमार चौधरी, कमलेश राम, प्रभुदयाल बड़ाईक, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, संजीत सिंह, कर्नल बीके सिंह, नरेश साहू, रामसाय मुंडा, कामेश्वर महतो, सुनील महतो, रामनाथ महतो, जगेश्वर महतो, राजेंद्र महतो, नीलकंठ चौधरी, सिकंदर अंसारी, संतोष महतो, सुप्रेश महतो, सचिन केसरी आदि उपस्थित थे। वहीं, भाजपा नगडी मंडल के बैनर तले कैंडल मार्च निकाला गया और आतंकियों का पुतला दहन किया गया। इस दौरान एक नुक्कड़ सभा आयोजित कर घटना की निंदा करने के साथ ही आतंकियों और पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गयी। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य शशि भूषण भगत, दौलत राम केसरी, चूड़ामणि महतो, विंध्याचल महतो, संजीव तिवारी, परमेश्वर गोप, राकेश केसरी, मनीष केसरी, शनि उरांव, रोहित महतो आदि मौजूद थे। वहीं, बेड़ो में भी बजरंग दल के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय के कारगिल चौक तक कैंडल मार्चा निकाला गया। मौके पर अध्यक्ष शशि टाइगर, सुरजीत भगत, सिकंदर बड़ाईक, ईश्वर महतो, अपूर्व लाल खन्ना, मनीष महतो, मुकेश गोप, बुधु महली, पंकज महली, दिलीप महली, राजेश महली, दया महली, किशन महली, प्रीतम महली आदि थे। जबकि पिठोरिया में जनजाति सुरक्षा मंच झारखंड के मीडिया प्रभारी सोमा उरांव ने प्रेस बयान जारी कर पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की। कहा कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में भी हिंदुओं को चुन-चुन कर मारा जा रहा और घर से बेदखल किया जा रहा हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री से सर्जिकल स्ट्राइक कर पाकिस्तान को तुरंत जवाब देने की मांग की है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को, डालसा की तैयारी जोरों पर

# लंबित वादों के निस्तारण में पुलिस की भूमिका अहम : सीजेएम चंदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** झालसा के निर्देश और न्यायायुक्त सह रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में बुधवार को पुलिस के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंदन एवं डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने किया। इस अवसर पर सीजेएम चंदन एवं डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने जिले के सभी थाना से आए पुलिस पदाधिकारियों से आगामी 10 मई को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत पर फोकस करने को कहा। बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन पर जोर देना है। वहीं, सीजेएम ने कहा कि सुदुरवर्ती क्षेत्रों में वादकारियों को नोटिस की तामिला कराने में पुलिस प्रशासन के लोगों की भूमिका अहम होती है। इसलिए आप सभी अधिक से अधिक नोटिस का तामिला समय पर कराये, ताकि वादकारियों को उनके वादों के निष्पादन में मदद मिले और न्यायालय में लंबित मामलों को कम किया जा सके। बताया गया कि वर्ष 2025 का दूसरा राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को आयाजित हो रहा है। वादकारी नौ मई तक कार्यालय अवधि में उपरोक्त न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर पारस्परिक संतुष्टि (आपसी सहमति/समझौता) के आधार पर अपने केस का सुलभ एवं त्वरित निपटारा करा सकते है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित, ट्रैफिक चालान से जुड़े मामलों के साथ ही भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है।

## .डोली की जगह उठी अर्थी



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चिलदाग गांव में डोली की जगह अर्थी उठने से मातम पसरा रहा। बतातें चलें कि सकल साहू की पुत्री राधिका कुमारी की डोली शुक्रवार को उठनी थी। उससे पहले ही बुधवार को उसकी अर्थी निकली। युवती के शव यात्रा को देखकर उसके परिजन ही नहीं पूरा गांव रो पड़ा। उसके माता-पिता का रो- रो कर बुरा हाल है। बताया जा राह कि 25 अप्रैल को रातू के ग्राम सुडील से राधिका की बारात आने वाली थी। इससे पहले मंगलवार को शादी की खरीदारी के लिए राधिका रांची गई थी। जहां लू लगने से अचानक उसकी स्थिति बिगड़ गई। आनन फानन में उसे पहले गुरुनानक अस्पताल ले जाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए उसे यहां से मेडिका अस्पताल रेफर किया गया। जहां बुधवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## झारखंड में कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है: शिल्पी



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** केशा मोड़ के बिशु भगत इंटर कॉलेज में बुधवार को कांग्रेस का मांडर विधानसभा स्तरीय कमेटी की बैठक हुई. जिसमें संगठन सृजन-2025 संविधान बचाओ कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाई गई। इससे पहले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों की को श्रद्धांजलि दी गयी। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि पहलगाम में सैलानियों पर हुए बर्बर हमलों की कठोर निंदा करते हैं। वहीं, प्रदेश कांग्रेस द्वारा मांडर विधानसभा स्तरीय आयोजित संगठन सृजन-2025 कार्यक्रम का उद्देश्य पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना और आगामी चुनावों के लिए रणनीतिक तैयारी करना है। वहीं, राज्य की कृषि एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि पूरे राज्य में कांग्रेस को मजबूत बनाना है और पार्टी के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने एवं संगठन को मजबूत बनाना है। मौके पर सभी प्रखंड अध्यक्ष, करमा उरांव, मंगा उरांव आदि उपस्थित थे।

## ओलावृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा दे सरकार : आरती कुजूर




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में हाल ही में आए आंधी-पानी और भीषण ओलावृष्टि से क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। इस आपदा में किसानों की फसलें–सब्जी, गेहूं और तरबूज पूरी तरह बर्बाद हो गई। वहीं कई ग्रामीणों के एल्बेस्टर एवं खपरेल मकानों की छतें टूटकर गिर गई है, जिससे कई परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए है। इस आपदा से पीड़ित लोगों को राहत दिलाने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता और प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अंचल कार्यालय में ग्रामीणों की ओर से आवेदन जमा किया। उन्होंने सरकार से मांग की कि आपदा राहत कोष के तहत प्रभावित परिवारों को शीघ्र मुआवजा प्रदान किया जाए, जिससे वे अपने मकानों की मरम्मत कर सकें और फसल के नुकसान की भरपाई हो सके। आरजी कुजूर ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि जो लोग अभी तक अंचल कार्यालय में आवेदन नहीं दे पाए है, वे तत्काल आवेदन करें। आवेदन के साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, क्षतिग्रस्त मकान और छत की तस्वीरे और स्थानीय जनप्रतिनिधि की अनुशंसा पत्र संलग्न कर अंचल कार्यालय में जमा करें। प्रतिनिधिमंडल में आरती कुजूर के साथ पुष्पा चौधरी, नेहा कुमारी, पूनम देवी, अमित सिंह, चंपा उरांव और अनमोल लकड़ा शामिल थे।

## नामकुम रेलवे स्टेशन पर नागरिक सुविधा को लेकर परामर्शदात्री समिति की बैठक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रेलवे स्टेशन में बुधवार को नागरिक सुविधा परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता स्टेशन प्रबंधक चंद्र मोहन प्रसाद ने की। जिसमें भाजपा रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष सह परामर्शदात्री सदस्य प्रभुदयाल बड़ाईक, पूर्व मंडल अध्यक्ष ठाकुरगांव उत्पल शाहदेव, खिजरी मंडल महामंत्री गोरखनाथ सिंह और स्टेशन के वाणिज्य निरीक्षक बिपिन कुमार आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रभुदयाल बड़ाईक ने स्टेशन परिसर की कई महत्वपूर्ण समस्याओं को उठाया। विशेष रूप से नामकुम स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से बिशप वेस्टकोट बॉयज स्कूल के सामने स्थित पांच और छह नंबर ट्रैक पार तक फुटओवरब्रिज निर्माण की मांग की। इसके अलावा स्टेशन के मुख्य द्वार पर ऑटो रिक्शा के कारण लगने वाले जाम की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया गया। सुझाव दिया कि ऑटो स्टैंड को प्रवेश द्वार से दूर स्थानांतरित किया जाए और वहां रेलवे सुरक्षा बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। स्टेशन परिसर में एटीएम, प्यूरीफाईड ठंडे पानी की व्यवस्था, जगह-जगह डस्टबिन और सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। टिकट बुकिंग प्रक्रिया में दलालों की रोकथाम को लेकर भी ठोस कदम उठाने की जरूरत बताई। सभी सुझावों को सुनने के बाद स्टेशन प्रबंधक चंद्र मोहन प्रसाद ने उन्हें सूचीबद्ध कर हटिया डीआरएम कार्यालय तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

## झारोटेफ प्रदेश कार्यकारिणी ने निकाली ध्यानाकर्षण रैली



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** राज्य कर्मियों की भांति शिक्षक संवर्ग को एमएसीपी का लाभ देने, राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 62 वर्ष करने और केंद्रीय कर्मियों की तरह राज्य कर्मियों को भी शिशु शिक्षण भत्ता का लाभ प्रदान करने सहित 11 सूत्री मांगों के आलोक में झारोटेफ प्रदेश कार्यकारिणी की ओर से पांच चरणों में आहूत आंदोलन के दूसरे चरण में रांची जिला के लापुंग, चान्हो और नामकुम प्रखंड में ध्यानाकर्षण रैली निकाली गयी। इसके बाद मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव और मुख्य सचिव के नाम प्रखंड कार्यालय में बीडीओ एवं सीओ को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर प्रांतीय संगठन सचिव सुनील नायक, रांची जिला अध्यक्ष मो क्यईमुद्दीन खान, संबंधित तीनों प्रखंड के अध्यक्ष, सचिव, सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे। इसकी जानकारी संगठन के जिला प्रवक्ता सतीश बड़ाईक ने दी।

## लापुंग में शिक्षकों की ध्यानाकर्षण रैली

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में शिक्षकों द्वारा ध्यानाकर्षण मार्च झारखंड ऑफिसर्स शिक्षक एंड इम्पलाइज फेडरेशन के निर्देश से बुधवार को निकला गया। इस दौरान बीडीओ की अनुपस्थिति में कार्यालय के प्रधान लिपिक को राज्य के शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सभी शिक्षकों ने 11 सूत्री मांगों को पूरा करने की मांग की। मौके पर प्रखंड शिक्षक संघ अध्यक्ष राकेश पाशी, सचिव आर्सेन होरो, कोषाध्यक्ष जीवेश्वर साय, अगस्टिन लेकरर, सुमित्रा देवी, अजय साहू, विपुल लकड़ा, आशा ज्योति कुजूर, कुदूस अंसारी, चमरू उरांव, ऋषि तेज कुमार केरकेट्टा, मान्यवर भगत सहित दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल थीं।

## झारोटेफ ने मांगों को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड इम्प्लॉईज फेडरेश के नेतृत्व में बुधवार को प्रखंड कार्यालय में सरकारी कर्मियों और शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। करीब डेढ़ सौ कर्मियों के हस्ताक्षर सहित मांगपत्र भी इस दौरान बीडीओ को सौंपा गया। फेडरेशन की प्रमुख मांगों में शिक्षक संवर्ग को एमएसीपी लाभ, सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष किये जाने, शिशु शिक्षण भत्ता सहित अन्य सुविधाएं शामिल हैं। ज्ञात हो कि झारोटेफ राज्य में पुरानी पेंशन योजना लागू कराने में भी अहम भूमिका निभा चुका है। वर्तमान अभियान इन्हीं लंबित मांगों को लेकर राज्य भर में चलाया जा रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कर्मचारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वह स्वयं भी राज्यकर्मी हैं और सभी मांगों को सरकार तक पहुंचाने में हरसंभव सहयोग करेंगे।

## पहलगाम नरसंहार के खिलाफ भाजपा ने सौंपा ज्ञापन, मंत्री हफीजुल की बर्खास्तगी की मांग भी की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष एवं निहत्थे पर्यटकों की निर्मम हत्या और झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने के संबंध में भाजपा गुमला ने एक मांग पत्र गुमला उपायुक्त के गैर मौजूदगी में बुधवार की अपराह्व 3 बजे गुमला उप विकास आयुक्त को सौंपा। सभी भाजपाइ गुमला जिला अध्यक्ष विनय कुमार लाल के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए समाहरणालय भवन तक पहुंचे और वहां भी जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की जिला अध्यक्ष विनय कुमार लाल ने कहा पहलगाम में हुए चरमपंथी हमले में लगभग 26 निर्दोष पर्यटकों के मारे जाने की सूचना मिली है जो की अत्यंत ही निंदनीय और कायरतापूर्ण कार्य है। यह हमला पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित था। अतः अब समय आ गया है कि भारत सरकार पाकिस्तान के ऊपर ठोस कार्रवाई करें निर्दोष लोगों की जान का बदला ले। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संदीप कुमार ने कहा झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन जिस संविधान की शपथ लेकर मंत्री बने हैं इस संविधान को नहीं मानते हैं ऐसे असंवैधानिक बयान के लिए हेमंत सोरेन को चाहिए कि उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करें। मौके पर पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू होना चाहिए। मुर्शिदाबाद में जिस तरह से हिंदू परिवारों के साथ घटना घटी और अब जम्मू कश्मीर के पहलगाम में यह दर्शाता है कि एक विशेष वर्ग को ही आतंकवादियों द्वारा टारगेट किया जा रहा है। सरकार इन सभी मामलों पर त्वरित कार्रवाई करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुनेश्वर साहू ,निर्मल गोयल ,यशवंत सिंह ,रामावतार भगत, सबिन्द्र सिंह, भिखारी भगत ,संगीता देवी, पायल तिवारी, गौरी किंडो, शैल मिश्रा, भूपन साहू, सुरेश सिंह, सोनामणि देवी, भोला चौधरी, विकास सिंह, कौशल साहू, खुशमन नायक, हरिहर कुमार, हरमीत सिंह, उज्जवल मिश्रा, जयप्रकाश साहू, कर्मपाल सिंह, जगदीश सिंह, संतोष देवघरिया, जगत ठाकुर, कौशलेंद्र जमुवार, योगेंद्र सिंह, दिनेश चौधरी, भीखेश्वर नागमणि, सूबा ऐल्बुम तिग्गा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डीडीसी ने 15 दिनों के अंदर पेयजल की समस्या के समाधान का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला में बुधवार को उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और जिला उद्योग विभाग के योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में खनन क्षेत्रों में हिंडाल्को द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने जल मीनार निर्माण, विद्यालय मरम्मत सहित अन्य कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की और माइनिंग क्षेत्रों में पेयजल सुविधा को प्राथमिकता देते हुए अगले 15 दिनों के भीतर समस्या के समाधान का निर्देश दिया। उन्होंने चौरापाठ आवासीय विद्यालय के लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने और जरूरतमंद क्षेत्रों में त्वरित जलापूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। इसके अतिरिक्त, हिंडाल्को को बागवानी के लिए चयनित किसानों की सूची तैयार कर जिला उद्यान पदाधिकारी को सौंपने का निर्देश दिया ।

**उद्योग विभाग की योजनाओं पर हुई चर्चा**

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, पीएमएफएमइ और पीएमइजीपी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी। उप विकास आयुक्त ने युवाओं को रोजगार से जोड़ने पर विशेष बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला उद्यमी समन्वयक को निर्देशित किया कि रिजेक्ट और योग्य आवेदनों की पहचान कर उन्हें बैंकों में भेजा जाए, ताकि निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त किया जा सके। पीएम विश्वकर्मा योजना में लंबित आवेदनों को मुखिया स्तर से जिला स्तर पर अग्रेषित करने हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों और मुखिया को निर्देश दिया गया है। इस बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, खनन पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, उद्यान पदाधिकारी, एलडीएम, प्रखंड विकास पदाधिकारी घाघरा और बिशुनपुर, अंचल अधिकारी, हिंडाल्को प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में निकला कैंडल मार्च



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में दो दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत से पूरे देश में आक्रोश फैल गया है हमले में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि देने को लेकर प्रखंड मुख्यालय में कैंडल मार्च निकाला गया। इसमें आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गयी। साथी पाकिस्तान मुदार्बाद, वंदे मातरम आदि नारे कैंडल मार्च के दौरान लगाए गए भाजपा नेता भिखारी भगत ने कहा कि भारत में रह रही देशविरोधी ताकतों पर भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इस कैंडिल मार्च से पुर्व लोगों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। लोगों ने कहा कि इस आतंकी घटना के विरोध में देश एकजुट है। आतंकवादियों को पनाह दे रहे देश पर कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही कठोर जवाब देना चाहिए। कैंडल मार्च में बच्चन चौरसिया, केदार साहू, जगत ठाकुर रानू सिंह, संदीप सिंह, गोपाल साहू, गणेश राम महतो, बिंदेश्वर साहू, महेंद्र भगत सहित भारी संख्या में लोग शामिल हुए।

## तेलंगा मेला का आयोजन, 253 नृत्य मंडलियों ने लिया भाग

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** वीर शहीद तेलंगा खड़िया स्मारक समिति ढिढौली के तत्वाधान में तेलंगा मेला का आयोजन किया गया। वीर शहीद तेलंगा खड़िया की 145वीं शहादत दिवस मनायी गयी। कार्यक्रम शुभारंभ वीर शहीद तेलंगा खड़िया मूर्ति का गांव के पाहन पुजार के द्वारा पूजा पाठ कर किया गया। अतिथियों का स्वागत भाषण राजेश खड़िया ने किया। विभिन्न क्षेत्रों से आये 253 नृत्य मंडलियों भाग लिया।

कलावती खड़िया ने कहा कि खड़िया जनजाति के पारंपरिक वेशभूषा, संस्कृति, को बचाना होगा। सोमरा खड़िया ने वीर शहीद तेलंगा खड़िया की वीर गाथा को बिस्तर से बताया। वीर शहीद तेलंगा खड़िया समाज की समस्या और शोषण के विरुद्ध लड़ाई किया गया। समाज जागरूक करने के लिए वीर शहीद तेलंगा खड़िया ने जूरी पंचायत का गठन किया। डॉ चंद्र किशोर केरकेट्टा ने कहा कि वीर शहीद तेलंगा खड़िया के सपना को पूरा करना होगा। वीर शहीद तेलंगा खड़िया का सपना था की खड़िया समाज का भाषा बचे। किसी भी समाज की पहचान उनकी भाषा से होती इसलिए भाषा को बचाना समाज की पहली प्राथमिक होना चाहिए। भाषा, सस्कृति और सामाजिक विरासत को बचाना होगा। यहीं से हमारी सामाजिक होती है। फादर जेस्म डुंगडुंग ने का कहा वीर शहीद तेलंगा खड़िया को अंग्रीजो की गुलामी को सहन नही कर उनगुलन किये। आज भी वीर शहीद तेलंगा खड़िया उनगुलन की आवश्यकता है। कल्याण मंत्री चमरा लिंडा की धर्मपत्नी ललिता लिंडा भी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। मंच का संचालन असरू खड़िया ने किया। मौके पर सूरज डुंगडुंग, आंजु कुमारी, मंगरा खड़िया, शिरोमणि खड़िया, जितू खड़िया, फकीरचंद भगत, खपाई खड़िया, अनिमा खड़िया, सुरेश खड़िया, सुदेश खड़िया, राजकुमार खड़िया, सिबा पाहन आदि उपस्थित रहे।

## मलेरिया से डरने की नहीं, समय पर इलाज कराने की जरूरत : सीएस

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** हर साल 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। जिसका मकसद लोगों को इस जानलेवा बीमारी के प्रति जागरूक करना है। मलेरिया से डरने की नही बल्कि लड़ने व समय पर इलाज कराने की जरूरत है। उक्त बातें बुधवार को सिविल सर्जन ने पत्रकारों से बात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मलेरिया एक ऐसी बीमारी है जो आज भी कई देशों में बड़ा खतरा बना हुआ है। हालांकि इसके इलाज और रोकथाम के लिए कई उपाय मौजूद हैं। लेकिन फिर भी जागरूकता की कमी की वजह से लोग इसकी चपेट में आ जाते हैं। मलेरिया मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलती है। जब मच्छर किसी संक्रमित व्यक्ति को काटता है और फिर किसी अन्य स्वस्थ व्यक्ति को भी काटता है तो पैरासाइट उसके शरीर में पहुंच जाता है। जिससे वह भी मलेरिया से संक्रमित हो जाता है। इससे बच्चों, गर्भवती महिलाओं व वृद्ध लोगो को सबसे ज्यादा खतरा रहता है। मलेरिया के लक्षण आमतौर पर मच्छर के काटने के 10 से 15 दिन बाद नजर आते हैं। इसका मुख्य लक्षण तेज बुखार अक्सर ठंड लगकर आना, शरीर में कंपकंपी और पसीना आना, सिरदर्द और बदन दर्द, मतली और उल्टी, कमजोरी और थकान के साथ कभी-कभी दस्त भी होना है। उन्होंने कहा कि मलेरिया के खतरे से निपटने के लिए कई सावधानियां बरतने की जरूरत है। सीएस ने कहा कि विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर 25 अप्रैल को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जंन जागरूकता हेतु कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके तहत 25 अप्रैल को जागरूकता रैली, स्कूलों में क्विज प्रतियोगिता, गांव, पंचायत और सभी सीएचसी में इंटर कोडिनेशन के तहत ग्राम गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। क्विज में शामिल स्कूली बच्चो को पुरस्कृत किया जायेगा।


## उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
### (जिला ग्रामीण विकास शाखा)

**PMAY-G के अन्तर्गत PMU के लिए नियुक्ति संबंधी आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि कार्यालय आदेश ज्ञापांक 758/जि0ग्रा0वि0शा0 दिनांक 05.04.2025 द्वारा PMAY-U अन्तर्गत संविदा आधारित रक्ति पदों पर नियुक्ति संबंधी सूचना प्रकाशित कर तैयार औपबंधिक प्रारंभिक सूची पर अभ्यर्थियों से दिनांक 12.04.2025 तक त्रुटि निराकरण हेतु दावा–आपत्ति आवेदन प्राप्त किया गया था। त्रुटि–निराकरण के पश्चात योग्य **अभ्यर्थी (Anex.-A) एवं अयोग्य अभ्यर्थी (Anex. B) की सूची** कोडरमा जिले के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है।

विभागीय पत्रांक 1016(अनु0)/ग्रा0वि0 राँची दिनांक 01.03.2017 के (Hindi Circular) के कंडिका 6(1) एवं पत्रांक 10-PMAY-G-54/2016/1193 दिनांक 09.03.2017 (English Circular) के कंडिका 3(1) तथा कार्यालय ज्ञापांक 521/ग्रा0वि0शा0 दिनांक 05.03.2025 द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत प्रखण्ड स्तरीय संविदा आधारित **लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर** के नियुक्ति संबंधी प्रकाशित विज्ञापन सूचना सं0–01/2025 में अर्न्तनिहित प्रावधान के आलोक में योग्य अभ्यर्थियों को दक्षता परीक्षा लिया जाना आपेक्षित है।

**उक्त परिप्रेक्ष्य में योग्य अभ्यर्थियों को Efficiency Test (दक्षता परीक्षा) विषय ज्ञान एवं कम्प्यूटर ज्ञान का दिनांक 28/04/2025 के पूर्वाह्न 10:30 बजे जिला ग्रामीण विकास शाखा, सभागार, समाहरणालय परिसर, कोडरमा में आहूत किया गया है।**

**नोटः– i. वैसे अभ्यर्थी जो दक्षता परीक्षा में भाग नहीं लेंगे, उनकी उम्मीदवारी स्वतः समाप्त समझा जाएगा।**

**ii. अयोग्य अभ्यर्थी को यदि कोई आपत्ति है तो, त्रुटि निराकरण हेतु दक्षता परीक्षा के पूर्व साक्ष्य सहित आवेदन दे सकते है।**

**iii. ऑनलाईन आवेदन के प्रति, आधार कार्ड, ID Proof के साथ परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित तिथि को पूर्वाह्न 10:00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।**

ह0/–
उप विकास आयुक्त,
कोडरमा।

PR 350905 (Rural Development) 25-26 (D)


## केंद्र और राज्य सरकार जनता की समस्याओं का हल करे, नहीं तो होगा आंदोलन : विजय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** झारखंड नवनिर्माण दल, ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच व महिला मंडल घाघरा के तत्वाधान में ब्लॉक कैंपस में सहारा इंडिया, एपीलाइन, साईं प्रकाश, पल्स, वेलफेयर समेत दर्जनों ननबैंकिंग कंपनियों में जमा पैसे की जल्द भुगतान, महिला सुरक्षा, रोजगार, अनुदान देने, महिला मंडल को दिया गया। लोन माफ करने, व्यवसाय के लिए महिलाओं को ब्याज रहित कम से कम 10 लाख रुपया तक सहायता राशि देने, विकास के कार्यों में भ्रष्टाचार पर रोक जैसे जनहित के मुद्दे को लेकर ब्लॉक कैंपस में रोपना उरांव की अध्यक्षता में बड़ी बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार आम जनता की ज्वलंत समस्याओं का हल करे नहीं तो आंदोलन होगी। श्री सिंह ने सहारा इंडिया समेत दर्जनों ननबैंकिंग कंपनी में मेहनत के जमा पैसे की जल्द भुगतान व महिलाओं की समस्या सहित जनहित के पांच सूत्रीय मांग को लेकर वीर बिरसा मुंडा के शहादत दिवस 9 जून 2025 को रांची में आयोजित राजभवन मार्च में अभी से ही जाने की तैयारी करने की अपील की है। पार्टी नेता प्रकाश उरांव ने कहा कि ब्लॉक व बैंक में घूसखोरी और परेशानी बढ़ गयी है इसके विरोध के लिए आम जनता से बड़ी संख्या में एकजुट होने की जरूरत बतायी है। बैठक में भ्रष्टाचार के विरुद्ध तथा सभी ननबैंकिंग में जमा पैसे की जल्द भुगतान और महिलाओं की समस्याओं का समाधान के लिए 28 अप्रैल 2025 को घाघरा हाई स्कूल मैदान से दिन के 11 बजे जुलूस प्रदर्शन आयोजित करने, 9 जून 2025 को रांची में आयोजित राजभवन मार्च में घाघरा प्रखंड क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में जाने की तैयारी करने, प्रखंड क्षेत्र में संगठन का विस्तार व मजबूती करने के अलावे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये हैं।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बिजली विभाग को सौंपा मांग पत्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को जिला अध्यक्ष राजेश सिंह की अगुवाई में विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता बीके सिंह से मिला और बिजली व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि बारिश के मौसम में अचानक बिजली कटने से आम जनता को काफी परेशानी होती है। इस स्थिति से निपटने के लिए 50 केवीए के चार मोबाइल ट्रांसफार्मरों की मांग की गयी है, जिनमें से एक पहले ही आ चुका है। शेष तीन ट्रांसफार्मर, एक पिकअप वैन और हाइड्रा मशीन की व्यवस्था की भी मांग की गयी, ताकि आपात स्थिति में बिजली बहाल की जा सके। कार्यपालक अभियंता ने इस दिशा में सकारात्मक रुख दिखाया और तीन अतिरिक्त ट्रांसफार्मरों के लिए पत्र प्रेषित करने की जानकारी दी। साथ ही बारिश शुरू होने से पहले जर्जर तारों और पुराने खंभों की मरम्मत के आग्रह पर भी आश्वासन दिया। मौके पर उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष विजय द ग्रेट, सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव प्रणय साहू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, इम्तियाज मिनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।


## झारखण्ड सरकार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
### (सहकारिता प्रभाग)
### कार्यालय, जिला सहकारिता पदाधिकारी, राँची।

कार्यालय, निबंधक, सहयोग समितियाँ, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–825(6), दिनांक–22.04.2025 के आलोक मे झारखण्ड में एम0पी0सी0एस0(लैम्पस) के पुनर्गठन के पश्चात इनमें सदस्यों की कुल सख्या में आशानुरूप वृद्धि नहीं होने के कारण दिनांक–25.04.2025 से 25.05.2025 तक विशेष अभियान Mission Mode में चलाकर पंचायत क्षेत्र में स्थायी निवासी अर्हताधारी प्रत्येक परिवार से एक व्यक्ति को एम0पी0सी0एस0 (लैम्पस) की सदस्यता प्रदान किया जाना है।

विदित हो कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के गठन के पश्चात सहकारिता पक्षेत्र आमूल–चूल परिवर्तन की ओर अग्रसर है। विभिन्न नये आयामों के द्वारा सहकारिता प्रक्षेत्र को सशक्त बनाये जाने हेतु सरकार के द्वारा अनेक नये अवसर प्रदान किये जा रहे हैं, यथाः–

1. अन्न भण्डारण हेतु प्रत्येक पंचायत में गोदाम भवन (100एम0टी0, 500 एम0टी0, World largest Grain Storage)
2. MPCS (लैम्पस) को प्रज्ञा केन्द्र की अनुज्ञप्ति।
3. प्रत्येक MPCS (लैम्पस) को कंम्यूटरीकृत करना।
4. MPCS (लैम्पस) को खाद, बीज के अनुज्ञप्ति प्रदान कर ग्रामिणों में इनकी उपलब्धता सुनिश्चित करना।
5. पंचायतों में जन औषधि केन्द्रों की स्थापना।
6. MPCS (लैम्पस) को पेट्रोल पंप की सुविधा उपलब्ध कराना।
7. उन्नत कृषि को बढावा देने हेतु सुलभ ऋण की व्यवस्था, रियायती दरों पर कृषि उपकरणों को उपलब्ध कराना, कृषि एवं लधुवनोपज का भण्डारण एवं क्रय–विक्रय की व्यवस्था।
8. कृषि आधारित अद्योगों को बढावा देना।
9. जमा वृद्धि योजना।
10. न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान अधिप्राप्ति योजना/लाह अधिप्राप्ति योजना एवं लघु वनोपजों का आहरण ।
11. फल सब्जी भण्डारण हेतु कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था।
12. Common Services Centre (प्रज्ञा केन्द्र) की स्थापना।
13. LPG Disttributionship योजना।
14. Petrol Pump का रिटेल आउटलेट योजना।
15. प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के द्वारा सस्ती दवाओं की व्यवस्था
16. प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना से MPCS (लैम्पस) को आच्छादित करना
17. Operation and Maintennce of Pipe Water Supply Scheme के तहत जन–जन तक जल पहुँचाना।
18. ब्याज रहित के.सी.सी. ऋण
19. डोर स्टेप बैंकिग सुविधाएँ
20. बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

इनके अलावा अन्य काफी अधिक योजनाओं को लैम्पस/एम0पी0सी0एस0 द्वारा ही लागू किये जाने की सरकार की योजना है जिनका लाभ इनके सदस्य ही प्राप्त कर सकते है।

प्रत्येक पंचायत में गठित बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी कमिटी से सम्पर्क कर सदस्यता ग्रहण हेतु मात्र 110 रू0 जमाकर सदस्यता ग्रहण किया जा सकता है जिसमें 100 रू0 सदस्यता शेयर एवं 10 रू0 मात्र प्रवेश शुल्क शामिल है। सदस्यता फार्म निःशुल्क है।

जिला सहकारिता पदाधिकारी,
राँची।

PR 350902 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(25-26)D


## पहलगाम आतंकी हमले पर अंजुमन इस्लामिया ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में हिंदू पर्यटकों की हत्या की घटना पर अंजुमन इस्लामिया गुमला ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कड़े शब्दों में निंदा की है। प्रवक्ता मोहम्मद आशिक अंसारी ने इसे आतंकवादियों की कायराना हरकत बताते हुए कहा कि इस दर्दनाक घटना से पूरा देश सदमे में है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में भारतीय सेना की भारी तैनाती और इंटेलिजेंस एजेंसियों की निगरानी के बावजूद इस तरह की घटनाएं होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंता का विषय है। उन्होंने सरकार से मांग की कि दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए और ऐसे प्रभावी कदम उठाए जाएं जिससे जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद का स्थायी रूप से खात्मा हो सके। श्री अंसारी ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से अपील की कि देश की एकता, अखंडता और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आतंकियों के खिलाफ निर्णायक नीति अपनायी जाये। उन्होंने शहीद हुए पर्यटकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और नागरिकों से शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील भी की। अंजुमन इस्लामिया ने दोहराया कि देशविरोधी ताकतों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## वीर कुंवर सिंह स्मृति भवन में पहलगाम के शहीदों को अर्पित की गयी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** डीएसपी रोड स्थित बाबू वीर कुंवर सिंह स्मृति भवन के सभागार में बुधवार दिन के 2 बजे कुंवर सिंह की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद सुदर्शन भगत उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने समारोह को संबोधित करते हुए बाबू कुंवर सिंह द्वारा प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। विगत दिनों करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष जमशेदपुर निवासी विनय सिंह एवं जम्मू कश्मीर में निर्दोष पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा निर्मम हत्या कर 28 लोगों को मार दिया गया। जिसके कारण जयंती समारोह को सादगी से मनाया गया साथ ही पूर्व प्रायोजित नगर शोभायात्रा कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया। मंच स्थल से बाबू वीर कुंवर सिंह की मूर्ति के पास जाकर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद वापस लौटकर मंचीय कार्यक्रम हुआ। मंच में अतिथियों का माला पहनकर एवं पगड़ी पोशी कर स्वागत किया गया।

# 15 से 30 दिनों में समस्याओं का होगा समाधान : राजेश कुमार



**ढ़ोरी मे कोयला खान भविष्य निधि समन्वय बैठक सह पेंशन अदालत का किया आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के जीएम कॉलोनी स्थित ऑफिसर क्लब में बुधवार को त्रिपक्षीय कोयला खान भविष्य निधि समन्वय बैठक सह पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र से संबंधित सीएमपीएफ और पेंशन संबंधित मामलों का मौके पर ही निपटारा करना था। इसमें मुख्य रूप से सीसीएल ढोरी के महाप्रबंधक रंजय सिन्हा, सीएमपीएफ के असिस्टेंट कमीशनर राजेश कुमार, जीएम पेंशन आरआर शर्मा, चीफ मैनेजर एसके चौबे, मैनेजर मो शफीक, सेक्शन अफिसर ज्ञान रंजन, सोशल सिक्योरिटी असिस्टेंट मो कमरुल हुसैन और विवेक वर्मा आदि उपस्थित थे। यहां रिसाईभ पीपीओ, न्यू सीएमपीएफ नं अलोटमेंट, विधवा पेंशन, नोर्मल पेंशन, लेसर अपडेट, वीवी स्टेटमेंट टाईप पे जमा करने की बाते कही गई। वहीं, कमिशनर राजेश कुमार ने कहा कि यहां पुराने पेंशन और सीएमपीएफ के केस आये हैं उसे 15 से 30 दिन के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। जितने भी मामले हैं उसे श्रेणी के अनुसार पूरा किया जाएगा। किसी को निराश होने की जरूरत नहीं है। वहीं, जीएम रंजय सिन्हा ने कहा कि हमारी जिम्मेवारी हैं कि जो मजदूर कंपनी में अपनी सेवाएं दियें हैं, उनके पेंशन में किसी भी तरह की समास्या नहीं होगा। जमसं ढ़ोरी क्षेत्रीय सचिव विकास सिंह ने कहा कि इस अदालत में ज्यादा से ज्यादा लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण हो सके, इसी उद्देश्य से यहां पेंशन अदालत लगाई गई है। इसे सफल बनाने में पेंशन विभाग के मैनेजर विवेक कुमार, एसओपी माला कुमारी, कार्मिक प्रबंधक सूरेश सिंह, सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार, कार्मिक प्रबंधक तौकीर आलम, असिस्टेंट मैनेजर शालिनी यादव और आस्था कुमारी आदि का योगदान रहा। मौके पर अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के पेंशन सेल के सदस्य रविंद्र मिश्रा, विनय सिंह, विकास सिंह, धीरज पांडे, जवाहरलाल यादव, ओम शंकर सिंह, कुंज बिहारी प्रसाद, शंभु महतो आदि मौजूद थे।

### कम पेंशन वाले को महंगाई देखते हुए 15 हजार महीना दिया जाये

अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के पेंशन सेल के सदस्य रविंद्र मिश्रा ने कहा कि 5-10 साल से लोगों का पेंशन और सीएमपीएफ का पैसा रुका हुआ है। उन सभी की समस्याओं को कमिश्नर और अन्य अधिकारियों को अवगत कराया गया है। उम्मीद है कि जल्द ही इसका निष्पादन वे लोग करेंगे। कहा कि मांग की है कि 35-40 साल कंपनी में सेवा देने वाले कर्मियों को रिटायरमेंट के समय ही पेंशन का सेटलमेंट हो। साथ ही जिनका पेंशन कम है उसे अभी के महंगाई को देखते हुए 15 हजार रुपया महीना दिया जाय। इस पर कमिश्नर ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है।

## बोकारो मुठभेड़ में शामिल जवानों को डीजीपी ने किया सम्मानित

# नक्सली सरेंडर करें या मरने को तैयार रहें : अनुराग गुप्ता

**कहा-बरसात से पहले झारखंड को नक्सली मुक्त करने का संकल्प जल्द पूरा होने वाला है**

आजाद सिपाही संवाददाता



नक्सली हमले में शामिल जवानों को सम्मानित करते डीजीपी अनुराग गुप्ता।

**ललपनिया/बोकारो।** जिले के लुगु पहाड़ में सोमवार को हुए मुठभेड़ में शामिल जवानों को बुधवार को झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सम्मानित किया। ललपनिया गेस्ट हाउस में कई वरीय पदाधिकारियों की मौजूदगी में कोबरा, जगुआर और जिला पुलिस बल के जवानों को सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर डीजीपी ने नक्सलियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सरेंडर करें, या ऐसी ही कार्रवाई में मरने को तैयार रहें। बतातें चलें कि बोकारो जिले के ललपनिया स्थित लुगु पहाड़ में सोमवार को नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन डाकाबेड़ा चलाया गया। जिला पुलिस, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 8 नक्सलियों को ढेर किया गया। इस दौरान डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि 25 वर्षों के झारखंड की सेवा के दौरान आज तक इतनी बड़ी कामयाबी कभी नहीं मिली थी। इन जवानों ने हमारा सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है। हमने सांप के सिर को ही काट कर खत्म कर दिया है। अब बोकारो और गिरिडीह इलाके में नक्सली दिशा विहीन हो गये हैं। इस ऑपरेशन में शामिल सभी जवानों को अब चाइबासा के सारंडा में नक्सलियों को खत्म करने के लिए भेजा जा रहा है। बरसात से पहले झारखंड को नक्सली मुक्त करने का हमारा संकल्प जल्द पूरा होने वाला है। उन्होंने कहा कि हम हाथ जोड़कर नक्सलियों को कह रहे हैं कि जल्द से जल्द अपना रास्ता बदल लें नहीं तो इस राज्य से उनका नामोनिशन मिट जायेगा। उन्होंने कहा कि जो बचे हुए नक्सली हैं, उन्हें कहना और हिदायत देना चाहता हूं कि राज्य का जो सरेंडर पॉलिसी है, उसे अपनाते हुए शांति के मार्ग पर लौट आये, अन्यथा मारे जाएंगे। सरकार की अच्छी एवं सूंदर पॉलिसी है। जो सरेंडर करेंगे उसे ओपन जेल में रखेंगे। उन्हें पैसा देंगे, उनके बच्चों को पढ़ाई-लिखाई कराएंगे। उनकी कानूनी लड़ाई लड़ने में मदद करेंगे। पर समझाने के बाद भी नहीं मानेंगे तो उनका भी वही हस्र होगा जो 21 अप्रैल को 8 नक्सलियों का हुआ है। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साकेत कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अभियान) संजय आनन्द लाटकर, पुलिस महानिरीक्षक उत्तरी छोटानागपुर-एस माइकल राज, पुलिस उपमहानिरीक्षक सुरेंद्र कुमार झा, बोकारो पुलिस कप्तान मनोज स्वर्गियारी, बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ, एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, गोमिया सर्किल इंस्पेक्टर-जितेंद्र कुमार, बीडीओ महादेव कुमार महतो, सीओ आफताब आलम के अलावा गोमिया थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता, ललपनिया थाना प्रभारी शशि शेखर, महुआटांड़ थाना प्रभारी रंजीत यादव, जागेश्वर बिहार थाना प्रभारी कांति बिलश अविनाश, पेटरबार थाना प्रभारी राजू मुंडा आदि उपस्थित थे।

# न्यायाधीश ने किया धनबाद मंडल कारा का निरीक्षण, दिये कई निर्देश



**- महिला बंदी के साथ आए दो छोटे बच्चों को अविलंब दूध एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर अवर न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मयंक तुषार टोपनो ने बुधवार को धनबाद मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। इश दौरान उनके साथ एलएडीसीएस डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल सुमन पाठक, नीरज गोयल और कन्हैया लाल ठाकुर आदि मौजूद रहे। न्यायाधीश ने कारागार के प्रत्येक बैरक में पहुंचकर बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन एवं मुकदमें में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा ना होने की जानकारी ली। इसके बाद न्यायाधीश ने बंदियों के शौचालयों की साफ-सफाई का निर्देश दिया। कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजे जाने का जेल डॉक्टर को निर्देश दिया। इसके अलावा न्यायाधीश ने कारा में बंद महिला बंदी जिससे साथ दो छोटे बच्चे थे। उन्हें दूध, डायपर, आवश्यक दवा एवं उसके स्वास्थ्य संबंधी अन्य चीजें अविलंब उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। न्यायाधीश के आदेश पर तुरंत दोनों बच्चों के लिए आवश्यक सभी सामान जेल प्रशासन द्वारा मुहैया करा दी गयी। वहीं, न्यायाधीश ने जेल के चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर, वहां तैयार हो रहे भोजन, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यान सह योग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया। बंदियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। न्यायाधीश ने जेल प्रशासन को बंदियों को नियमानुसार सुविधाएं मुहैया कराने, जेल अधिकारियों को उनके कर्तव्य का समुचित रूप से पालन करने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्हें विभिन्न कानून की जानकारी दी गई। जेल मैनुअल के तहत मिलने वाली सारी सुविधाएं बंदियों को उपलब्ध कराने का आदेश जेल प्रशासन को दिया। इस मौके पर डालसा के सहायक अरुण कुमार, सौरभ सरकार, राजेश सिंह, जेल पीएलवी विशाल सिंह आदि उपस्थित थे।

# बारातियों की भरी बस ने ननि के सफाई कर्मियों को रौंदा, एक की मौत

## आक्रोशित लोगों ने सड़क पर टायर जलाकर किया प्रदर्शन, मुआवजे की मांग

**- भागने के क्रम में बस चालक ने बाइक को भी कुछ दूर तक घसीटा**

आजाद सिपाही संवाददाता



सड़क पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन करते नगर निगम कर्मी- स्थानीय लोग।

**धनबाद।** सदर थाना क्षेत्र के पूजा टॉकीज के समीप बुधवार को तेज रफ्तार एक बस ने नगर निगम के तीन सफाई कर्मियों को कुचल दिया। इस घटना में एक सफाई कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतक की पहचान धनसार थाना क्षेत्र के बस्ताकोला निवासी बजरंगी भुइयां के रूप में हुई है। वहीं, गंभीर रूप से घायल हो अन्य लोगों को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो बस चालक ने पहले एक बाइक को टक्कर मारी। इसके बाद भागने के क्रम में बाइक सहित वहां मौजूद तीन सफाइकर्मियों को रौंदते हुए कुछ दूर तक गया। इसके बाद चालक बस छोड़कर फरार हो गया। दूसरी ओर, घटना के बाद आक्रोशित सफाईकर्मियों और स्थानीय लोगों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग को लेकर सड़क पर टायर चलाकर उसे जाम कर दिया। इससे उक्त मार्ग पर वाहनों की आवाजादी बंद हो गयी। इसकी सूचना पाकर पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल और पूर्व पार्षद अशोक पाल सहित अन्य लोग मौके पर पहुंच गये। वहीं, पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी और आक्रोशित लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया। साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ये है मामला

नगर निगम के तीन सफाईकर्मी हाजरी बनाने के लिए पूजा टॉकीज के समीप जा रहे थे। तभी बारातियों से भरी तेज रफ्तार रफ्तार बस आयी और तीनों सफाई कर्मियों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में बजरंगी की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि दो अन्य घायल हो गये। उधर, खबर पाकर नगर निगम के सभी सफाई कर्मी सहित मृतक के परिवार और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचकर धरने पर बैठ मुआवजे की मांग करने लगे। शहर के बीचो-बीच धरने पर बैठने के कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी जाम लग गयी। हालांकि पुलिस के आश्वासन एवं समझाने बुझाने के बाद मामला शांत हुआ औ जाम हटा लिया गया।

## फार्मा काउंसिल में झारखंड के मूलवासी को अवसर नहीं दिया गया तो होगा आंदोलन : सदानंद महतो



**तोपचांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्वास्थ्य विभाग की ओर से फार्मा काउंसिल के रजिस्ट्रार पद का चयन प्रक्रिया किया जा रहा है। इसमें पांच सदस्य कमेटी का भी चयन किया जाता है। झारखंड अलग राज्य बने 24 वर्ष बीत गये, लेकिन इस फर्मा विभाग में रजिस्ट्रार से लेकर कमेटी सदस्य तक बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश आदि प्रदेशों के लोग पदस्थापित होते रहे हैं। आजसू के जिला संगठन सचिव सदानंद महतो ने कहा कि झारखंड में आदिवासी मूलवासी की सरकार है। इस विभाग में 24 साल से बाहरी लोगों का कब्जा रहा है। सरकार से मांग है कि इस बार चयन प्रक्रिया में प्रदेश के मूलवाससियों को अवसर दिया जाए। अन्यथा आजसू चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगा।


—:: झारखण्ड सरकार ::—

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या—03 वर्ष 2025—26

दिनांक—22.04.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नामः— | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड रॉची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नामः— | कार्यपालक अभियन्ता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समयः— | दिनांक—29.04.2025 को 03:00 बजे अपराह्ण तक |
| 4. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः— | दिनांक—30.04.2025 को 03:00 बजे अपराह्ण तक |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय :— | दिनांक—30.04.2025 को 04:00 बजे अपराह्ण के बाद |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थानः— | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 7. | निविदा प्राप्ति का स्थानः— | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा । |
| 8. | कार्य की विस्तृत विवरणीः— | |

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की संख्या | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Supplying Labour, Vehicle with Fuel & Lubricants with all tools & plants for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas of District-Chatra, different block in Sub Division No.-Chatra, Semariya & Hunterganj upto 31.10.2025 Under Drinking Water and Sanitation Division, Chatra for the year 2025-26 **RM to DT-** **1.** (Major Repair-60%):- **840 Nos.** **2.** (Minor Repair-40%):-**560 Nos.** **Total (1+2 – 100%):- 1400 Nos.** | 840 Nos (Major) 560 Nos (Minor) **1400 Nos** | RM/DT/CTR-01 | 10,46,080/- | 21,000/- | 2,500/- | Up to dt.- 31.10.2025 |
| 2 | | 840 Nos (Major) 560 Nos (Minor) **1400 Nos** | RM/DT/SMR-02 | 10,46,080/- | 21,000/- | 2,500/- | Up to dt.- 31.10.2025 |
| 3 | | 840 Nos (Major) 560 Nos (Minor) **1400 Nos** | RM/DT/HNT-03 | 10,46,080/- | 21,000/- | 2,500/- | Up to dt.- 31.10.2025 |

निविदा की शर्त्ते विभागीय वेबसाईट www.daa.jharkhand.gov.in एवं इस कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। इच्छुक एजेंसी परिमाण विपत्र वेबसाईट से डाउनलोड कर निविदा में भाग ले सकते हैं, परन्तु निविदा जमा करते समय परिमाण विपत्र का निर्धारित मूल्य का बैंक ड्राफ्ट तकनीकी बीड के साथ अनुलग्नित करेंगे, जो कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा के पदनाम से भुगतेय होगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,चतरा।

PR 350867 Drinking Water and Sanitation(25-26)D


## 30 असहाय महिलाओं के बीच खाद्य सामग्री का वितरण

**सिजुआ/कतरास (आजाद सिपाही)।** दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्ष मिली दत्ता के निर्देस पर बुधवार को प्रज्वला महिला मंडल सिजुआ क्षेत्र की अध्यक्ष शशि प्रसाद ने सिजुआ स्थित स्टाफ रीक्रिएशन क्लब पुराना क्षेत्रीय कार्यालय के समीप 30 असहाय महिलाओं के बीच छाता, खाद्य सामग्री आदि का वितरण किया। कहा कि इस तरह का सामाजिक कार्य हमारी महिला मंडल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किया जा है और आगे भी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मौके पर सुलक्षणा सिंह, भाषावती कुंडू, बानोश्री नंदा, रूबी जैन, बबीता दास, रेखा कुमार, माया सिंह आदि थीं।

## आयुष फाउंडेशन ने आयोजित किया शिष्टाचार जागरूकता सेमिनार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** आयुष फाउंडेशन की ओर से सरायढेला के कोलवासरी मध्य विद्यालय में बुधवार को शिष्टाचार जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया। इसमें संस्था की सदस्य ममता सिंह बतौर मुख्य वक्ता के रूप में शामिल रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को शिष्टाचार के महत्व और व्यवहारिक जीवन में उसके उपयोग के विषय में प्रेरणादायक बातें साझा की। वहीं, प्राचार्या पूजा प्रियदर्शिनी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में नैतिक और सामाजिक मूल्यों का विकास होता है। संस्था के अध्यक्ष गणेश शर्मा ने कहा कि शिष्टाचार हमारी भारतीय धरोहर है। ऋषि-मुनियों की परंपरा से लेकर आज तक इसका महत्व बना हुआ है। इस दौरान संस्था की ओर से विद्यालय को पौधा भेंट किया गया। साथ ही गर्मियों को ध्यान में रखते हुए एक स्टैंड फैन भी दिया गया।


कार्यालय-जिला आयुष समिति, लोहरदगा

जिला संयुक्त औषधालय लोहरदगा (ब्लॉक कैंपस) (झारखण्ड) 835302

Email-ayushdamolohardaga@gmail.com

पत्रांक ................/दिनांक ......................./

**सूचना**

जिला आयुष समिति, लोहरदगा के अधीनस्थ जिलान्तर्गत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)/हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर (आयुष)/राजकीय आर्युदिक औषधालय/जिला संयुक्त औषधालय हेतु योग प्रशिक्षक पारिश्रमिक के आधार पर रखा जाना है। योग प्रशिक्षक को सूचीबद्ध करने के लिए चयन हेतु दिनांक— 08.05.2025 को पूर्वाहन् 11:00 बजे से Walk–In-Interview सिविल सर्जन कार्यालय, लोहरदगा के सभागार में निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी निम्नलिखित शर्तों के तहत् Walk–In-Interview में भाग लेंगे।

| क्र0 | पद का नाम | पद की संख्या | आवश्यक अर्हता | पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | योग प्रशिक्षक (पुरूष/महिला) | पुरूष – 26 महिला – 05 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से योग के विषय पर डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट बोर्ड का होना या योगा सर्टिफिकेशन बोर्ड/प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से सर्टिफाईड योग प्रशिक्षक | योग प्रशिक्षक को प्रत्येक सत्र के लिए रू0 250/—प्रति योग सत्र देय होगा। |
| योग प्रषिक्षक के **Walk–In-Interview** की प्रखण्डवार सूची | | | | |
| प्रखण्ड—कुडु/भण्डरा/किस्को एवं सेन्हा | | | प्रखण्ड—कुडु /भण्डरा/किस्को एवं सेन्हा | |

सामान्य जानकारी एवं निर्देश—

1. साक्षात्कार के किसी भी चरण में यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पात्रता मापदण्ड/तथ्यों को पूरा नहीं करता है, तो सूचीबद्धता हेतु उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।
2. साक्षात्कार हेतु विहित प्रपत्र में वांछित सभी तरह के प्रमाण पत्रों को स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटो (02 प्रति) के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित् करेंगे साथ ही साथ प्रमाण पत्रों की मूल प्रति अभ्यर्थी अपने साथ रखेंगे।
3. साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवार को कोई यात्रा भता देय नहीं होगा।
4. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि नौकरी के नियमितीकरण के संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा अगर भविष्य में नियमितीकरण का दावा करते हैं तो वैसी स्थिति में उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जायेगी।
5. कार्य दिवस/योग सत्र आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा दिये गये मार्ग—दर्शिका के अनुरूप होगी।
6. प्रत्येक योग सत्र दो घंटे का होगा।
7. प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (विज्ञापन के साथ संलग्न) में योग/अन्य Wellness Activities का कम से कम 10 सत्र निर्धारित तिथि एवं समय पर किया जायेगा।
8. स्थानीय प्रमाणित (Certified) योग प्रशिक्षक एवं अनुभवी योग प्रशिक्षक को सर्वप्रथम प्राथमिकता दी जायेगी। जिस हेतु स्थानीय प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। लोहरदगा जिला के स्थानीय अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी।
9. यदि एक से अधिक अभ्यर्थी चयनित हो तो वैसी स्थिति में योग कोर्स के प्राप्तांक दूसरा निर्णायक कारक होगा।
10. आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष/हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर आयुष के 5—7 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले योग प्रशिक्षक को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।
11. योग/अन्य Wellness Activities के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर में निर्धारित जगह चिन्हित की जायेगी। यदि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जगह उपलब्ध नही होगी वैसी स्थिति में निकटतम स्कुल, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र या अन्य सरकारी सामुदायिक भवन में योग/अन्य Wellness Activities के लिए जगह निर्धारित किया जा सकता है।
12. इस विज्ञापन में टंकक अशुद्धि/संशोधन तथा Walk–In-Interview तिथि में आवश्यकतानुसार परिर्वतन करने का अधिकार जिला चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 350865 Lohardaga (25-26)_D

सिविल सर्जन,
लोहरदगा


## पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में भाजपा ने निकाला आक्रोश मार्च, किया प्रदर्शन

# आतंकियों-पाकिस्तान को मिले मुंहतोड़ जवाब: सांसद-विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता







**धनबाद।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले के विरोध में धनबाद जिला भाजपा की ओर से रणधीर वर्मा चौक पर बुधवार को आक्रोश मार्च निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर सांसद ढुल्लू महतो और विधायक राज सिन्हा मौजूद रहे। उन्होंने आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। साथ ही आतंकवादियों और पाकिस्तान को इसके लिए जम्मेदार छहराते हुए कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। इस अवसर पर सांसद और विधायक ने कहा कि आतंकी हमले के खिलाफ पूरे देश में उबाल है। इस हमले का जवाब आतंकी और पाकिस्तान को मिलना चाहिए। वहीं. कार्यकर्ताओं एवं अन्य लोगों ने भी इस कायराना हरकत को अंजाम देने वाले आतंकियों और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवान देने की मांग की।

दूसरी ओर, बरटांड़ में बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल शाखा एक की ओर से पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के विरोध में हाथों में तख्तियां लिए कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। संगठन के महासचिव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि उक्त आतंकवादी हमले में मारे गये निर्दोष लोगों में एलआइसी के एक अधिकारी भी शामिल हैं। हम इस असहनीय समय में पीड़ित परिवारों के साथ संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। केंद्र सरकार से आग्रह हैं कि इस अमानवीय कृत्य के दोषियों को शीघ्र कठोर से कठोर सजा दी जाए।

# राज्य कैबिनेट की बैठक में छह प्रस्तावों को मिली मंजूरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कैबिनेट में छह महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। इस क्रम में आंगनवाड़ी सुप्रभाइजर की नौकरी के लिए अभ्यर्थी को स्नातक होना चाहिए। पहले इस नौकरी के लिए मैट्रिक पास अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते थे, लेकिन अब केवल स्नातक पास अभ्यर्थी ही इस नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह निर्णय बुधवार को कैबिनेट की बैठक में लिया गया। इसके अलावा आबकारी विभाग नियम 2017 में संशोधन किया गया है। अनुसूचित जाति और जनजाति क्याडर का पुनर्गठन किया जायेगा और 24 पद सृजित किये जायेंगे। आबकारी कांस्टेबल डिवीजन को जिला कैडर से प्रतिस्थापित कर दिया गया है। जल संसाधन विभाग 108 करोड़ रुपये की लागत से बैतरणी बायीं और दायीं नहर का निर्माण करेगा। इससे भद्रक, बालेश्वर और क्योंझर में 60,000 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई हो सकेगी। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को 108 एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराने के लिए अगले पांच साल के लिए 2398 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया है।

## राज में तीन सिविल जज कोर्ट का गठन, सीएम की मंजूरी के बाद अधिसूचना जारी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राज्य में तीन नये सिविल जज कोर्ट (जूनियर डिवीजन) का गठन किया गया है। ये अदालतें बालेश्वर जिले के बालिआपाल, सुंदरगढ़ जिले के लेफ्रिपाड़ा और संबलपुर जिले के रेंगाली में स्थापित की गयी हैं। राज्य सरकार ने ओड़िशा उच्च न्यायालय के परामर्श से इन अदालतों का गठन किया है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी द्वारा इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद अधिसूचना जारी की गयी। इन तीन न्यायालयों के गठन के साथ, इन राजस्व तहसीलों पर अधिकार क्षेत्र रखने वाले अन्य सभी जूनियर डिवीजन सिविल जज न्यायालयों का अस्तित्व समाप्त हो गया।

## पूरे समाज के लिए दिव्यांशु शांडिल्य बने प्रेरणास्रोत

# देश की सर्वश्रेष्ठ सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हम लोग अक्सर सुनते है कि मन के हारे हार है और मन के जीते जीत। रांची के दिव्यांशु शांडिल्य ने इस कथन को चरितार्थ कर दिखाया है और यह सत्यापित किया कि मानव जब जोर लगाता है, तो पत्थर भी पानी बन जाता हैं। दिव्यांश शांडिल्य, पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह और प्रो डॉ लक्ष्मी प्रसाद सिंह (पूर्व एचओडी, हिंदी विभाग, मगध विश्वविद्यालय) के पुत्र हैं। शांडिल्य ने अपनी स्कूली शिक्षा पटना डीपीएस से प्राप्त कर आगे की शिक्षा प्राप्त करने के लिए दिल्ली गये और उसके बाद उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई अमेरिका से कर वापस अपने देश भारत 2016 में आये और अपने पिता से प्रेरित होकर आइपीएस बन देश का सेवा करने की आकांक्षा रख सिविल सेवा का तैयारी आरंभ की और प्रथम प्रयास में ही (सिविल सेवा परीक्षा 2017 में ) प्रारंभिक परीक्षा पास कर मुख्य परीक्षा में शामिल



हुए, किंतु कुछ अंकों से सफलता हाथ नहीं लगी। वर्ष 2019 में दिव्यांशु शांडिल्य की दिल्ली के चाणक्यपुरी में गंभीर सड़क दुर्घटना हुई, जहां दो अनजान बहनें काजल और बबीता ने सड़क पर गिरे दिव्यांशु को देखा और जब देखा कि सांस चल रही है तो उन्होंने वहां मौजूद सभी लोगों से मदद के लिए प्रार्थना की, किंतु मदद नहीं मिल पाने से निराश होकर दोनों बहनों ने स्वयं इन्हें हॉस्पिटल पहुंचाया, जो मानवता का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करता है। दुर्घटना में उन्होंने अपना सब कुछ खो दिया, लेकिन हौसला नहीं। दिव्यांशु शांडिल्य के माता-पिता से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि मेदांता हॉस्पिटल के सभी बड़े से बड़े डॉक्टर ने यहां तक कह दिया था कि अब इश्वर ही है, जो उन्हें बचा सकते है और यदि जीवित भी रहे तो पुनः सामान्य जीवन लौट पायेंगे, यह कह पाना मुश्किल होगा, क्योंकि दुर्घटना में शरीर के सारे अंग प्रत्यंग क्षतिग्रस्त हो गये थे, 15 दिन तक दिव्यांशु शांडिल्य कोमा में रहे और वो मृत्यु को मात देकर वापस आये। उन्होंने बताया कि शांडिल्य के लिए दुर्घटना से बड़ी चुनौती थी। वापस सामान्य जीवन में आ पाना, क्योंकि दुर्घटना के कारण शांडिल्य ने अपनी याददास्त खो दी थी, जिसे वापस प्राप्त कर पाना असंभव था, किंतु कभी न हार मानने वाला व्यक्तित्व के कारण शांडिल्य ने उस असंभव को संभव कर दिया।

उनके माता-पिता ने बताया कि दिव्यांशु शांडिल्य ने दुर्घटना में सब कुछ खोने के बाद भी कभी हार नहीं मानी और 2019 में दुर्घटना के बाद पूरी विपरीत परिस्थिति जहां किसी मनुष्य के लिए सोच पाना मुश्किल होगा, इन्होंने फिर से तैयारी आरंभ की और आज सफल हो हम सभी का मान बढ़ाया। हम सब परिवारजनों को अपने दिव्यांशु पर गर्व है। दिव्यांशु शांडिल्य ने अपनी सफलता का संपूर्ण श्रेय अपने माता-पिता, बहनें-बहनोइयों, परिवार और समाज को दिया। बातचीत के दौरान शांडिल्य ने बताया कि दुर्घटना के कारण उत्पन्न चुनौतियों से वो आज भी संघर्ष कर ही रहे हैं, जैसे उनकी गर्दन आज भी पूरी तरह घूम नहीं पाती है। आज भी चलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शांडिल्य ने शानदार लहजों में कहा कि इन चुनौतियों में इतना दम कहां कि जो मेरे हौसले को तोड़ दे और उनका यह कथन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

EXPERIENCE The Joy of Riding
28,000/- Only
Low Cost Maintenance
License Free
Battery Cost Extra
One year warranty
J.K. SALES (Furniture Solutions)
Pillar No.83, In between O.T.C. Ground & Piska More, Ratu Road, Beside M-Bazaar, Lakdi Tall, Ranchi.
M.-9386070011, 9386070051

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | Nursery | KG - I | KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

HEALMAX HOSPITAL
Healing To The Maximum
Visit Now
3rd Floor, Chhat Talab Road, Govindpur, Dhanbad - 828109
(Opposite Police Station, National Highway 2)

!! श्री गणेशाय नमः !!
झारखंड में अब तक का सबसे बड़ा मेला
80 से ज्यादा स्टॉल खाने और एवं खेलने का सारा प्रबंध
डिजनी लैण्ड मेला
Venue : Shahid Maidan, Dhurva, Ranchi
04:00 PM To 10:00 PM
Book Now .: 7004494715
Organiser : Krishna Kumar Shaw

SHANTI ENTERPRISES
Authorised Distributors
Deals in : All Type of home Appliances available here
Havells | Crompton | Luxaire | Khaitan | Orient electric | Fan Studio | Crabtree
70456 59822, 0651 3500469
308, 3rd Floor, Estate Plaza, Behind Mangal, Tower, Kantatoli, Ranchi

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
AGE GROUP 01.8 TO 06 YEARS
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दें सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
Contact No. 7903079507, 8092334348

AJ V अलंकार ज्वेलर्स
सोना चाँदी का थोक भाव में रिटेल विक्रेता
CERTIFIED GEMS
BIS 916
पुराना सोना खरीद बिक्री की जाती है
तिरिल रोड, कोकर
7488705225
7992284114

HOTEL RAMA
AC & NON- AC ROOMS
BOOK NOW 7667855282 9693591164
Add.- H.B. Road, Dipatoli, Near Jharkhand Cancer Center, Kokar, Ranchi

PSM AUTOMOTIVE HUB
"MULTIBRAND CAR SERVICE CENTRE"
GENERAL SERVICE
CAR WASH (FOAM WASH)
INTERIOR CLEANING
WHEEL ALIGNMENT/BALANCING
TEFLON COATING
AC GAS REFILLING
INSURANCE RENEWAL
ENGINE WORK
GENUINE PARTS AVAILABLE
SUMMER OFFER
On 1st Visit Labour 30% Discount | On 2nd Visit Labour 50% Discount
1st Visit Offer Valid Till 30th April, 2025 | 2nd Visit Offer Valid Till 30th June, 2025
H.B. Road, Kokar, Opp.- Jharkhand Cancer Hospital, Ranchi - 834001
72610 24907
73013 75193

ETERNAL CAREER CLASSES
Run By Doctors from Rims
Admission open for NEET (MEDICAL)
Free Classes for NEET Coaching XI XII & XII Pass out
Only One Batch FREE for Each Class
Be A Doctor + By the Doctors
BOOK YOUR SEAT
Branch I - 5th Floor Le-Desire Complex Circular Road, Lalpur, Ranchi
Mob. 6200935394, 6200131542

RAVINDRA NATH ACADEMY
LIMITED SEATS
ADMISSION OPEN
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
BABY PRE-NURSERY TO CLASS X
MOB. 9905504970, 7992281709
BASUKI NAGAR, Haidar Ali, Road No.-10, Kokar, Ranchi

Shreshtha Soni 7481000333
RATNA SAGAR
Wholesale & Retail :
रत्न उपरत्न, रूद्राक्ष, वास्तु सामग्री, हस्तरेखा एवं कुण्डली द्वारा तरक्की के सटीक उपाय
CERTIFIED GEMS, ORIGINAL RUDRAKSH, FENGSUI ITEMS

BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
Plot No. 766, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN KOKAR, RANCHI-834 001 (JHARKHAND)
Mob. 93869-09008 / 0651-3554978
Email : balajee udyog@rediffmail.com

Now Showing SUJATA PICTURE PALACE
JAAT
at Screen-1 (Sujata) Schedule For 18th April, 2025 onwards
Jaat : 11.15, 2.00, 4.45, 7.30
at Screen-2 (Miniplex)
Jaat : 12.15, 6.00
Sikandar : 3.15
*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.

BOB Furniture
Sofa Bed, Almirah, Dressing & Center Table
Dahej Set @ 55000/-
Contact : 9279630961
G-5, Estate Plaza Behind, Mangal Tower Kantatoli, Ranchi (Jharkhand) Ph. 9931556455

M.R. INDUSTRIAL ENTERPRISES
Furniture, Material Handling, Matters
Manufacture Of :-
CRCA Products | MDF Products
Particle Board Products | Epoxy Coating Product
Bunawat Products / Swing | Stainless Steel Products
-: Contact Us :-
+91 9304129368, 79797864572, 7004518458, 9931556455
www.mrichair.com mrikokar@gmail.com
Head Office : Industrial Area, Kokar
Branch Office : Hotel Gali, Vikrant Chowk,

प्रकाशित
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

LAKSHMI VASTRALAY
अच्छे से अच्छा फिर भी सस्ता फैन्सी
हमारे यहाँ फैंसी साड़ी, लहंगा, सूट सभी तरह के वस्त्र उचित दामों मे मिलते है।
7033265646
Coal Board Colony, Near Dy.SP Bunglow Police Line Hirapur, Dhanbad

Guddu Soni
GUDDU ELECTRICALS
Repairing & Rewinding of all Types of Motors, Pumps, Fans & Geyser
7992372475, 9386422109, 8102406846
Industrial Area, Near Udyog, kokar, H.B. Road, Ranchi-1

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**